राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 200
लखनऊ, मंगलवार 24 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने जनता की सुनी समस्यायें 10

विश्व क्षय रोग दिवस पर जेपी नड्डा करेंगे टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ 03

## षष्ठं कात्यायनी



**चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्यादेवी दानवघातिनी॥**

मां दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। महर्षि कात्यायन ने पुत्री प्राप्ति की इच्छा से मां भगवती की कठिन तपस्या की। तब देवी ने उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। जिससे इनका यह नाम पड़ा। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने कालिंदी यमुना के तट पर इनकी पूजा की थी। अच्छे पति की कामना से कुंवारी लड़कियां इनका व्रत रखती हैं।

# ईरान युद्ध पर पीएम ने कहा, हालात चिंताजनक

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय एकजुटता का किया आह्वान

एजेंसी, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष को चिंताजनक बताते हुए कहा कि यह संकट भारत के लिए आर्थिक, सुरक्षा और मानवीय स्तर पर गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहा है। उन्होंने संसद और देश से इस मुद्दे पर एकजुट होकर प्रतिक्रिया देने का आह्वान किया, ताकि वैश्विक मंच पर भारत की स्पष्ट और मजबूत आवाज पहुंच सके।

प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया सैन्य संघर्ष और इसकी वजह से भारत के समक्ष चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी यह संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय नहीं रह गया है, बल्कि इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और आम लोगों के जीवन पर पड़ रहा है। सरकार इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और विदेश मंत्री तथा पेट्रोलियम मंत्री द्वारा संसद को समय-समय पर जानकारी दी जा चुकी है।

मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां से देश की बड़ी मात्रा में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति होती है, वहीं यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार मार्गों के लिहाज से भी अहम है। खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते और काम करते हैं, जबकि समुद्री जहाजों में भी बड़ी संख्या में भारतीय क्रू सदस्य कार्यरत हैं। ऐसे में इस संकट का भारत पर प्रभाव स्वाभाविक रूप से अधिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक 3.75 लाख से अधिक भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। ईरान से करीब 1000 भारतीयों को निकाला गया है, जिनमें 700 से अधिक मेडिकल छात्र शामिल हैं। विदेशों में स्थित भारतीय मिशन 24 घंटे काम कर रहे हैं और प्रभावित नागरिकों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं।

### भारत ने ऊर्जा आयात के स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक विविधीकृत किया

ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते खतरे के बावजूद सरकार पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि भारत ने ऊर्जा आयात के स्रोतों को 27 देशों से बढ़ाकर 41 देशों तक विविधीकृत किया है। साथ ही देश के पास 53 लाख मीट्रिक टन से अधिक का रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार उपलब्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने एलपीजी की घरेलू जरूरतों को प्राथमिकता दी है और उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा इथेनॉल ब्लेंडिंग, रेलवे विद्युतीकरण और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे कदमों से तेल पर निर्भरता कम करने में मदद मिली है। भारत अब पेट्रोल में लगभग 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य के करीब पहुंच चुका है। कृषि क्षेत्र पर संभावित प्रभाव का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार मौजूद है और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार ने उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाया है और आयात के स्रोतों को भी विविध बनाया है। साथ ही नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है

ऊर्जा और बिजली की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के पावर प्लांट्स में पर्याप्त कोयला भंडार है और सरकार हर स्तर पर निगरानी कर रही है। भारत ने लगातार दूसरे वर्ष 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 250 गीगावॉट से अधिक हो चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा का बड़ा योगदान है। कूटनीतिक प्रयासों पर जोर देते हुए मोदी ने कहा कि भारत शुरू से ही शांति और संवाद का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक रह सकता है, इसलिए देश को धैर्य, संयम और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा। भारत ने पहले भी कठिन परिस्थितियों का सामना एकजुट होकर किया है और इस बार भी देश इसी भावना के साथ हर चुनौती का मुकाबला करेगा। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी कि ऐसे संकट के समय कुछ तत्व गलत सूचनाएं फैलाने और जमाखोरी जैसे कार्यों में संलिप्त हो सकते हैं। उन्होंने राज्यों से अपील की कि ऐसे मामलों पर सख्त निगरानी रखी जाए और तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि देश की हर सरकार और देश का हर नागरिक जब मिलकर चलेंगे, तो हम हर चुनौती को चुनौती दे सकते हैं।

# ट्रंप ने कहा- ईरान से बातचीत के बाद पांच दिन के लिए टाले हमले

### ईरान ने ट्रंप के दावों को किया खारिज

एजेंसी, वाशिंगटन/तेहरान।



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के नेतृत्व से बातचीत के बाद उन्होंने देश की ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया, जबकि ईरान ने कहा कि ट्रंप ने डर से यह फैसला लिया है।

श्री ट्रंप ने शनिवार शाम कहा था कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोलता तो वह देश की ऊर्जा अवसंरचनाओं को निशाना बनाएंगे। इसके जवाब में ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जुलफकरी ने कहा था कि अगर ईरान की ऊर्जा अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचता है तो वह खाड़ी देशों की ऊर्जा एवं जल अवसंरचनाओं पर हमला करेंगे।

श्री ट्रंप ने सोमवार को कहा कि पिछले दो दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच सार्थक और रचनात्मक बातचीत हुई है, जिसके मद्देनजर उन्होंने रक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि ईरानी ऊर्जा ढांचे पर सभी सैन्य कार्रवाई पांच दिन के लिए रोक दी जाए। उन्होंने कहा कि यह फैसला चल रही वार्ताओं की प्रगति पर निर्भर करेगा। इसके बरक्स, ईरान के विदेश मंत्रालय ने श्री ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए कहा कि उनका यह बयान ऊर्जा की कीमतें कम करने और अमेरिका की सैन्य योजनाओं को लागू करने के लिए समय हासिल करने की एक कोशिश थी। मंत्रालय ने कहा कि ईरान, अमेरिका के साथ न तो सीधे तौर पर और न ही किसी मध्यस्थ के ज़रिए कोई बातचीत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले में मीरापुर थानाक्षेत्र के संभलहेड़ा गांव में सोशल मीडिया पर राष्ट्रविरोधी सामग्री पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार युवक की पहचान शानू मलिक के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) आदित्य बंसल ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने शानू मलिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाला कार्य) और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 1967 की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया।

### राइफल की सफाई के दौरान गोली चलने से कांस्टेबल की मौत

**सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एक पुलिस कांस्टेबल की तब मौत हो गई जब कथित तौर पर सर्विस राइफल की सफाई करने के दौरान गोली चल गई। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। मृतक की पहचान गुमला जिले के रायडीह निवासी अजय किशोर खाखा (42) के रूप में हुई है जो पलिसाई स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर में तैनात थे। अधिकारी ने कहा, रविवार शाम वह (अजय) अपनी राइफल साफ कर रहे थे कि तभी अचानक गोली चल गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधीक्षक अमित रेनू ने कहा, यह अचानक गोली चलने या किसी अन्य कारण से हो सकता है, हम मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं।

### बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के हुए हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि केरलम के एक निजी ट्रैवल्स कंपनी की बस केरलम से बेंगलुरु की ओर आ रही थी। इसी दौरान रामनगर जिले के चन्नापटना तालुक के पुट्टप्पनदोड्डी के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार यात्रियों की मौत हो गई।

### कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में योगी का बड़ा फैसला

# सरकार ने गेहूं पर 160 रु. प्रति क्विंटल बढ़ाई एमएसपी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों, ऊर्जा और निवेश से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने फैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट बैठक में कुल 37 प्रस्ताव लाए गए, जिनमें से 2 प्रस्ताव स्थगित कर दिए गए। इनमें चीनी उद्योग और लखीमपुर खीरी से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद मार्च से 15 जून तक की जाएगी। राज्य के सभी 75 जिलों में 6500 क्रय केंद्र बनाए जाएंगे और 8 एजेंसियों के माध्यम से खरीद होगी। इन एजेंसियों में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), यूपी मंडी परिषद, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस, नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं।

ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार ने दुमका (झारखंड) में 2242.90 करोड़ रुपये में कोल ब्लॉक खरीदा है। इससे घाटमपुर स्थित 660 मेगावाट की तीन यूनिटों को कोयला मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी कोयला दूर से मंगाना पड़ता है, लेकिन झारखंड से आपूर्ति होने पर बिजली उत्पादन सस्ता होगा और उपभोक्ताओं को करीब 80 पैसे प्रति यूनिट तक सस्ती बिजली मिल सकेगी। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नई नीति को मंजूरी दी है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है, जबकि सभी नगर निगमों को भी सोलर सिटी बनाने की योजना है।

इसके अलावा गोरखपुर के चिलुआ ताल में सोलर प्लांट लगाया जाएगा, जिसे कोल इंडिया लिमिटेड स्थापित करेगी।

### नक्शा पास तो माना जाएगा लैंड यूज परिवर्तन

कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन हेतु अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग लैंड यूज परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा।

### सेफ रि-यूज ट्रीटेड वाटर पॉलिसी को दी मंजूरी

कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए शोधित जल ट्रीटेड वॉटर के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए नई नीति लागू करने की तैयारी कर ली है। इस नीति का उद्देश्य घरों और उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट जल को शोधित कर दोबारा उपयोग में लाना है, जिससे पेयजल संसाधनों पर दबाव कम हो सके। प्रदेश में सिंचाई, घरेलू, औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्रों में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सरकार ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए शोधित जल के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। नीति के तहत शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाले अपशिष्ट जल को ट्रीट कर पहले चरण में नगर निकाय उपयोग, निर्माण कार्य, बागवानी और सिंचाई में इस्तेमाल किया जाएगा। दूसरे चरण में उद्योग, कृषि और रेलवे जैसे क्षेत्रों में इसका विस्तार होगा। वहीं तीसरे चरण में ड्यूल पाइप सिस्टम के जरिए घरों तक गैर-पीने योग्य उपयोग के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### नवयुग पालिका योजना को कैबिनेट की मंजूरी

प्रदेश में स्मार्ट सिटी मिशन के विस्तार और संतुलित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नवयुग पालिका योजना को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत 58 जिला मुख्यालयों के नगरीय निकायों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। राज्य सरकार ने पहली बार नगर निगमों से बाहर के नगरीय निकायों, विशेषकर जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को प्राथमिकता देते हुए विकास की नई रूपरेखा तैयार की है। योजना अंतर्गत 55 नगर पालिका परिषदों, 3 नगर पंचायतों तथा गौतमबुद्धनगर की दादरी नगर पालिका परिषद को शामिल किया गया है। योजना के तहत प्रत्येक वर्ष 583.20 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जाएगी, इस तरह 5 वर्षों 2025-26 से 2029-30 में 2916 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। नवयुग पालिका योजना के माध्यम से स्मार्ट सिटी की तर्ज पर डिजिटल गवर्नेन्स, ई-सेवाओं और तकनीकी समाधान को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य नगरीय निकायों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना तथा नागरिकों के जीवन स्तर ईज ऑफलिविंग में सुधार लाना है।

### वैश्विक कंपनियों के लिए तैयार होंगे आधुनिक बिजनेस पार्क

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश निजी बिजनेस पार्क विकास योजना-2025 को मंजूरी दे दी गई है। इस योजना के तहत प्रदेश में विश्वस्तरीय प्लग-एंड-प्ले बिजनेस पार्क विकसित कर वैश्विक निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को नई गति दी जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रदेश में ऐसे बिजनेस पार्क विकसित किए जाएंगे, जहां वैश्विक निगमों के कार्यालय, अनुसंधान एवं विकास आरएंडडी केंद्र, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जीसीसी तथा संचालन केंद्र स्थापित किए जा सकेंगे। इन पार्कों में रेडी-टू-ऑपरेट और प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में तेजी से विस्तार होगा।

### ग्रेटर नोएडा में बनेगा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स पार्क नीति-2024 के तहत ग्रेटर नोएडा में 174.12 एकड़ भूमि पर मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए नियम, शर्तें और ब्रोशर को मंजूरी दे दी गई है। राज्य सरकार की नीति के तहत न्यूनतम 1000 करोड़ रुपये के निवेश वाली मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पार्क परियोजनाओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। ऐसी परियोजनाओं को 30 फीसदी फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जो केवल सरकारी या औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा लीज पर आवंटित भूमि पर ही अनुमन्य होगी।

# प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत ढही, मलबे में दबकर चार मजदूरों की मौत व 15 घायल

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की धमाके के साथ छत ढहने से चार मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में 15 लोग घायल हुए हैं। यह कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

घटना के संबंध में जिलाधिकारी वर्मा ने बताया कि लखनऊ रोड पर चांदपुर गांव के सामने आदर्श कोल्ड स्टोर है। सोमवार दोपहर कोल्ड स्टोरेज में मजदूर आलू रखे रहे थे। इसी बीच स्टोरेज का एक हिस्सा भराभराकर गिर गया, जिसकी वजह से अमोनिया गैस का पाइप फट गया। छत के मलबे में कई मजदूर मलबे में दब गये। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने राहत बचाव कार्य कर मलबे से दबे सभी को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है, इनकी पहचान बिहार के रहने वाले ज्योतिष (32), प्रयागराज के फाफामऊ स्थित मलाका के चंदापुर गांव निवासी जगदीश, बिहार के मसिंदर और सनोज के रूप में हुई हैं। इसके अलावा अमरजीत, बच्चा कार्तिक समेत 15 घायल हुए हैं। बताया गया कि हादसे के वक्त वहां 120 लोग मौजूद थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख, मृतकों के आश्रितों को 2 लाख की सहायता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों के लिए दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### सीएम ने मजदूरों की मौत पर जताया शोक, मृतकों के परिवार को मुआवजे का ऐलान

सीएम योगी ने प्रयागराज जिले में स्थित कोल्ड स्टोरेज की छत ढहने की घटना में मरने वालों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के निर्देश प्रशासनिक अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवार को दो- दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे का ऐलान किया है।

### होर्मुज पार कर फारस की खाड़ी से आगे बढ़ें पाइन गैस व जग वसंत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर फारस की खाड़ी से आगे बढ़ना शुरू कर चुके हैं और युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ेंगे। जहाज निगरानी से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत सोमवार दोपहर को ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र के पास थे। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। ये दोनों जहाज उन 22 भारतीय झंडे वाले जहाज में शामिल हैं जो पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद फारस की खाड़ी में फंस गए थे। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चला है कि ये दोनों जहाज सोमवार को किसी समय जलडमरूमध्य को पार कर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ सकते हैं।

# चांदी में भारी गिरावट, वैश्विक कमजोरी और बिकवाली ने मचाया हाहाकार

एजेंसी, नई दिल्ली।



वायदा कारोबार में चांदी की कीमत सोमवार को 20,409 रुपये की भारी गिरावट के साथ 2.06 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। कमजोर वैश्विक रुझानों और लगातार बिकवाली के कारण कीमतों में यह गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज (एमसीएक्स) में चांदी के मई महीने में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 20,409 रुपये यानी नौ प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,06,363 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। विश्लेषकों का कहना है कि व्यापक आर्थिक कारकों के भारी दबाव से चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के जिंस अनुसंधान के प्रमुख हरीश वी. ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बावजूद, आर्थिक दबावों से सोमवार को चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी के मई में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 9.34 प्रतिशत टूटकर 63.15 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

## बयान

### 1.9 लाख उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में हुए शिफ्ट

# एलपीजी की सप्लाई अभी चिंता का विषय, लेकिन स्थिति सामान्य

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (मार्केटिंग) सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा कि अब देश में एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य हो गई है। पिछले तीन हफ्तों में लगभग 3.5 लाख घरेलू और कमर्शियल पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं या चालू किए गए हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी की सप्लाई अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप पर कोई कमी नहीं है। एलपीजी की घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है और डिलीवरी सामान्य है।

सुजाता शर्मा ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक 1.9 लाख उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा मांग का 50-60 फीसदी हिस्सा घरेलू एलपीजी का है। उन्होंने कहा कि सरकार जहां भी उपलब्ध हो वहां से एलपीजी कार्गो ले रही है। पश्चिम एशिया संकट के बीच आज विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में ऊर्जा आपूर्ति, बंदरगाह संचालन और लोगों को सुरक्षित निकालने के प्रयासों को लेकर सरकार की तैयारियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसमें उन्होंने स्थिति को काफी हद तक सामान्य बताया, हालांकि कुछ क्षेत्रों को लेकर चिंताएं भी जाहिर कीं। ईंधन की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है, जिससे यह संकेत मिलता है कि फिलहाल भंडार पर किसी तरह का तत्काल दबाव नहीं है। शर्मा ने कहा कि एलपीजी की घबराहट में की जाने वाली बुकिंग कम हो गई है और डिलीवरी सामान्य है। शर्मा ने कहा कि कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया गया है। अब कमर्शियल एलपीजी की लगभग 50 फीसदी मात्रा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकार में होगी। भारत सरकार ने राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि वे इस आवंटन में रेस्टोरेंट, ढाबे, होटल, औद्योगिक कैंटीन, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी यूनिट, राज्य सरकार या स्थानीय निकायों की रियायती कैंटीन या खाने के आउटलेट, सामुदायिक रसोई को शामिल करें। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने कमर्शियल एलपीजी आवंटित की है और लगभग 15 हजार 800 टन कमर्शियल एलपीजी उठाई गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि हमारी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और रिटेल आउटलेट सामान्य रूप से चल रहे हैं। प्राकृतिक गैस के मामले में घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी परिवहन के लिए 100 फीसदी आपूर्ति बनाए रखी जा रही है। भारत सरकार ने सीजीडी संस्थाओं को कमर्शियल कनेक्शनों को प्राथमिकता देने की सलाह दी है। सुजाता शर्मा ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए राज्य सरकारों से लगातार अनुरोध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई पत्र जारी किए गए हैं। 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। साथ ही जिला-स्तरीय निगरानी समितियां भी गठित की गई हैं। पिछले कुछ दिनों में लगभग 37 हजार छापे मारे गए हैं, जबकि 550 से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा 150 से ज्यादा लोगों को गिरफ़्तार किया गया है।



### सोनम वांगचुक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, कोर्ट ने किया केस का निपटारा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत, के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो द्वारा दायर याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक की हिरासत का आदेश रद्द कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि इस मामले में अब कुछ भी नहीं बचा। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि क्या सरकार द्वारा वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है, उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए। केंद्र ने 14 मार्च को बताया कि उसने लेह में हिंसक प्रदर्शनों के बाद वांगचुक की गिरफ्तारी के लगभग छह महीने बाद रासुका के तहत उनकी हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। लेह में हिंसक प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गयी थी।

### उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर अखिलेश यादव की बड़ी घोषणा

# हम जीते तो यूपी की महिलाओं को देंगे 40 हजार रुपये

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को पीडीए में ए का मतलब आधी आबादी बताया और कहा कि इनको समृद्ध करने के लिए स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लाएंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान पीडीए शब्द पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को संबोधित करने के लिए गढ़ा था।

यादव ने एक्स अग्रणी महिलाओं के साथ अपनी पत्नी सांसद डिंपल यादव समेत खुद की तस्वीरें साझा करते हुए कहा, आधी आबादी की पूरी आजादी व उनकी हिफाजत के साथ-साथ उनके हक-अधिकार, सशक्तीकरण व सबलीकरण के लिए हम सब सदैव कटिबद्ध-प्रतिबद्ध रहे हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, जब परिवार-समाज और देश को मजबूत करने वालों को सम्मान मिलता है तो उनका मान और मनोबल दोनों बढ़ता है।

उन्होंने आगे कहा, हम पीडीए में शामिल ए मतलब आधी आबादी अर्थात हर बच्ची, युवती, नारी, महिला को सामाजिक-आर्थिक रूप से समान सम्मान देने और अपने पैरों पर खड़े होने व उन्हें समृद्ध करने के लिए स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना लाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा किसमाजवादी पेंशन को फिर से लाकर हम महिलाओं की ताकत बढ़ाएंगे और साथ ही उप्र की संपूर्ण उन्नति के अपने संकल्प को निभाएंगे।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव, इलाके में सनसनी

**मिहीपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत मिहीपुरवा के वार्ड नंबर 15 में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव पेड़ की डाल से लटका हुआ देखा गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह लोगों ने पेड़ पर युवक का शव लटका देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। काफी देर बाद मृतक की पहचान राम लखन पुत्र हल्लाईत, निवासी वार्ड नंबर 15, नगर पंचायत मिहीपुरवा के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने के बावजूद मामले को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि जहां यह घटना हुई है वह क्षेत्र रेलवे की सीमा में आता है, इसलिए फिलहाल यह मामला रेलवे प्रशासन के अधिकार क्षेत्र में है। उन्होंने कहा कि यदि रेलवे विभाग की ओर से सूचना दी जाती है, तो पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच और आगे की कार्रवाई रेलवे विभाग द्वारा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

**परिजनों में मचा कोहराम**

युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## बहराइच-गोंडा मार्ग पर सड़क हादसा, महिला की मौत

### स्कूटी को कार ने मारी टक्कर, तीन घायल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-गोंडा राजमार्ग पर सोमवार को हुए एक सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुर्घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनका उपचार जारी है। यह घटना पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनकटा के पास हुई। पुलिस के अनुसार, स्कूटी संख्या यूपी40 बीजे 2591 पर सवार लेखनी (20) पुत्री संतोष और अर्चना (18) पुत्री जितेंद्र, निवासी पचदेवरा, सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान गोंडा की ओर से आ रही एक कार संख्या यूपी32 एनएम 8879 ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार दोनों युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। कार चालक हर्षित और कार में सवार सौम्या श्रीवास्तव (30) पत्नी हर्षित, निवासी दूबहा बाजार गोंडा, को भी चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी घायलों को निजी वाहन से जिला अस्पताल बहराइच पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान स्कूटी सवार लेखनी की मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे किनारे सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश नाकाम, प्रशासन का बड़ा एक्शन

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



गोंडा-बहराइच हाईवे पर विशेश्वरगंज क्षेत्र में स्थित बहुमूल्य सरकारी परती भूमि पर अवैध कब्जा और खरीद-फरोख्त की कोशिश को प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया। दीनानाथ दूबे के मकान के बगल स्थित इस जमीन पर कुछ लोगों द्वारा नियमों को दरकिनार कर अवैध तरीके से सौदेबाजी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। नायब तहसीलदार सौरभ सिंह के नेतृत्व में हल्का लेखपाल कंछर , लेखपाल विनय मिश्रा, लेखपाल पवन सिंह व कानूनगो तथा थाना प्रभारी संदीप द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। टीम ने भूमि की पैमाइश कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि राजस्व अभिलेखों में परती दर्ज इस सरकारी भूमि को कुछ लोग फर्जी तरीके से खरीद-फरोख्त कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। प्रशासन ने मौके पर ही संबंधित लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या लेन-देन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार सौरभ सिंह ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित कर स्थलीय जांच कराई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि के फर्जी क्रय-विक्रय में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ वाद दायर कर सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध कब्जे व सौदेबाजी में शामिल लोगों में खौफ का माहौल है। वहीं स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई की चर्चा तेज हो गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

▸ निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो : अक्षय त्रिपाठी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम और तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद (आईएएस) व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम श्री त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 15 में 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 17 में 02, कैसरगंज में 15 में 02, पयागपुर में 18 में 04, महसी में 26 में 02, तथा तहसील नानपारा में प्राप्त 11 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल बहराइच आएंगे

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 25 मार्च को बहराइच जिले की मोतीपुर तहसील में कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। सोमवार को देवीपाटन मंडल के आईजी अमित पाठक ने जिले के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम मोतीपुर तहसील के सेमरहना गांव में होगा। यहां मुख्यमंत्री भरतापुर गांव से विस्थापित ग्रामीणों को जमीन आवंटित करेंगे। आईजी अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी अमित पाठक ने सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन का सीएचसी पयागपुर में शुभारंभ

▸ विधायक ने फीता काटकर 14 वां जन्मदिन पूर्ण करने वाली बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने सीएचसी पयागपुर पर फीता काटकर 14 वां जन्मदिन पूर्ण करने वाली बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी द्वारा लोगों को एचपीवी वैक्सीन के सम्बन्ध में जागरुक किया गया एवं बताया गया कि पयागपुर क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये एचपीवी वैक्सीन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र वासियों से अपील है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में प्रातः 09 बजे से 02 बजे तक प्रतिदिन अपने परिवार की 14 वर्ष आयु की बालिकाएं (जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है तथा 15वां जन्मदिन अभी पूरा नहीं हुआ हैं) ऐसी बालिकाओं को प्रतिरक्षित अवश्य करायें।शुभारम्भ के दौरान अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी, डॉ प्रमोद तिवारी ,डॉ पल्लवी सिंह डॉ शरद भारती, बीपीएम अनुपम शुक्ल ,पवन कुमार, हिमांशु मिश्रा अजीत शुक्ल नामित सभासद संचित शुक्ला पवन शर्मा इत्यादि शुभारम्भ स्थल पर उपस्थित रहे।लाभार्थियों को युविन से निर्गत डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया गया।टीकाकरण सत्र पर तैनात एएनएम खुशबू तिवारी एवं स्टाफनर्स आशा देवी द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### चैत्र नवरात्रि पर डीएम ने पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर व मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास ने माँ पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर तथा संपूर्ण मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने हरैया चौराहे से मंदिर परिसर तक पैदल भ्रमण करते हुए मार्ग में की गई व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय, यातायात एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने विशेष रूप से साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ रखने, मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र में नियमित सफाई, कूड़ा उठान, पेयजल की समुचित उपलब्धता तथा शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु पहुंच रहे हैं, ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने मार्गों पर भीड़ प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र एवं मंदिर परिसर में पुलिस बल द्वारा भीड़ प्रबंधन प्रभावी ढंग से किया जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0 10/26 से संबंधित धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस व 12 (1) (बी) पासपोर्ट अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त मोहम्मद नजीर उर्फ वजीर अहमद पुत्र फय्याज अहमद निवासी ग्राम नेवादा थाना सादुल्लानगर को गिरफ्तार किया गया।

## सरयू नदी की सफाई, सौंदर्यीकरण का संकल्प

### पुनरोद्धार समिति ने झिंगहाघाट का नाम बदलने की मांग की



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सरयू नदी पुनरोद्धार समिति ने नदी की सफाई, घाटों के सौंदर्यीकरण और झिंगहाघाट का नाम बदलकर सरयू घाट करने का संकल्प लिया। इस संबंध में एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया।समिति के संयोजक धनंजय सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्य अतिथि स्वामी विष्णु देवाचार्य महाराज के नेतृत्व में उपस्थित लोगों ने सरयू की आरती उतारी और नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने बताया कि सरयू नदी के तट पर विभिन्न पर्वों और त्योहारों पर मेले लगते हैं, जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं। पिछले कई वर्षों से नदी की साफ-सफाई और निर्बाध जल बहाव के लिए कोई कार्य नहीं हुआ है। इसके कारण नदी में जगह-जगह सिल्ट जमा हो गई है, जिससे जल प्रवाह बाधित हो रहा है।नगर के नालों का दूषित पानी बिना सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे सरयू नदी पूरी तरह प्रदूषित हो गई है। नदी का अधिकांश हिस्सा सिल्ट और जलकुंभी से भर गया है, जिसके परिणामस्वरूप इसका बहाव रुक गया है और नदी नाले में बदल गई है। नदी में बहाव न होने के कारण आसपास की कृषि योग्य भूमि वर्षाकाल में जलमग्न रहती है, जिससे किसानों की फसलें गंभीर रूप से प्रभावित होती हैं। इस अवसर पर अरविंद सिंह सेंगर, अजय, धर्मेंद्र सिंह, अतुल गौड़, विपिन, अनिल वर्मा, रंजीता बाल्मीकि, आयुष जायसवाल, पिंटू मौर्या, सुनील केवट, कमलेश यादव, अवधेश वर्मा, सौरभ जैन, सुनीता, रमेश पाठक, उत्तम सिंह, मनोज मिर्ची, संजय जायसवाल, विवेक सिंह, विनोद सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, शशांक श्रीवास्तव, धनंजय शर्मा, निशा शर्मा, के.के. मिश्रा और शांति पांडे एडवोकेट सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## चहलारी घाट पुल जर्जर,दिखने लगी स्लैब की सरिया

▸ घाघरा घाट पुल बंद होने की वजह से सीतापुर मार्ग पर बढ़ रहा वाहनों का दबाव, चालकों को आ रही दिक्कत



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर स्थित घाघरा घाट पुल की स्थिति चिंताजनक है, जिसके कारण जल्द ही आवागमन पूरी तरह बंद होने की आशंका है। इस स्थिति में यात्रियों के लिए सीतापुर होकर जाना एकमात्र विकल्प होगा। हालांकि, सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी घाट पुल की जर्जर हालत भी चिंता का विषय बन गई है। बहराइच और सीतापुर को जोड़ने वाला चहलारी घाट पुल वर्तमान में बेहद खराब स्थिति में है। पुल की स्लैब से सरिया बाहर निकल रही है, जिससे वाहन चालकों में भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े खतरे की घंटी से कम नहीं है। ख़सहा मोहम्मदपुर निवासी आशीष यादव और पवन यादव, जो चहलारी घाट पुल से अपनी ससुराल जा रहे थे, ने बताया कि पुल बनने के कुछ समय बाद से ही स्लैब की सरिया बाहर निकलने लगी थी। दो बार मरम्मत के बावजूद टूटे स्लैब का दायरा बढ़ता जा रहा है। पुल से निकली इन सरियों से वाहनों के पंचर होने की आशंका बनी रहती है। इस कारण वाहन चालक दाएं-बाएं होकर गाड़ियां निकालने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। प्रशासन को इस गंभीर मामले पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे कागजी कार्रवाई से ऊपर उठकर धरातल पर ठोस मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करें। समय रहते उचित कदम न उठाए गए तो आम जनता की मुश्किलें और जोखिम दोनों बढ़ जाएंगे।

## पाटेश्वरी शक्ति संवाद में आयुक्त ने महिलाओं की सुनी समस्यायें, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

▸ रास्ता, पेंशन, हत्या व भूमि विवाद के मामले उठे, अधिकारियों को कार्रवाई के आदेश



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर सोमवार को आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में 'मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आई सात महिलाओं ने अपनी समस्याएं सीधे आयुक्त के समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी प्रार्थनाओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से मौके पर ही वार्ता की और समस्याओं के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पिपरहवा, तरबगंज निवासी लक्ष्मी पत्नी रामबहादुर ने अपने आवागमन के रास्ते को अवरुद्ध किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके घर के सामने से पूर्वजों के समय से उपयोग में आ रहा आबादी मार्ग गांव के कुछ लोगों द्वारा जोतकर अपने खेत में मिला लिया गया है, जिससे उनका एकमात्र रास्ता बंद हो गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में शिकायत करने पर लेखपाल मौके पर पहुंचे थे, लेकिन विपक्षी पक्ष द्वारा पैमाइश नहीं होने दी गई। साथ ही, विपक्षीगण द्वारा जानमाल की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने प्रशासन से रास्ता खुलवाने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। वहीं, रूपईडीह विकासखंड के ग्राम भुड़कुड़ा निवासी रामपियारी ने पारिवारिक आश्रित अनुकंपा पेंशन न मिलने की समस्या उठाई। उनके पति राधेश्याम प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर में प्रधानाध्यापक थे, जिनका 25 अक्टूबर 2023 को निधन हो गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक अभिलेख जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं वित्त विभाग में जमा करने के बावजूद दो वर्षों से पेंशन स्वीकृत नहीं हुई है। आर्थिक तंगी और खराब स्वास्थ्य के कारण उन्होंने शीघ्र पेंशन दिलाए जाने की मांग की। इसी क्रम में थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम बरूहा जयरामजोत निवासी निरमा सिंह ने अपने पुत्र ऋषभ सिंह की संदिग्ध मृत्यु के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 2026 को उनका पुत्र गांव के कुछ लोगों के साथ गया था और 5 मार्च को उसका शव हुजूरपुर क्षेत्र में एक कुएं से बरामद हुआ। शव पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है और कुछ आरोपियों को बचाने का प्रयास हो रहा है।

## शास्त्री महाविद्यालय के विज्ञान संकाय में शहीद दिवस पर पदयात्रा, श्रमदान व संगोष्ठी हुआ आयोजित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** 23 मार्च 1931 में भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजी सत्ता ने फांसी के फंदे पर लटका दिया तीनों अमर शहीद हंसते-हंसते देश पर अपनी जान न्योछावर करके देश के लिए शहीद हो गए द्य इनका अमर बलिदान भारत की स्वतंत्रता में मील का पत्थर बना ,पूरा देश अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध खड़ा हो गया ,वंदे मातरम के नारों से भारत गूंजने लगा और भारत आजाद हुआ द्य आज युवाओं , नौनिहालों सभी भारतवासियों का यह नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने देश के प्रति समर्पित रहें द्य अपने राष्ट्रीय कर्तव्य का हमें बोध हो ,हमें अपने राष्ट्रीय दायित्व को निभाते हुए भारत के विकास में सकारात्मक सहयोग करें तभी भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा होगा उक्त बातें प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह ने आई क्यू ए सी, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा एवं मेरा युवा भारत (युवा एवं खेल मंत्रालय ) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शहीद दिवस के अवसर पर संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा वही जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा ने कहा हमें अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम का भाव सम्मान का भाव रखना चाहिए और संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन में सदैव राष्ट्र के प्रति सकारात्मक कार्य करेंगे एवं राष्ट्र धर्म निभाएंगे। मंच संचालन मेरा युवा भारत के रजनीकांत जी ने किया वही वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ रेखा शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया द्य धन्यवाद ज्ञापन मेरा भारत के कार्यक्रम संयोजक विनय श्रीवास्तव ने किया। उक्त अवसर पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें लकी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं प्रियांशी सिंह एवं शिवानी शुक्ला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ,अमन तिवारी तृतीय स्थान पर रहे जबकि सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने में गरिमा मिश्रा, लकी भारती ,भूमि तिवारी एवं अनुराग शुक्ला सफल रहे द्य इस अवसर पर संगोष्ठी के बाद 300 छात्राओं साथ शास्त्री महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पदयात्रा निकाली गई और अमीर और अमर शहीदों को याद किया गया सुखदेव ,भगत सिंह और राजगुरु के नाम से वातावरण गुंजित हो उठा वही सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों कर्मचारियों ने शहीद दिवस के अवसर पर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का भी संदेश दिया उक्त कार्यक्रम में डॉ संजय कुमार ,डॉ प्रियंका ,डॉ ट्विंकल यादव, अमित द्विवेदी, डॉ करुणेश त्रिपाठी का सहयोग सराहनीय रहा।

# पुलिस मुठभेड़ में पांच शातिर चोर गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर पुलिस और एस ओ जी पुलिस ने मुठ भेड़ के दौरान पांच शातिर पशु चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पशु चोर समीर उर्फ लल्लन पुत्र रज्जब अली निवासी फैजाबाद रोड इमाम बाड़ा के पैर में गोली मार कर पकड़ लिया। बाकी उसी मोहल्ले के निवासी तुशाल उर्फ तुफैल पुत्र सुभानी भूपेंद्र यादव उर्फ भूपत पुत्र राम फेरन निवासी छपरा तल्ला मौजा इंदूर थाना फखर पुर बहराइच मैनुद्दीन निवासी छप्पर तल्ला फखर पुर बहराइच नायब पुत्र मोहम्मद हफीजुला निवासी इमाम बाड़ा नगर कोतवाली को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिए है। इन के पास से एक चोरी की भैंस एक पिकअप एक तमंचा 315 बोर के साथ ही 17 हजार रुपए भी बरामद किया है। जिले के अलाव दूसरे जिलों में इस गैग पशु चुराने का आतंक था। जिस से लोग परेशान हो गए थे। पशु चोरी की घटनाएं प्रकाश में आ रही थीं। उक्त घटनाओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में घटनाओं के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चार पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों द्वारा सक्रिय रूप से क्षेत्र में सघन चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी तथा खुफिया सूचना संकलन की कार्यवाही की गई। एस0ओ0जी0 व थाना कोतवाली नगर प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी अपने टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पशु चोर केशवपुर पहाड़वा रेलवे क्रासिंग की तरफ आ रहे है।

# गोंडा के 39 स्कूलों में जागरूकता अभियान जारी

▸ स्वच्छता और सही पोषण पर दिया गया विशेष जोर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बाल रक्षा भारत एवं केंव्यू द्वारा संचालित 'सखी इनिशिएटिव टू सिक्योर हर फ्यूचर' परियोजना के तहत गोंडा में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इस दौरान सखी किट और सखी छात्रवृत्ति का लांच हुआ । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राम चन्द्र ने कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं, बल्कि एक स्वस्थ शरीर का प्राकृतिक संकेत है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर समाज की 'चुप्पी' और सही पोषण की कमी के कारण किशोरियों में एनीमिया और थकान जैसी समस्याएं पनपती हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे स्कूलों में एक ऐसा सुरक्षित माहौल बनाएं जहाँ किशोरियां माहवारी पर खुलकर बात कर सकें। इससे न सिर्फ उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि भ्रांतियां और झिझक भी दूर होंगी। 39 स्कूलों में चल रहा अभियानः- यह जागरूकता अभियान जिले के 5 ब्लॉकों और शहरी क्षेत्रों के 39 स्कूलों में चलाया जा रहा है। कार्यशाला में बाल रक्षा भारत के मैनेजर डॉ. संतोष कुमार कौशल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ला, ज्योति सिंह, आशीष गुप्ता और सखी सहायक सदस्यों समेत कई प्रधानाध्यापक, शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

# बेफिक्र होकर देश सेवा करें सैनिक : योगी

▸ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में आए सैनिकों को किया आश्वस्त कहा- आपके परिवार की सुरक्षा व सम्मान सरकार के जिम्मे



**भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है बलिदानियों का त्याग**

सीएम योगी ने बलिदान दिवस पर महान क्रांतिकारी महान बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को नमन किया। सीएम ने इनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रेरक बताया। सीएम योगी ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि क्रांति की ज्योति प्रज्वलित करने वाले अमर बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम की भावना सदियों तक हमें राष्ट्र सर्वोपरि की प्रेरणा देती रहेगी। आज बलिदान दिवस पर वीर हुतात्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि।

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप बेफिक्र होकर देश सेवा कीजिए। आपके परिवार समेत प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सहूलियत, सुरक्षा और सम्मान सरकार के जिम्मे हैं। सरकार इसे लेकर पहले दिन से गंभीर है।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को अपने आवास पर 'जनता दर्शन' में कई जनपदों से आए सैनिकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि निश्चिंत होकर घर जाइए। सरकार हर समस्या का उचित निराकरण कराएगी। 'जनता दर्शन' में विभिन्न जनपदों से पुलिस, जमीनी विवाद, आर्थिक सहायता व स्थानांतरण आदि से जुड़े मामले भी आए। मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सबकी समस्याओं को सुना, प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समय सीमा के अंदर उनके उचित निस्तारण का निर्देश दिया। इनमें से कुछ मामले जमीनी विवादों के भी थे। योगी ने इनके प्रार्थना पत्र लिए और स्थानीय जिला-प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि देश की सीमा व आंतरिक सुरक्षा में तैनात जवानों से संपर्क करें। उनकी समस्याओं का हर हाल में समयसीमा के अंदर उचित निराकरण कराएं और पीड़ित परिवार को संतुष्ट करें।

मुख्यमंत्री योगी ने पीड़ितों के प्रार्थना पत्र लेते हुए कहा कि जमीनी विवाद में सभी पक्षों को सुनकर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इलाज के लिए आर्थिक सहायता के मामले पर मुख्यमंत्री ने मरीज के परिजनों से कहा कि आर्थिक सहायता के लिए आवेदन करते हुए अस्पताल से एस्टिमेट बनवा लीजिए। सरकार हर तबके की मदद के लिए तत्पर है। आप मरीज की देखभाल कीजिए, इलाज की चिंता सरकार पर छोड़ दीजिए, सरकार पूरी मदद करेगी। धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर जेपी नड्डा करेंगे टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मंगलवार को विश्व क्षय रोग दिवस 2026 के अवसर पर गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा से टीबी मुक्त भारत के 100 दिवसीय अभियान का शुभारम्भ करेंगे। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने दी।



सोमवार को राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नि-क्षय वाहन के फ्लैग-ऑफ से होगी, जिसके पश्चात आयुष्मान आरोग्य शिविर का उद्घाटन एवं स्थल का अवलोकन किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि यह आयोजन भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जनभागीदारी, नवाचार और समन्वित प्रयासों के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री एक रिमोट के माध्यम से ÷टीबी मुक्त भारत अभियान- 100 दिवसीय अभियान, टीबी मुक्त भारत ऐप विथ खुशी (ई-नि-क्षय मित्र) तथा टीबी फ्री अर्बन वार्ड इनिशिएटिव का शुभारंभ करेंगे। साथ ही नि-क्षय मित्रों का सम्मान भी किया जाएगा, जिन्होंने टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम में 'नि-क्षय शपथ' दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, केंद्र और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी और जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ सहित अन्य प्रतिनिधि शामिल होंगे।

## खबरें एक नजर में

### बजट लैप्स हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से होगी कटौती : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने सोमवार को कृषि निदेशालय, लखनऊ में वर्चुअल बैठक कर कृषि योजनाओं की विस्तृत वित्तीय और भौतिक समीक्षा की। इस बैठक में मुख्य रूप से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदेश के समस्त मंडलीय संयुक्त निदेशकों और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा बैठक के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंडलीय और जिला स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के निकट होने के बावजूद यदि किसी भी जिले में आवंटित बजट लैप्स होता है, तो इसे कार्य के प्रति घोर लापरवाही माना जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में निर्देशित किया कि यदि बजट लैप्स हुआ तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन से उस धनराशि की भरपाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि वे अवशेष बिलों के प्रेषण और भुगतान की प्रक्रिया को तत्काल पूर्ण कर शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करें। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वर्षा जल संचयन, आर0ए0डी0 योजना और कृषि उद्यमी स्वावलम्बन योजना की प्रगति में सुधार लाते हुए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### भगत सिंह सुखदेव राजगुरु को किया नमन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा नगर आवासीय महासमिति द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू को नमन किया गया, महासमिति के महासचिव सुशील कुमार 'बच्चा' ने शहीदी दिवस पर नमन करते हुए बताया कि भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु प्रमुख भारतीय क्रान्तिकारी स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लाहौर षड़यंत्र मामले में 23 मार्च, 1931 को अंग्रेजों द्वारा फांसी दी गई थी। श्री बच्चा ने यह भी बताया कि शहीद दिवस के अवसर पर इन्दिरानगर के मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के सेक्टर-22 चौराहे पर बनी चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा रखकर फूल चढ़ाए गये और भारत माता की जय के नारे लगाये गये। साथ ही क्रांतिकारियों की याद में कैंडल भी जलाई गयी। श्री बच्चा ने यह भी बताया की नगर निगम जोन-7 में लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम की इंस्पेक्टर संचिता मिश्रा व उनकी टीम द्वारा शहीद भगत सिंह चौक की धुलाई की गयी व चूना डलवाया गया जिसके लिए महासमिति द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा महासमिति द्वारा लगातार सरकार से मांग की जा रही है कि शहीद भगत सिंह चौराहे के चौक पर प्रतिमा लगाई जाये।इस पुण्य कार्य में अध्यक्ष देवीशरण त्रिपाठी, कार्यकारी अध्यक्ष पीके जैन, सुभाष शर्मा, नवीन सिंह, सुनील दास, कैलाश चंद्र जैन, आलोक सक्सेना, माहेश वाल्मीकी, सुनील त्यागी, उमाकांत सिंह, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, आरके उमराव शामिल रहे।

### अभियंताओं का ऐलान, निजीकरण बर्दाश्त नहीं

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन की तरफसे पूरे उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में दलित व पिछला वर्ग की अभियंताओं की समस्याओं को समझने और उसे एकत्रित करके प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित करने के उद्देश्य आज पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम बनारस मेंप्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में पावर ऑफिसर एसोसिएशन की एक मीटिंग बिजली गेस्ट हाउस भिखारीपुर में संपन्न हुई। जिसमें लखनऊ से उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में पांच सदस्य पदाधिकारी का एक प्रतिनिधिमंडल समस्याओं को समझना सुबह ही पहुंच गया। पावर ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष आर पी केन उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर अतिरिक्त महासचिव सहित अन्य पदाधिकारी ने सभी संगठन के सदस्यों से अलग-अलग उनकी समस्याओं से संबंधित जानकारी एकत्रित की पूरे पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में सबसे ज्यादा दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंताओं को तैनात किया गया है जो अपने आप में बहुत ही गंभीर मुद्दा है सभी बिजली कंपनियों से एकत्रित करके पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में ही सबसे ज्यादा दलित अभियंताओं को तैनात किया जाना समझ से परे है।सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने एक मत होकर एक बार फिर निजीकरण के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ते हुए कहा किसी भी हालत में किसी भी बिजली कंपनी का निजीकरण नहीं होना चाहिए इसमें सबसे ज्यादा नुकसान बाबा साहब की संवैधानिक व्यवस्था आरक्षण समाप्त होने के रूप में होता है इसलिए किसी भी सूरत में निजीकरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में बड़ी संख्या में सदस्यों ने कहा कि उनके खिलाफअनुशासात्मक कार्यवाही पावर कॉरपोरेशन वी मुख्यालय बनारस में भी लंबित है जिसका समय समाधान कराया जाना जरूरी है अन्यथा की स्थिति में वह पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे।

### कृषि विभाग में 11 मृतक आश्रितों को कनिष्ठ सहायक के पद पर मिली नियुक्ति

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी ने सोमवार को सेवाकाल में दिवंगत हुए 11 सरकारी सेवकों के आश्रितों को कनिष्ठ सहायक (लिपिक मुख्यालय संवर्ग) के पद पर नियुक्ति प्रदान करने का आदेश जारी किया है। यह नियुक्तियां मृतक आश्रित नियमावली-1974 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय समिति की संस्तुति पर की गई हैं। नवनियुक्त कार्मिकों में पम्मी कुमारी, अयान रिजवान, सृष्टि कुशवाहा, पंकज राठौर, नित्या तिवारी, अनिकेत कुमार, प्रीती कुशवाहा, जीशान अली, ब्रजेन्द्र कुमार, अजीत सिंह और पुलकित श्रीवास्तव शामिल हैं। इन्हें वेतन मैट्रिक्स लेवल-3 (रुपये 21,700-69,100) पर मुख्यालय के विभिन्न अनुभागों में तैनात किया गया है। कृषि निदेशक ने स्पष्ट किया कि सभी चयनित अभ्यर्थी 30 दिन के भीतर आवश्यक स्वास्थ्य व चरित्र प्रमाण पत्रों के साथ अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें।

# अमर क्रांतिकारियों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : केशव

▸ उप मुख्यमंत्री ने अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु व सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सपनों का भारत बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। सरकार द्वारा युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के योगदान को पाठ्यक्रमों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रचारित करने तथा स्मारकों एवं संग्रहालयों के विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसके साथ ही 'आजादी का अमृत महोत्सव' जैसे आयोजनों के माध्यम से देशभर में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को व्यापक रूप से जनमानस तक पहुंचाया गया है।

युवाओं को प्रेरित करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी इन महान क्रांतिकारियों के त्याग और बलिदान से परिचित हो सके। सरकार का उद्देश्य एक ऐसे सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करना है, जिसकी परिकल्पना इन वीर क्रांतिकारियों ने की थी। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने महान क्रांतिकारियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया तथा उनके अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनके त्याग और समर्पण ने देशवासियों में स्वतंत्रता के प्रति नई चेतना और प्रेरणा का संचार किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों का जीवन हमें राष्ट्र सेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। आज का दिन हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए कार्य करने का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है।

# 100 चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली वाली बात करती है सपा : ब्रजेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश में महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाए हैं। इसे उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का हाल वही है 100 चूहे खाकर बिल्ली हज पर चली...समाजवादी पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उनके शासन काल में बहू बेटी की इज्जत आबरू लूटी जा रही थी। प्रदेश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। दरअसल, अखिलेश यादव ने प्रदेश में महिलाओं की स्थित पर चिंता जाहिर करते हुए दावा कि आधी आबादीकी भागीदारी के बिना सच्ची तरक्की मुमकिन नहीं है। यादव ने आज सपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, अगर किसी समाज या देश को समझना है, तो उसकी महिलाओं की



स्थिति देखनी होगी, और अगर वह बात पता चल जाए, तो पूरे समाज की स्थिति का पता चल जाएगा। भारत में, जहां अलग-अलग जाति और धर्म के लोग रहते हैं वहां अंदाजा लगाने पर पता चलता है कि हमारी महिलाओं और बहनों की हालत असल में बहुत खराब है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि भविष्य में समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर महिला सुरक्षा, महिला स्वास्थ्य, महिला सम्मान और महिला खुशहाली से जुड़ी परियोजनाओं को और बेहतर तरीके से लागू किया जाएगा।

# युवाओं ने दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

▸ शहीदी दिवस पर माय भारत लखनऊ ने निकाली भव्य पदयात्रा





**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को शहीदी दिवस के अवसर पर जनपद लखनऊ में माय भारत के तत्वावधान में पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव के अद्वितीय बलिदान को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन करने के साथ हुई, जहां उपस्थित नागरिकों एवं युवाओं ने उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए देश के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त की। इसके उपरांत जनपद के प्रमुख मार्गों पर पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा को मुख्य अतिथि दुर्गेश त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष एकल अभियान युवा विभाग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा एवं विभिन्न जागरूकता संदेशों से युक्त पट्टिकाएं लेकर नागरिक कर्तव्यों, अनुशासन, स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों को समझें और समाज तथा राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों के दिखाए मार्ग पर चलने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि युवाओं में एक नई ऊर्जा और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत की। कार्यक्रम में अजित कुमार निदेशक ए एस डिफेंस अकादमी, अंशिका यादव विवेकानंद पुरुस्कार विजेता, अनन्या पांडेय आस्कअस फाउंडेशन, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।अंत में सभी ने शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# यूपी में 125 ग्रामीण स्टेडियमों का निर्माण पूरा : गिरीशचंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को प्रेसवार्ता में प्रदेश में युवाओं के शारीरिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 125 ग्रामीण स्टेडियमों का निर्माण कराया जा चुका है, साथ ही 08 विकास खंडों में दो-दो स्टेडियम भी बनाए गए हैं, जिससे स्थानीय युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें। वर्तमान में ग्रामीण स्टेडियम निर्माण की 39 परियोजनाओं में कार्य प्रगति पर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 से इन स्टेडियमों के सुचारु संचालन के लिए खेल उपकरणों की खरीद हेतु हर वर्ष स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से खेल प्रशिक्षकों की तैनाती भी की जा रही है। मंत्री ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को सामाजिक और राष्ट्रीय गतिविधियों से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर युवक एवं महिला मंगल दलों का गठन किया गया है। प्रदेश की 57,695 ग्राम पंचायतों में अब तक 53,760 युवक मंगल दल और 52,354 महिला मंगल दल गठित किए जा चुके हैं। इन दलों को खेल गतिविधियों से जोड़कर राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में लाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक



96,000 मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है और शेष को भी जल्द सामग्री प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। युवा कल्याण एवं खेल मंत्री ने बताया कि खेलों में युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायक खेल स्पर्धा और संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल स्पर्धा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के 03 लाख से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही दिल्ली में आयोजित 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में उत्तर प्रदेश के 79 युवाओं के दल ने भाग लिया, जबकि 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य को कहानी लेखन, कविता लेखन और पेंटिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ। युवा उत्सव के 29वें आयोजन में लोकनृत्य टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। मंत्री ने बताया कि माय भारत पोर्टल पर अब तक 19 लाख से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराया जा चुका है, जिसके माध्यम से प्रदेश के युवा स्वच्छता, पौधरोपण, नशामुक्ति और रक्तदान जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग ले रहे हैं।

# कपूरथला में निर्माणाधीन कल्याण मंडप का महापौर ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

महापौर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को जोन-3 स्थित कपूरथला चौराहे के निकट निर्माणाधीन कल्याण मंडप का नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, अधिशासी अभियंता जोन-3 श्री नजमी मुजफ्फर सहित नगर निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने महापौर को परियोजना की वर्तमान स्थिति एवं अब तक हुए



कार्यों की जानकारी दी। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। साथ ही कार्यों की गति को बनाए रखते हुए इसे निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द इस सुविधा का लाभ मिल सके।

महापौर ने कहा कि कल्याण मंडप के निर्माण से क्षेत्रवासियों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। यह परियोजना स्थानीय नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित की जा रही है, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

### मुख्य सचिव ने ली नायल की 26वीं बोर्ड बैठक, तैयारियां पूरी करने के दिए निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 26वीं बोर्ड बैठक लोक भवन में आयोजित की गई। बोर्ड बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा कृष्णा करुणेश को नायल में निदेशक के रूप में अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही, जेवर एयरपोर्ट के आगामी 28 मार्च को प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लोकार्पण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

**तैयारी** | बीमा सखी को हर माह स्टाइपेंड के साथ पॉलिसी कराने पर मिलेगा कमीशन

# यूपी सरकार अगले तीन साल में तैयार करेगी 57 हजार बीमा सखी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ, 23 मार्च (हि.स.)। योगी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में प्रदेश की महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में अनेक बड़े कदम उठाए हैं। उन्हें आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। इसी क्रम में एलआईसी बीमा सखी योजना के जरिये अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं को जोड़ने के लिए बड़ा निर्णय लिया है।

योगी सरकार ने अगले तीन वर्षों में प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों में एलआईसी बीमा सखी को नियुक्त करने का निर्णय लिया है। इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग के साथ स्टाइपेंड और पॉलिसी कराने पर




कमीशन दिया जाएगा। इससे जहां प्रदेश की आधी आबादी आत्मनिर्भर होगी, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिलेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की डायरेक्टर दीपा रंजन ने बताया कि भारतीय जीवन बीमा निगम और दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच त्रिपक्षीय समझौता किया गया। इसके तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षित कर बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया जा रहा है, जो ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा उत्पादों का प्रचार-प्रसार, बिक्री और सेवा प्रदान कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि योगी सरकार ने अगले तीन वर्षों में 57 हजार ग्राम पंचायतों में एक-एक एलआईसी बीमा सखी तैयार करने का निर्णय लिया है, जिसे चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा।

योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 20,000 नई बीमा सखियों की नियुक्ति का लक्ष्य रखा है। अगले तीन वर्षों में प्रदेश की 57 हजार ग्राम पंचायतों में एक-एक बीमा सखी तैनात करने की योजना है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई रणनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं। योजना में बीसी सखी, बैंक सखी और एफएल-सीआरपी जैसे कैडर को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे प्रशिक्षित और अनुभवी महिलाओं को तुरंत बीमा सखी के रूप में जोड़ा जा सकेगा।

**अब तक तीन हजार से अधिक आवेदन हुए प्राप्त**

डायरेक्टर दीपा रंजन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए यूपीएसआरएलएम ने 5,000 बीमा सखियों की नियुक्ति का लक्ष्य तय किया है। ऐसे में अब तक प्रदेश के 75 में से 65 जिलों से 3,397 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 672 महिलाओं ने 25 घंटे का भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण (आईसी-38) सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसके अलावा 469 अभ्यर्थियों ने एनएसईटी के माध्यम से आयोजित आईआरडीएआई लाइसेंसिंग परीक्षा पास कर ली है और उन्हें आधिकारिक रूप से बीमा सखी नियुक्त किया जा चुका है।

**बीमा सखी को पहले साल हर माह दिया जाएगा सात हजार स्टाइपेंड**

बीमा सखी बनने वाली महिलाओं को पहले साल हर महीने 7 हजार स्टाइपेंड दिया जाएगा, साथ ही बीमा पॉलिसी कराने पर उन्हें कमीशन भी मिलेगा। इसके अलावा दूसरे साल 6 हजार और तीसरे साल हर माह 5 हजार स्टाइपेंड दिया जाएगा। इससे उनकी आय में स्थायी वृद्धि होगी।

# एआरटी केन्द्रों पर 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित प्राप्त कर रहे नि:शुल्क दवा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा सोमवार को राज्य सूचना विभाग के सभागार, लखनऊ में एचआईवी-एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य एचआईवी-एड्स से सम्बंधित सही जानकारी का प्रसार, सामाजिक कलंक को कम करना तथा जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सोलंकी सहित सूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के




अधिकारियों ने मीडिया प्रतिनिधियों को सम्बोधित किया। संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी-एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि तथ्यात्मक एवं संवेदनशील रिपोर्टिंग के माध्यम से समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है तथा लोगों को जाँच और उपचार सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कार्यशाला में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार भारत में लगभग 25.44 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं, जिनमें लगभग 45 प्रतिशत महिलाएँ तथा लगभग 2.75 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। देश में अधिकांश संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध के माध्यम से होता है, जबकि कुछ राज्यों में संक्रमित सूई एवं सिरिंज के उपयोग से भी संक्रमण के मामले सामने आते हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में लगभग 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केन्द्रों पर नि:शुल्क परामर्श, उपचार एवं दवा प्राप्त कर रहे हैं। संयुक्त निदेशक डॉ. संजय सोलंकी ने बताया कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला का समय पर उपचार करने से बच्चे को संक्रमण से बचाया जा सकता है, इसलिए सभी गर्भवती महिलाओं की प्रारम्भिक जाँच अत्यंत आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### ब्लॉक सभागार में नवनियुक्त मंडल कमेटी का हुआ स्वागत

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** ब्लॉक सभागार में नवनियुक्त मंडल कमेटी के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे पूरा सभागार उत्साह और जोश से भर गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर सिंह एवं मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सक्सेना ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री के रूप में नियुक्त जगदीश सिंह चौहान और मनीष गुप्ता का विशेष अभिनंदन किया गया। वहीं मंडल उपाध्यक्ष बने अवनीश प्रताप सिंह, सुरेंद्र पाल और जगपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुनेश्वर सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती ही क्षेत्र के विकास की नींव है और नई टीम से जनहित में बेहतर कार्यों की उम्मीद है। उन्होंने पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने की अपील की। मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सक्सेना ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और संगठन विस्तार के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया।

### शहीदों की प्रतिमाओं का खण्ड-खण्ड हो जाना अत्यंत पीड़ादायकः अनीत कुमार त्रिवेदी



**शाहजहांपुर।** पूर्व महासचिव सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अनीत कुमार त्रिवेदी, एडवोके ने कहा शहर में निर्माण कार्य के दौरान शहीदों की प्रतिमाओं का खंड-खंड हो जाना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस प्रकार की लापरवाही जनमानस की भावनाओं को आहत करती है। शहीद हमारे राष्ट्र का गौरव हैं, उनका सम्मान हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। विकास आवश्यक है, लेकिन शहीदों का सम्मान उससे भी ऊपर है। प्रशासन को चाहिए कि इस घटना की तत्काल जांच कर जिम्मेदारी तय करे और क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं की शीघ्र सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापना कराए। यह केवल मूर्तियों का नहीं, बल्कि राष्ट्र सम्मान का विषय है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि शहीदों के गौरव से किसी प्रकार का समझौता न हो। मैं व्यक्तिगत रूप से प्रशासन से मांग करता हूँ कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करायी जाए तथा क्षतिग्रस्त मूर्तियों की शीघ्र सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापना करायी जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

### जब से गैस की शॉर्टेज हुई, एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भरमार

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** जब से गैस की शॉर्टेज हुई है तब से लगातार अजय इंडेन गैस एजेंसी पर भीड़ बनी हुई है वहीं शुक्रवार और शनिवार को गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान ग्रामीणों ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर आरोप लगाए, जिससे उपभोक्ताओं में नाराजगी का माहौल है। खास बात यह कि अव्यवस्था के चलते महिलाओं को खास परेशानी उठानी पड़ी इसके बावजूद भी एजेंसी संचालक के कानों में जूं तक नहीं रेंगी ग्रामीणों का कहना है कि गैस बुकिंग कराने जाने पर उन्हें 190 रुपए का पाइप भी दिया जा रहा है, जबकि कई उपभोक्ताओं के पास पहले से ही पाइप मौजूद है। इसका उपभोक्ता खास विरोध कर रहे इसके अलावा कुछ उपभोक्ताओं ने बिना बुकिंग किए ही गैस सिलेंडर बुक दिखने की शिकायत भी की है, जिससे वे असमंजस में हैं। पैना गांव निवासी अंजीत और डुगरौची निवासी शिव शंकर ने बताया कि उनके मोबाइल पर गैस बुकिंग का मैसेज पहले ही आ चुका है, जबकि उन्होंने स्वयं कोई बुकिंग नहीं कराई। ऐसे में उन्हें जरूरत होने पर भी सिलेंडर लेने में दिक्कत हो रही है। सिंधौली निवासी राजीव सिंह ने बताया कि एजेंसी द्वारा सिलेंडर के साथ पाइप भी दिया जा रहा है, जबकि उनके पास पहले से पाइप मौजूद है, फिर भी अतिरिक्त पैसे देने पड़ रहे हैं। इस संबंध में गोदाम प्रभारी दानिश का कहना है कि पाइप देने का आदेश उच्च स्तर से प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पाइप को पांच वर्ष पूरे हो चुके हैं, उन्हें ही नया पाइप दिया जा रहा है, क्योंकि समय के साथ पाइप खराब हो सकता है। फिलहाल, उपभोक्ताओं ने इस व्यवस्था की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी से राहत मिल सके।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, गैर समुदाय के युवक पर शक

**खुटार,शाहजहांपुर।** थाना खुटार क्षेत्र के मोहल्ला देवस्थान से एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने गैर समुदाय के एक युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया गया कि मोहल्ला देवस्थान निवासी एक व्यक्ति की लगभग 15 वर्षीय पुत्री 22 मार्च की सुबह करीब 8 बजे पड़ोस की एक महिला के साथ खेत पर आलू बीनने गई थी, लेकिन शाम तक घर वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि किशोरी का संपर्क पहले से एक गैर समुदाय के युवक से था, जिसने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया। युवक का मोबाइल नंबर भी परिजनों को मिला है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। हालांकि, अभी तक पुलिस द्वारा इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। पीड़ित पक्ष ने थाना खुटार में तहरीर देकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराते हुए किशोरी की सकुशल बरामदगी की मांग की है।

### सामूहिक विवाह योजना में अनियमितताओं पर उठी आवाज, 15 दिन में समाधान नहीं तो उग्र होगा आंदोलन



**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हुई गंभीर अनियमितताओं के विरोध में 23 मार्च को राजनीतिक संगठन आजाद अधिकार सेना के नेतृत्व में सैकड़ों गरीब एवं जरूरतमंद परिवार एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस संबंध में प्रभावित परिवारों द्वारा मुख्यमंत्री को एक विस्तृत सार्वजनिक ज्ञापन भेजा गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन एवं भौतिक सत्यापन पूर्ण होने के बावजूद बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को विवाह कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। परिवारों का आरोप है कि यह शासनादेश के प्रथम आगत-प्रथम पावत सिद्धांत का खुला उल्लंघन है। वर्ष 2025 के भी अनेक सत्यापित आवेदन आज तक लंबित पड़े हैं, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि शासन के प्रावधानों के अनुसार, यदि आवेदन निर्धारित लक्ष्य से अधिक हों, तो अतिरिक्त बजट एवं लक्ष्य आवंटित किया जा सकता है। वर्तमान में शाहजहाँपुर के सैकड़ों पात्र परिवार 60,000 की सहायता एवं वैवाहिक सामग्री के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं। तत्काल अतिरिक्त लक्ष्य एवं बजट स्वीकृत किया जाए। 15 कार्य दिवसों के भीतर पुनः सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराया जाए। विधवा, दिव्यांग एवं अति गरीब परिवारों को प्राथमिकता दी जाए। सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। प्रभावित परिवारों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो यह आंदोलन और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप ले सकता है।

### एसपी ग्रामीण ने तहसील दिवस में महिलाओं को किया जागरूक



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 द्वितीय चरण के अंतर्गत सोमवार को तहसील जलालाबाद में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भाँवरे दीक्षा अरुण ने किया। तहसील परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्किल के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों ने विशेष स्टॉल लगाए। तहसील दिवस पर आने वाली महिलाओं और बालिकाओं को इन स्टॉल्स के माध्यम से उनके कानूनी अधिकारों और शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि आपात स्थिति में वे 1090 (वुमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन) और 112 (पुलिस सहायता) का उपयोग बिना किसी संकोच के कर सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध और डिजिटल फ्रॉड से बचना बेहद जरूरी है। उन्होंने घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध त्वरित पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने जोर दिया कि महिलाएं अपनी सुरक्षा के प्रति सजग बनें और किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें। एएसपी ग्रामीण ने मौके पर मौजूद मिशन शक्ति टीम प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को कड़े निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर जाकर अधिक से अधिक महिलाओं से संवाद करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज में एक ऐसा सुरक्षित वातावरण तैयार करना है, जहाँ हर महिला खुद को सशक्त महसूस करे। घ्इस अभियान के माध्यम से तहसील परिसर में मौजूद बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

# डीएम-एसपी ने सुनीं संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें

- 55 शिकायतों में मौके पर 10 का निस्तारण

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व एसपी राजेश द्विवेदी ने फरियादियों को सुना। इस मौके पर आई 55 शिकायतों में से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

सोमवार को तहसील सभागार में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए। और शिकायतकर्ता के साथ शिकायत निस्तारण का फोटो अपलोड किया जाए। इस मौके पर गांव बतलैया के प्रमोद कुमार व ओमवीर गंगवार ने गांव में चकबंदी होने के बाद उन्हे दी गई जमीन पर आज तक कब्जा नहीं दिलाया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव एवं महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में वकीलों ने कई समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया। डीएम ने वकीलों की समस्याओं को सुना और एसडीएम सदानंद सरोज को समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। वहीं संयुक्त बार एसोसिएशन अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की ओर से कैंटीन बनवाए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर अलग अलग मांग पत्र सौंपे। इस दौरान एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ ज्योति यादव, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, कोतवाल जुगल किशोर पाल, नायब तहसीलदार मनु माथुर, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, मनीष यादव आदि मौजूद रहे।

### एडीएम प्रशासन ने जलालाबाद में सुनीं समस्याएं



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के उद्देश्य से सोमवार को तहसील जलालाबाद के सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा ने की, जहाँ उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के कड़े निर्देश दिए। घ्तहसील दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग से जुड़ी दर्जनों शिकायतें प्राप्त हुईं। एडीएम प्रशासन ने स्पष्ट लहजे में कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों को एक ही काम के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, अन्यथा संबंधित पटल के अधिकारी के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। घ्कार्यक्रम में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने पुलिस से संबंधित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि जमीनी विवाद और आपसी झगड़ों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की,1090 : महिला हेल्पलाइन,112 :आपातकालीन सेवा,108 : एम्बुलेंस सेवा, 1098 : चाइल्ड हेल्पलाइन, एडीएम ने अंत में सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य जनता का विश्वास जीतना है, जो केवल उनकी समस्याओं के ईमानदार समाधान से ही संभव है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और विभिन्न विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एसडीएम व सीओ ने सुनीं जनता की समस्याएं



**पुवायां,शाहजहांपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम चित्रा निर्वाल व सीओ प्रवीण मलिक ने जनता की समस्याएं सुनी तथा अधिकारियों को जल्द से जल्द जनता की समस्याओं का निस्तारण करने को कहा सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 40 शिकायतें आई जिसमें 14 राजस्व, 4 विकास, 10 पुलिस, 12 अन्य शिकायतें आई। एसडीएम चित्रा निर्वाल व सीओ प्रवीण मलिक ने 2 शिकायतें का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। साथ ही अधिकारियों पर सख्त रवैया अपनाकर जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण करने के लिए कहा।

### सीडीओ और एसपी सिटी ने सुनीं समस्याएं, दिए निर्देश

**समाधान दिवस में आईं 14 शिकायतें, मौके पर दो का निस्तारण**



**शाहजहांपुर।** तहसील सदर में तहसील दिवस का आयोजन सीडीओ डा. अपराजिता सिंह और एसपी सिटी देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न विभागों से शिकायतें आईं। एसपी सिटी के निर्देशन में तहसील सदर सभागार में तहसील दिवस का सफल आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 14 शिकायतें आईं है, जिसमें दो का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए उन्हें निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का विभागवार गहन अवलोकन करते हुए अनेक मामलों का मौके पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की जा सकी। शेष लंबित प्रकरणों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट एवं प्रभावी दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए उनके प्रभावी समाधान हेतु सुसंगठित कार्ययोजना तैयार की गई। तहसील दिवस के माध्यम से प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया, जिससे आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास एवं संतोष की भावना और अधिक मजबूत हुई। इस मौके पर एसडीएम सदर संजय पांडेय, तहसीलदार सतेंद्र कटियार, नायब तहसीलदार निशी सिंह, निवेदिता सिंह आदि मौजूद रहे।

## दहेज हत्या के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**पुवायां, शाहजहांपुर।** विवाहिता की दहेज के लिए हत्या करने के मुख्य आरोपी पति राजीव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, इस मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की ओर से आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शाहजहांपुर थाना सदर बाजार के गांव मऊ बासक निवासी नंदराम ने अपनी पुत्री उषा देवी की शादी 6 वर्ष पूर्व पुवायां थाना के गांव रहदेवा में राजीव के साथ की थी। 7 मार्च को नंदराम ने बेटी की दहेज के लिए हत्या के आरोप में दामाद राजीव, जेठ संजू, देवर गुड्डू, नेत्रपाल, सास रामश्री, रिंकी, सुनीता ननद, समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। सोमवार को पुलिस आरोपी पति राजीव कुमार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बड़ागांव चौराहे से गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपी की तलाश कर रही है।

## माय भारत स्वयंसेवकों ने शहीदों को नमन करते हुए मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी के नारे लगाकर निकाली पदयात्रा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस पर उनके अदम्य साहस, बलिदान एवं देशभक्ति की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत मेरा युवा भारत शाहजहांपुर द्वारा एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवन, संदेश व युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना की विचारधारा को आत्मसात करने हेतु संगोष्ठी आयोजित की गई और प्रश्नोत्तरी भी कराई गई जिसके बाद माय भारत स्वयंसेवकों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ शहीदों की तस्वीर लेकर और मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी, वंदे मातरम, जय हिंद के देशभक्ति नारों के साथ खिरनी बाग शहीद स्तंभ तक आकाश गुंजायमान कर दिया। पदयात्रा में युवाओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम का




उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को स्मरण करना है और पदयात्रा में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया है। जिला क्रीड़ाधिकारी एस पी बमनिया ने कहा कि शहीद दिवस केवल एक स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। युवा कल्याण अधिकारी एन के सिंह ने कहा कि 'मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक युवा का कर्तव्य है कि वह देश की प्रगति में अपनी भूमिका निभाए। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता एवं समृद्धि के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति से डी पी ओ डॉ विनय सक्सेना, समाजसेवी मुकेश परिहार, खिलाड़ी अजयपाल वर्मा, शकील, मुजाहिद, सोनम सचान, इरफान, शैलेन्द्र सिंह, रुद्र प्रताप, अनिकेत गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, आकाश वर्मा, इंद्रजीत लोधी, अधीर त्रिपाठी, नेहा कश्यप, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, शगुन सक्सेना, देवेश कुमार, हिमांशु सक्सेना, जिला खेल कार्यालय के विभिन्न खेल प्रशिक्षक व खिलाड़ी, युवा कल्याण विभाग के कर्मचारियों सहित अन्य स्थानियजन उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर महेंद्र टी स्टॉल होटल पर छापा

- खाद्य निरीक्षक ने समोसा, गुलाब जामुन के लिए सैंपल
- संयुक्त बार अध्यक्ष की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की शिकायत पर डीएम ने खाद्य विभाग टीम द्वारा महेंद्र टी स्टॉल होटल से खाद्य पदार्थों के सैंपल भरबाए। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह व बलराम शर्मा की ओर से तहसील गेट पर स्थित महेंद्र टी स्टॉल होटल पर खाद्य पदार्थ खराब मिलने एवं होटल स्वामी द्वारा होटल पर नाबालिक बच्चों से काम कराने की शिकायत की गई। जिस पर डीएम ने त्वरित संज्ञान लेते हुए खाद्य विभाग टीम को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार ने होटल पर छापा मारकर समोसा, गुलाब जामुन एवं चाय आदि के सैंपल लेकर सील किए। मनोज कुमार ने बताया कि साफ सफाई को लेकर पहले भी नोटिस दिया जा चुका है। और दो महीने पहले भी होटल से खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए थे। जिनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। बता दें कि बीते दिनों उक्त होटल कर्मी द्वारा भगौना में पैरों से आलू कुचलने की वीडियो वायरल हुई थी। उक्त मामले में भी संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारा शिकायत की गई थी।

### बाजार से बाइक चोरी

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** गांव बड़ाबन निवासी डॉ. लालजीत वर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च की शाम करीब 6 बजे वह अपनी बाइक से साप्ताहिक बाजार गए थे। बाजार में बाइक खड़ी कर वह सब्जी खरीदने लगे। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब मिली। पीड़ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और बाइक की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता, तैयार फसल पर मंडराया संकट

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में मौसम के लगातार खराब बने रहने और रुक-रुक कर हो रही बारिश व बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय खेतों में गेहूं सहित कई फसलें पूरी तरह पककर तैयार खड़ी हैं, ऐसे में यह बारिश किसानों के लिए नुकसान का कारण बन सकती है। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से आसमान में बादल छाए हुए हैं और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश हो रही है। इससे खेतों में खड़ी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यदि इसी तरह मौसम बना रहा तो कटाई के कगार पर खड़ी फसलें खराब हो सकती हैं और उत्पादन में गिरावट आ सकती है। क्षेत्र के किसान नन्हेंलाल, राजेश कुमार, आशीष कुमार, बादल, बृजभान सिंह, शोभित कुमार और प्रेमपाल आदि ने बताया कि इस समय गेहूं और अन्य फसलें पक चुकी हैं। ऐसे में बारिश होने से दाने काले पड़ने, गिरने और सड़ने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कई किसानों ने कटाई की तैयारी कर ली थी, लेकिन लगातार बदलते मौसम के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही मौसम साफ नहीं हुआ तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौसम के इस बदले मिजाज ने किसानों की मेहनत पर पानी फेरने का खतरा पैदा कर दिया है, जिससे पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना हुआ है।

## शिक्षकों की मेहनत से बदली शिक्षा की तस्वीरः सलोना कुशवाहा

- निगोही में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**निगोही, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र निगोही के ममता पैराडाइज मैरिज लॉन में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सलोना कुशवाहा विधायक तिलहर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख निगोही भानुप्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत उच्च प्राथमिक विद्यालय हसौआ विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विकास क्षेत्र निगोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय पचदियुरा के प्रधानाध्यापक डॉ सुरेन्द्र पाल सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय राघवपुर सिकंदरपुर की इं.प्र.अ. ऊषा देवी एवं संविलियन विद्यालय गुलड़िया चकझाऊ के इं.प्र.अ. अश्विनी कुमार को इस बर्ष सेवानिवृत होने पर विधायक सलोना कुशवाहा,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज द्वारा अंगबस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर में प्रतिभाग करने वाले उच्च प्रा.वि. संडा




खास की बालक एवं बालिका खो-खो टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मूल अवधारणा के अंतर्गत विकास खंड में बाल वाटिका से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों सुनीता गुप्ता, गायत्री, रमा, सुनहरा बानो, कंचन यादव, उमा देवी, कांति, पुष्पा, मनोज सिंह एवं आरती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक निगोही की 8 न्याय पंचायत के कुल 40 निपुण छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हिमांशु सिंह, अमित गुप्ता, लाल माणिक चौधरी, रेनू शुक्ला, माला राजपूत, अंकित वर्मा, पारस वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रभात सिंह, राजेश को विधायक सलोना कुशवाहा एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सलोना कुशवाहा ने कहा कि वर्तमान में बेसिक के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं के साथ साथ शैक्षणिक स्तर में भी बहुत सुधार हुआ है आप लोगों के प्रयास से विकास खंड निगोही आज नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जिस को निरंतर जारी रखने का प्रयास करना है। इस में अगर उनकी कहीं भी आवश्यकता पड़े दो वे निसंकोच ही पूर्ण सहयोग करेंगी। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज द्वारा शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को साथ मिलकर कार्य करते हुए 3 से 8 वर्ष की आयु के बच्चों की सीखने की महत्वपूर्ण अवस्था का सदुपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप ने शिक्षकों द्वारा विद्यालयों में किये जा रहे नावाचारों की प्रशंसा की। टीएलएम प्रदर्शनी में अंकित वर्मा, माला राजपूत, शिखा राठौर, संजीव यादव, अवनीश पाल आदि ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन सुभाष वर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआरपी बृजेश कुमार, रंजना पाल, विजेंद्र पाल, प्रभात सिंह, कृष्ण कुमार, आशीष बाजपेई, अचलेश द्विवेदी, प्रज्ञा मिश्रा, घनेन्द्र पाल सिंह, आलोक कुमार, वेदराम वर्मा, बरखा गौतम, समेत समस्त न्याय पंचायत के नोडल संकुल शिक्षक उपस्थित रहे।

# डीसीएम की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जलालाबाद स्टेट हाईवे पर रविवार की शाम एक भीषण सड़क हादसे में गांव गोरा निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। गुनारा मोड़ के पास तेज रफ्तार डीसीएम ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिर गया और डीसीएम का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घ्मिली जानकारी के अनुसार, गांव गोरा निवासी भानु सिंह उर्फ नन्हे (पुत्र रतन सिंह) अपनी कार खराब होने पर उसे

**▸ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा, परिजनों में कोहराम**

बनवाने के लिए मैकेनिक के पास गए थे। कार की मरम्मत में देरी होने के कारण, भानु सिंह मैकेनिक की ही स्कूटी लेकर कुछ निजी काम से जलालाबाद बाजार चले गए। शाम करीब 6:30 बजे जब वह बाजार से वापस लौट रहे थे, तभी गुनारा मोड़ के पास सामने से आ रही एक अनियंत्रित डीसीएम ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। घ्टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भानु सिंह उछलकर सड़क के बीचों-बीच जा गिरे और डीसीएम का भारी पहिया



उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक भानु सिंह दम तोड़ चुके थे। घ्परिवार का सहारा छिना, तीन साल का बेटा अनाथ भानु सिंह की मौत की खबर जैसे ही गांव गोरा पहुँची, वहां मातम पसर गया। मृतक भानु सिंह चौरसिया इलाके में जन सेवा केंद्र और खाद की दुकान चलाते थे। महज चार साल पहले उनकी शादी शिवानी सिंह से हुई थी। भानु अपने पीछे पत्नी और एक तीन वर्षीय मासूम बेटे को छोड़ गए हैं। घर के इकलौते कमाऊ सदस्य की मौत से परिवार की खुशियां उजड़ गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। जलालाबाद कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार तोमर ने बताया कि हादसे के बाद डीसीएम को पकड़ लिया गया है और उसे पास के एक पेट्रोल पंप पर खड़ा कराया गया है। चालक को हिरासत में लेकर कोतवाली में बैठाया गया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के ग्राम मकरामपुर निवासी संजय त्रिपाठी, रेखा शमा, 'अर्चना तिवारी ग्राम मानपुर चचरी के माया प्रकाश, सुनील कुमार के निजी नलकूप की बॉडी काटकर सभी ट्रांसफार्मर से तेल चोरी किया गया। जब नलकूप चलना बंद हुए तो नल कूप मालकिन ने पावर हाउस को सूचना दी। पावर हाउस से लाइनमैन राहुल कुमार ने जांच की तो जानकारी मिली ट्रांसफार्मर की बॉडी काटकर तेल चोरी किया गया। अवर अभियंता संजीव कुमार और लाइनमैन राहुल कुमार ने रोजा कोतवाल प्रभारी प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाल प्रभारी राजीव कुमार ने बताया रिपोर्ट दर्ज की गई है और अति शीघ्र तेल चोरी करने वाले पकड़े जाएंगे यहां बताते चलें निगोही थाना क्षेत्र में भी कई ट्रांसफार्मर से तेल चोरी किया गया जिले में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने का गिरोह सक्रिय है।

# डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों और नीतियों पर की चर्चा




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ सपा कार्यालय पर मनाई गई लोहिया जी की जयंती**

समाजवादी के महान चिंतक डॉ राम मनोहर लोहिया जी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं बा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और डॉ राम मनोहर लोहिया जी के सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि महान चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी एक निडर और गतिशील व्यक्तित्व के धनी समाजवादी नेता। आजादी से पहले और आजाद भारत में भी वे लोगों की खातिर कई बार जेल गए। विरल विद्वत्ता और स्वतंत्र विचारों वाले व्यक्ति ने एक ऐसे समाज की रचना के लिए कड़ी मेहनत की, जिसमें गरीबों, पिछड़ों और महिलाओं को न्याय मिले। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि एक निष्ठावान समाजवादी, डॉ. लोहिया जनतांत्रिक समाजवाद की विचारधारा में विश्वास रखते थे और सदैव जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसदीय साधनों द्वारा शक्ति दिये जाने के पक्षधर थे। वह सभी प्रकार के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक अन्याय के विरुद्ध अहिंसक सीधी कार्यवाही के भी समर्थक थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राम मनोहर लोहिया जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, समाजवादी राजनेता और प्रखर चिन्तक थे। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद प्रधान,सपा नेता दोदराम वर्मा, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता अरविंद पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफ़ीज़ अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, सपा जिला सचिव,संतोष कुमार पाल, नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, युवज़न सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पार्थ यादव,छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार, युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश वर्मा, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, मोहित पटेल, देव सिंह, संजय कुमार, मोहम्मद इकबाल मंसूरी, रामरतन लाल सोनी, खिज़र महबूब खान, मोहम्मद रमीज, इमरान खान, शरीफ खान, शहाब खान, पार्वती सैनी, सविता कठेरिया, नरवीर फौजी, अखिलेश यादव, अली खान, सुबहान अख्तर खान, तय्यब खान, सरताज अली, राजेश यादव, सुरजीत यादव, गुफरान खान, रानू खान, टिंकू सिंह, आरिफ खान, मोहसिन खान, नेहाल, मनोज यादव सुजल मिश्रा राजकुमार, सिद्दीक खान, अनिल कुमार भास्कर, सचिन सक्सेना, उदित गुप्ता, राजीव राठौर आदि मौजूद रहे।

## वन दरोगा पर पैसा मांगने का आरोप

**तिलहर – शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व ग्राम प्रधान ने डीएम को शिकायती पत्र देकर वन विभाग के दरोगा पर अवैध तरीके से पैसे मांगने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरहा मोहब्बतपुर के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश शुक्ला ने सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देते हुए क्षेत्र के वन दरोगा सतीश गौतम द्वारा उनसे पेड़ काटने की एवज में प्रति पेड़ पांच हजार रुपए की मांग करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। श्री शुक्ला ने बताया कि उन्हें सागौन के उन्नीस पेड़ क्षेत्र के गांव भटपुरा निवासी रामवीर के काटने थे। जिसकी परमिशन के लिए वह वन दरोगा के पास गए थे।

# नौ साल में किए गए कार्यों का गोष्ठी में किया गया बखान

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल कार्यालय, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग एवं मेरा युवा भारत शाहजहांपुर, जिला गंगा समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही। गोष्ठी में बीते 9 वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई और सभी ने अपने विभाग में संचालित मुख्य योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। जिला क्रीड़ा अधिकारी एस. पी.



बमनिया ने खेलों के क्षेत्र में उपलब्धियों एवं खिलाड़ियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत मयंक भदौरिया ने युवाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित कार्यक्रमों एवं पहलों पर प्रकाश डाला। जिला युवा कल्याण अधिकारी एन. के. सिंह ने विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं ग्रामीण युवाओं के विकास में किए गए कार्यों को साझा किया। जिला गंगा समिति से डॉ विनय सक्सेना ने नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण, गंगा स्वच्छता पखवाड़ा पर प्रकाश डालते हुए प्रश्नोत्तरी करायी। सभी अधिकारियों ने पिछले 9 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों, नवाचारों एवं जनहितकारी योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं को सरकारी योजनाओं से जुड़ने एवं समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रदेश के विकास में सहयोग देने एवं विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया।

## खबरें एक नजर में

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम



**बंडा, शाहजहांपुर।** मोटर साइकिल से पूर्णागिरी धाम की यात्रा करके वापस अपने घर जा रहे 28 वर्षीय युवक की मोटर साइकिल अचानक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां से उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जबकि बाइक सवार दूसरे साथी का मामूली चोटें आई हैं। फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के जेल मोहल्ला निवासी श्री नारायण गुप्ता का 28 वर्षीय पुत्र टिल्लू गुप्ता अपने मोहल्ले के ही दूसरे 20 वर्षीय साथी आकाश के साथ मोटर साइकिल से अन्य चार बाइक सवार आठ लोगों के साथ अपने घर से 19 मार्च को पूर्णागिरी मंदिर पर दर्शन करने के लिए निकला था । सोमवार को घर वापस लौटते समय शाम करीब चार बजे बंडा पुवायां नेशनल हाईवे पर गांव दलेलपुर के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े खम्भे में जा टकराई । मौके पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जबकि उसके साथी आकाश को मामूली चोटें आई हैं। वहीं पीछे से उसके अन्य साथियों को भी जब मामले की जानकारी हुई तो वह अस्पताल में पहुंचे जहां टिल्लू को मृत अवस्था में देखकर उन्होंने उसके परिवार वालों को मामले से अवगत कराया जिस पर परिवार के लोगों ने उसके शव का अंतिम संस्कार कराने से इंकार कर दिया। टिल्लू की मौत की खबर सुनकर मां जावित्री का रो रो कर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक पुलिस टिल्लू के परिजनों के आने का इंतजार कर रही है।

### चांदपुर में ब्रह्म विचार मेले का आयोजन



**तिलहर–शाहजहांपुर।** चांदापुर में आयोजित ब्रह्म विचार मेले के दौरान आर्य उपप्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष 1877 उसके अप्रैल माह में आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के द्वारा ईसाई और मुसलमानो के बीच चांदापुर में हुए शास्त्रार्थ में स्वामी दयानंद की जीत को लेकर बक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए लोगों से वेद मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सभा के जिला मंत्री वीरेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि चैत्र सुदी चतुर्थी व पंचमी विक्रम संवत 1937 तदानुसार 19 व 20 अप्रैल 1877 को स्वामी दयानंद सरस्वती का मुस्लिम समाज की ओर से देवबंद मदरसे के मौलवी मोहम्मद कासिम और दिल्ली के मौलवी सैयद अब्दुल मंसूर और ईसाइयों की ओर से पादरी स्काट, पादरी पारकर के बीच पांच बिषयों परमेश्वर ने जगत को किस वस्तु से बनाया, ईश्वर कर व्यापक है या नहीं, ईश्वर न्यायकारी और दयालु दोनों एक साथ कैसे हो सकता है, वेद बाइबल और कुरान के ईश्वर की वाणी होने का क्या प्रमाण है, मुक्ति किसे कहते हैं और वह कैसे प्राप्त हो सकती है। पर दो दिन प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में शास्त्रार्थ हुआ जिसमें वैदिक सिद्धांतों के सामने अन्य कोई मत तर्क और युक्ति की कसौटी के समक्ष खड़ा नहीं उतर सका। बताया कि इसी की यादगार में प्रतिवर्ष आर्य समाज की ओर से चांदापुर में ब्रह्म विचार मेले का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान भुवनेश आर्य, गिरीश चंद्र श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, नरेंद्र मिड्ढा, विनोद बाजपेई, वीरेंद्र कुमार आर्य, गोपाल स्वरूप, मंगली लाल, लेख राम, रजनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विधायक सलोना कुशवाहा ने मोमिन गणमान्यों के घर जाकर दी ईद की शुभकामनाएं



**तिलहर – शाहजहांपुर।** विधायक सलोना कुशवाहा ने नगर में मोमिन गणमान्यों के यहां पहुंचकर ईद त्योहार की शुभ कामनाएं दी। ईद उल फितर के उपलक्ष्य में रविवार देर शाम तक विधायक सलोना कुशवाहा कई स्थानों पर पहुंची। उन्होंने देर शाम शहर इमाम मोहम्मद स्वालेह उर्फ सद्दन मियां के चौहटिया स्थित आवास पर जाकर ईद की बधाई दी। इससे पूर्व विधायक चेयरपर्सन हाजरा बेगम के आवास कुदरत मंजिल उम्मरपुर, हाजी आरिफ हुसैन पप्पू के उम्मरपुर आवास, मोहल्ला कच्चा कटरा पर सज्जादा नशीन मोहम्मद हुसैन उर्फ अच्छन मियां के आवास पर भी शुभकामनाएं देने पहुंचीं। इस मौके पर विधायक के साथ व्यापार मंडल (कंछल गुट) अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि मौजूद रहे।

# गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए: बजरंग दल

**▸ मथुरा में हुई फरसा बाले बाबा की हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग**

**▸ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मथुरा में हुई गौरक्षक चन्द्रशेखर महाराज उर्फ फरसा बाले बाबा की हत्या की निष्पक्ष जांच व गौरक्षकों के केस वापिस कर उन्हें ससम्मान रिहा करने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया साथ ही कहा गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए। सोमवार को भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि फरसा बाले बाबा की हत्या की जांच एक अतिरिक्त जांच कमेटी बनाकर की जाए और दोषी पाए जाने पर पुलिस कर्मियों पर कठोर कार्यवाही की जाए, गौरक्षकों पर लिखा गया गम्भीर धाराओं में मुकदमा निरस्त करके उनको ससम्मान रिहा किया जाए, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की मांग को मानते हुए गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिया जाए साथ ही प्रदेश में वैध व अवैध वुचड़खाने बंद किए जाए, प्रदेश में सीमाओं विशेषकर नूह, मेवात पर गहन चेकिंग अभियान चलाकर गौतस्करी को रोका जाए, ज्ञापन देने बालों में विवेक मिश्रा नाहिल, अभिषेक सिंह, विक्रम मिश्रा, जसवीर सिंह, सुभाष सिंह, विपुल सिंह, शिवम, अमन श्रीवास्तव, बालेन्द्र मिश्रा, विमल पाण्डेय, रवि पंडित, ज्ञान सिंह, संतोष पाण्डेय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एंटी क्रप्शन टीम ने मत्स्य ज्येष्ठ निरीक्षक को दस हजार रिश्वत लेते दबोचा

**▸ किसान यूनियन अन्नदाता के महासचिव राजेश कुमार की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



संपूर्ण समाधान दिवस से डीएम के गंतव्य के रवाना होते ही तहसील के अंदर मुख्य रास्ते पर एंटी क्रप्शन टीम ने मत्स्य ज्येष्ठ निरीक्षक पूरन लाल को दस हजार रुपए लेते रंगे हाथों धर दबोचा। टीम ने पलक झपकते आरोपी को गाड़ी में डाल लिया और गंतव्य को रवाना हो गई। इस औचक कार्यवाही से तहसील में हड़कंप मच गया। एंटी क्रप्शन टीम के प्रभारी जितेंद्र सिंह की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक कार्यालय शाहजहांपुर में पूरन लाल पुत्र स्व ताराचन्द्र निवासी ग्राम फैलम तहसील आंवला थाना अलीगंज, जनपद बरेली ज्येष्ठ निरीक्षक पद पर तैनात हैं। पुवायां क्षेत्र के गांव सदापुर में मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठित किए जाने के मद्देनजर सदापुर गांव के राजेश कुमार जो कि किसान यूनियन अन्नदाता के महासचिव हैं से एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। बताते हैं इस बाबत कुछ धनराशि पूर्व में दे भी दी गई। लेकिन पूरन लाल संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने पूरा पैसा देने की बात कही। इससे आहत होकर इस से पूर्व शिकायत करता ने एंटी क्रप्शन बरेली से संपर्क साधा। इसी क्रम में सोमवार को वायदे के मुताबिक राजेश कुमार उन्हें दस हजार रुपए देने तिलहर पहुंचे। राजेश कुमार टीम को पहले ही अवगत करा चुके थे। इसके बाद टीम ने तहसील आकर अपना जाल बिछा दिया था। जैसे ही मत्स्य ज्येष्ठ निरीक्षक समाधान दिवस से बाहर रिश्वत लेने निकले, वैसे ही रिश्वत हाथ में लेते ही टीम ने उन्हें धर दबोचा। इसके बाद टीम पूरनलाल को लेकर थाना कटरा पहुंची और वहां पर कागजी कार्रवाई पूरी की। एंटी क्रप्शन टीम प्रभारी जितेंद्र सिंह की ओर से पूरनलाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। टीम पूरनलाल को लेकर बरेली रवाना हो गयी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दिए गए सख्त निर्देश



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विगत माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने दो पहिया वाहनों पर हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस एवं परिवहन विभाग को दिए। साथ ही NH730C पर पुलिस विभाग द्वारा चिन्हित हॉटस्पॉट स्थलों पर रंबल स्ट्रिप एवं स्पीड टेबल बनाए जाने हेतु मोर्थ के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया। बैठक में शाहजहांपुर–जलालाबाद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए गए तथा मार्ग पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त एनएचआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि अठसालिया फाटक पर सर्विस लेन का चौड़ीकरण, चांदपुर में पुलिया निर्माण तथा नैनीताल ढाबा के पास बॉक्स कलवर्ट निर्माण का कार्य अभी तक लंबित है, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कार्य पूर्ण कराया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी,नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नारी शक्ति मिशन अभियान: बिरियाबाबा मेला में सीओ ने दिए सुरक्षा के टिप्स

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मिशन नारी शक्ति अभियान के तहत सीओ ज्योति यादव के नेतृत्व में टीम ने बिरिया बाबा मेले में आई महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही मेला क्षेत्र का अवलोकन किया। रविवार को सीओ ज्योति यादव महिला पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के बंधा रोड स्थित प्रसिद्ध बिरिया बाबा मेले में पहुंचीं और अभियान के तहत मेले में आई महिलाओं और किशोरियों को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न जानकारियां दी। सीओ ज्योति यादव ने महिलाओं को सरकार



द्वारा जारी किए गए निशुल्क सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार और पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अपने साथ होने वाले किसी भी तरह के अपराध के प्रति महिलाओं को चुप्पी ना साधकर उसका विरोध करते हुए कानून का सहारा लेकर अपराधी को सजा दिलाने का काम करना चाहिए। अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल, महिला सब इंस्पेक्टर नेहा सैनी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में व्यापार बंधु एवं उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

**▸ डीएम ने व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में व्यापार एवं उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान व्यापारियों एवं उद्यमियों ने अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अवगत कराया की सिविल लाइन में बड़ा नाला खुला पड़ा है जिस कारण समस्या हो रही है। व्यापारी सचिन बाथम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि कचहरी के गेट नंबर 06 पर आए दिन जाम के कारण आवागमन में अत्यधिक समस्या उत्पन्न होती है उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनने हेतु 2 पुलिस कर्मियों की तैनाती के लिए




कहा। बहादुरगंज बाजार में पुरुष शौचालय की मांग की गई। व्यापारी अनीश खान द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि लोदीपुर में भू माफियाओं द्वारा जमीन कब्ज की गई है, कब्जा मुक्त करने की मांग की साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण से पूर्व बिजली के खंभों को शिफ्ट करने तथा नाली निर्माण करने हेतु भी जिलाधिकारी को अवगत कराया। इसके साथ ही व्यापारियों द्वारा जनपद शाहजहांपुर में ट्रांसपोर्ट नगर की मांग उठाई गई। व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग द्वारा लाइसेंस स्वीकृत हो जाने के उपरांत भी पोस मशीन नहीं उपलब्ध कराई गई है। जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर जिनके लाइसेंस स्वीकृत हो गया है उन्हें पोस मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने औद्योगिक संस्थान रोज़ा में साकरे नालें का चौड़ीकरण करने हेतु जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि आईआईए के सदस्यों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर नाले का चौड़ीकरण कराया जाए। आईआईए द्वारा प्रस्तुत प्रकरण ददरौल के ग्राम जमौर गोटिया में सड़क टूटी हुई होने के कारण क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है और दुर्घटनाएं होनेकी संभावना भी बनी रहती है जिस हेतु अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड शाहजहांपुर ने पूर्व में अवगत कराया था कि टेंडरिंग कार्य पूर्ण हो गया है ।होली त्यौहार के उपरांत सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ ना होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी का स्पष्टीकरण तलब करते हुए 3 दिन में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में पीएचसी की मांग करने पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि एक सप्ताह में भूमि चिन्हित कर अवगत कराए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, उपयुक्त उद्योग संजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी, व्यापारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा सलूक

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार शाम समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) के 9 रफी मार्ग स्थित कार्यालय को कथित तौर पर भूमि आवंटन की शर्तों के उल्लंघन के आरोप में सील कर दिया। देश की सबसे पुरानी समाचार एजेंसी के साथ दिल्ली पुलिस ने जो सलूक किया, उस पर लोकतंत्र के पक्षधर नागरिक चिंता व्यक्त कर रहे हैं। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एडिटर्स गिल्ड, वीमेंस प्रेस क्लब समेत कुछ पत्रकार संगठनों ने भी इसकी निंदा की है और अलग-अलग दलों के कुछ नेताओं ने पुलिस के रवैये पर सवाल उठाए हैं। लेकिन इस खबर पर जो व्यापक हलचल मचनी चाहिए थी, वो कहीं नजर नहीं आ रही। इससे समझ आता है कि अब हम शायद जागरुक समाज नहीं रहे, और काफी हद तक संवेदनहीन, आत्मकेन्द्रित हो चुके हैं। तभी तो बड़ी से बड़ी घटनाएं भी हमें विचलित नहीं करतीं। अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, महिलाओं, बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की कई खबरें आती हैं और समाज उन्हें सरसरी निगाह से देखकर टाल देता है कि ये सब तो होता ही रहता है। अत्याचार तो पहले भी होते रहे हैं, तब पत्रकार उन्हें उजागर करना अपना दायित्व समझते थे। क्योंकि जब तक समाज की बुराइयों को सामने नहीं लाया जाएगा, तब तक उनका खात्मा करने के तरीके भी नहीं तलाशे जा सकते। लेकिन अब मीडिया भी उन्हीं खबरों को तरजीह देता है, जो वायरल हों, जिनके कारण टीआरपी बढ़े या लाइक्स और कमेंट्स ज्यादा मिलें। यही वजह है कि पहले कुंभ मेले में एक सुंदर युवती मोनालिसा चर्चा में आई, फिर उसके अभिनेत्री बनने की खबरें खूब चलीं और अब उसने विवाह कर लिया तो उस पर भी प्रेस कांफ्रेंस हो गई कि उसने जिस व्यक्ति से विवाह किया, उसका धर्म क्या है और यह सही है या नहीं। सोशिए मीडिया ने अपनी प्राथमिकताओं को किस गर्त में पहुंचा दिया है कि दो बालिग अपनी रजामंदी से विवाह करें तो वह उनकी हेडलाइन्स बन जाती है। इस माहौल में यूएनआई का दफ्तर सील करना और वहां मौजूद पत्रकारों से बदसलूकी आम खबर की तरह आई और चली भी गई। गौरतलब है कि दिल्ली में संसद भवन के पास 9 रफी मार्ग पर लगभग 5,289.52 वर्ग मीटर जमीन दशकों पहले यूएनआई को सरकार ने लीज पर दी थी। इस जमीन की अनुमानित कीमत मौजूदा दर 7.74 लाख रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से करीब 409 करोड़ रुपये आंकी गई है। सरकार ने यह जमीन संयुक्त कार्यालय परिसर विकसित करने के यूएनआई को दी थी, लेकिन कम से कम 40 साल बीतने के बाद भी वहां कोई निर्माण नहीं हुआ। सरकार का कहना है कि यूएनआई कार्यालय का निर्माण नहीं कर सका, जो आवंटन पत्र में तय शर्तों का उल्लंघन है। जिसके बाद आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत आने वाले लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस ने 12 जनवरी 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद 29 मार्च 2023 को आवंटन रद्द कर दिया था। न्यूज एजेंसी ने इस रद्दीकरण को अदालत में चुनौती दी थी, लेकिन हाई कोर्ट ने वित्तीय कमी और लंबित मंजूरियों को देरी का कारण बताने वाले उसके तर्कों को खारिज कर दिया। अदालत ने माना कि चार दशकों से अधिक समय तक भवन का निर्माण न करना आवंटन की शर्तों का गंभीर उल्लंघन है। शुक्रवार को ही यह फैसला आया और इसी शाम को ही कुछ वकील और दिल्ली पुलिस भारी दलबल के साथ परिसर पहुंच गए। अदालत का फैसला और उसके मुताबिक कानूनी कार्रवाई तो सही है, लेकिन यहां असली सवाल पुलिस के रवैये का है। जिस तरह एक मीडिया संस्थान से कर्मचारियों को निकाला गया, वैसा सलूक अपराधियों के साथ किया जाता है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो आए हैं, जिनमें यूएनआई परिसर में बड़ी तादाद में पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं और पत्रकारों-कर्मचारियों से दफ्तर खाली करने को कह रहे हैं। नई दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि दफ्तर खाली कराने में कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया और कुछ भी गलत नहीं हुआ, क्योंकि पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की गई थी। लेकिन यूएनआई ने अपनी पोस्ट में एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें उसके दफ्तर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी नजर आ रहे हैं और कर्मचारी आरोप लगा रहे हैं कि उनके साथ धक्का-मुक्की हो रही है। स्टेट्समैन ने इस घटना को अभूतपूर्व अत्याचार और भारत में मीडिया स्वतंत्रता पर हमला बताया और कहा कि रफी मार्ग कार्यालय पर पुलिस की कार्रवाई किसी जबरन आतंकवाद-रोधी ऑपरेशन जैसी लग रही थी।

# नक्सल मुक्त भारत की संकल्पना होने लगी साकार

*विक्रम उपाध्याय*

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत को नक्सल-मुक्त बनाने की समय सीमा 31 मार्च 2026 तय की थी। इसलिए यह जानना जरूरी है कि क्या सचमुच सरकार ने इतनी बड़ी सफलता हासिल कर ली है? क्या अब नक्सल हिंसा में किसी नागरिक को बेवजह जान नहीं गंवानी पड़ेगी? यह कहने में अब किसी को संकोच नहीं होना चाहिए कि भारत सचमुच वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर चुका है। आंकड़े इसके गवाह हैं। जहां 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, वह 2025 के अंत तक घटकर सिर्फ तीन ही रह गई और उनमें भी कोई बड़ा नक्सली नेता जीवित या सक्रिय नहीं बचा। यानी नक्सल हिंसा से मुक्ति की संकल्पना सच होने लगी है।

एक समय था जब छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और बिहार समेत आधा दर्जन राज्यों में रेड कॉरिडोर स्थापित था। जहां से नक्सली बड़े बड़े हिंसक अभियान चलाते थे। लेकिन 2014 के बाद शुरू हुए नक्सल उन्मूलन अभियान ने तस्वीर बदल कर रख दी है। एक दशक से भी कम समय में नक्सल प्रभावित इलाकों में 600 से ज्यादा नए और आधुनिक पुलिस थाने बनाए गए हैं और हर जगह आसानी से सुरक्षा बलों को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तैयार किए गए हैं। लेकिन जो नक्सली हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार हुए, उन्हें आत्मसमर्पण के लिए सम्मानजनक जीवन के विकल्प भी दिए गए। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए विकास और सुरक्षा की योजनाएं ईमानदारी से लागू की गई हैं और और जिन अतिवादियों ने फिर भी हिंसा का मार्ग नहीं छोड़ा, उनके सफाए के लिए सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) को पूर्ण अधिकार दे दिया गया।

सुरक्षा बलों को जब ऑपरेशन वाले क्षेत्र के नक्शे, हेलीकॉप्टर और अन्य सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए तो कुछ समय बाद ही नक्सलियों की बादशाहत खत्म होने लगी। घात लगाकर हमलों और छापों के जरिए निर्दोष लोगों को मारने वाले नक्सली खुद को बचाने में ही परेशान होने लगे। सबसे बड़ी बात यह रही कि नक्सल विरोधी अभियानों में नियमित सैनिकों को शामिल नहीं किया गया।

इतिहास की बात करें तो 60 के दशक में नक्सल आंदोलन का जन्म बंगाल में आदिवासियों के खिलाफ पुलिस और जमींदारों के बीच संघर्ष के कारण हुआ, लेकिन जब पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना के नेता माओ जेडोंग इस आंदोलन के वैचारिक केंद्र बन गए तो इसका स्वरूप भारतीय सरकारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में बदल गया। नक्सलियों के लिए हथियार पश्चिम बंगाल में ही बनाए जाने लगे। कोलकाता का प्रेसीडेंसी कॉलेज नक्सलवाद का गढ़ बन गया। फिर सान्याल और मजूमदार के गुट वाली वामपंथी पार्टी ने हिंसक क्रांति का मार्ग चुना और भारतीय राज्य की नींव को ही उखाड़ फेंकने का विचार फैलाया । बाद में कुछ राजनीतिक पार्टियां भी सत्ता के लिए नक्सलियों का इस्तेमाल करने लगीं।



नक्सल कैडर अब किस तरह से हताश हो चुके हैं, वे इन आकड़ों से पता चलता है कि अकेले 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 1,900 से अधिक की गिरफ्तारियां हुईं। यही नहीं 600 से अधिक माओवादियों को मुठभेड़ में खत्म भी किया गया। पांच, दस नहीं, बल्कि 28 शीर्ष माओवादी नेताओं को भी खत्म कर दिया गया। जिनमें माओवादी वाम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू, केंद्रीय समिति के सदस्य पतिराम मांझी और गणेश उइके जैसे बड़े नक्सली नेता शामिल हैं। केंद्र सरकार ने एक तरफ सख्त सुरक्षा अभियान और कोइ ढिलाई नहीं की नीति अपनाई वहीं, विकास के वृहद कार्यक्रम चलाए और सबके पसंद के पुनर्वास प्रोग्राम भी शुरू किये। इस रणनीति के कारण ही स्थानीय लोगों का माओवादी नेताओं से मोहभंग हुआ और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता हासिल हुई। मोदी सरकर ने एक तरफ सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान को नई धार दी तो वहीं उग्रवाद प्रभावित लोगों की सामाजिक व आर्थिक जरूरतों का भी पूरा ख्याल किया। इसके कारण ही ऑपरेशन आक्टोपस, डबल बुल, चक्रबंध और ब्लैक फॉरेस्ट को कामयाबी मिली। स्थानीय लोगों ने भी सरकार के खुफिया-आधारित अभियानों का समर्थन किया। मोदी सरकार ने नक्सल विरोधी अभियान के लिए केवल सुरक्षा बल के प्रयोग को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण जंगल क्षेत्रों में कर डाला, 6,500 से अधिक मोबाइल टावरों की स्थापना की और 1,800 से अधिक शाखाओं के साथ बैंकिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, ताकि योजनाओं के पैसे लोगों तक आसानी से पहुंच सके। नक्सल उन्मूलन की यह सफलता बताती है कि दृढ़ इच्छा शक्ति और स्पष्ट नीति के साथ कोई काम किया जाए तो उसके सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

वर्ष 2004 में जब पीपुल्स वार ग्रुप और माओइस्ट कॉम्युनिस्ट सेंटर का विलय हुआ तो हिंसा उन इलाकों में भी फैल गई जहां पहले शांति थी। भारतीय सत्ता के खिलाफ लगातार हिंसक संघर्ष देखा गया। छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल गतिविधियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बन गया। वर्ष 2010 में 76 सी आरपीएफ जवानों का कत्ल हुआ तो 2012 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कलेक्टर का अपहरण हो गया और फिर 2013 में सलवा जुडूम शुरू करने वाले महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े नेताओं और सुरक्षा कर्मियों की हत्या नक्सलियों ने कर दी।

लेकिन 2014 में अपनी सरकार बनाने से पहले ही नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की धरती से ही यह ऐलान कर दिया कि धरती को लाल करने का नारा देने वाले या तो धरती को हरा-भरा करने के उद्देश्य के साथ मुख्यधारा में लौट आएं या फिर आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हो जाएं। जब गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने जिम्मेदारी संभाली तो तय हो गया कि अब भारत वामपंथी उग्रवाद को सहन नहीं करेगा और इसे पूरी तरह से खत्म करने का अभियान शुरू किया जाएगा। इसके लिए 31 मार्च, 2026 की समय सीमा तय की गई और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ स्पष्ट रणनीति बनाई गई। माओवादी हिंसा के प्रति जीरो-टॉलरेंस की दृढ़ नीति बनाकर इसे व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा नीति का हिस्सा बना दिया गया।

गृह मंत्रालय के नेतृत्व में केंद्र और राज्यों के बीच समन्वित अभियान शुरू किए गए और एक मजबूत खुफिया तंत्र विकसित किया गया। शीर्ष माओवादी नेतृत्व के मूवमेंट के बारे में रियल टाइम की सूचनाएं प्राप्त कर उनको खत्म किया जाने लगा। जो आत्मसमर्पण करना चाहते थे उन्हें पुनर्वास का विकल्प दिया गया। ऑपरेशन इतना सटीक चलाया गया कि 2025 तक, नक्सलवाद के नेतृत्व को पूरी तरह से खत्म कर दिया गया। गृहमंत्री अमित शाह ने अभी हाल ही में फिर दावा किया कि मार्च के अंत तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

सरकार के दावे को नकारा नहीं जा सकता। नक्सली उग्रवाद पर लगाम के जो आकड़े उपलब्ध हैं, उससे यह निष्कर्ष निकलता है कि केंद्र और प्रभावित राज्यों ने मिलकर छह दशक से भी पुराने इस हिंसक आंदोलन को पहली बार पूरी तरह से कुचलने में कामयाब हुए हैं। 2014-24 के बीच हिंसक घटनाओं में भारी कमी आई। नक्सलियों के हाथों सुरक्षा बलों के मारे जाने की घटनाओं में लगभग 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौतों में लगभग 70 प्रतिशत की सीधी कमी देखी गई। अब केवल छत्तीसगढ़ के तीन जिलों के कुछ हिस्सों में ही नक्सलियों की उपस्थिति सीमित रह गई है और उन्हें भी नक्सल मुक्त करने का अभियान जारी है।

कई राज्यों ने तो आधिकारिक तौर पर खुद को नक्सल-मुक्त घोषित कर दिया है। बिहार और मध्य प्रदेश इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। माओवादी नेता देवूजी के आत्मसमर्पण के बाद तेलंगाना भी अब नक्सल मुक्त हो चुका है। नक्सल कैडर अब किस तरह से हताश हो चुके हैं, वे इन आकड़ों से पता चलता है कि अकेले 2024-25 में ही लगभग 2,900 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 1,900 से अधिक की गिरफ्तारियां हुईं। यही नहीं 600 से अधिक माओवादियों को मुठभेड़ में खत्म भी किया गया। पांच, दस नहीं, बल्कि 28 शीर्ष माओवादी नेताओं को भी खत्म कर दिया गया। जिनमें माओवादी वाम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू, केंद्रीय समिति के सदस्य पतिराम मांझी और गणेश उइके जैसे बड़े नक्सली नेता शामिल हैं।

केंद्र सरकार ने एक तरफ सख्त सुरक्षा अभियान और कोइ ढिलाई नहीं की नीति अपनाई वहीं, विकास के वृहद कार्यक्रम चलाए और सबके पसंद के पुनर्वास प्रोग्राम भी शुरू किये। इस रणनीति के कारण ही स्थानीय लोगों का माओवादी नेताओं से मोहभंग हुआ और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने में सफलता हासिल हुई। मोदी सरकर ने एक तरफ सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान को नई धार दी तो वहीं उग्रवाद प्रभावित लोगों की सामाजिक व आर्थिक जरूरतों का भी पूरा ख्याल किया। इसके कारण ही ऑपरेशन आक्टोपस, डबल बुल, चक्रबंध और ब्लैक फॉरेस्ट को कामयाबी मिली। स्थानीय लोगों ने भी सरकार के खुफिया-आधारित अभियानों का समर्थन किया।

मोदी सरकार ने नक्सल विरोधी अभियान के लिए केवल सुरक्षा बल के प्रयोग को प्राथमिकता नहीं दी, बल्कि लगभग 12,000 किलोमीटर सड़कों का निर्माण जंगल क्षेत्रों में कर डाला, 6,500 से अधिक मोबाइल टावरों की स्थापना की और 1,800 से अधिक शाखाओं के साथ बैंकिंग के बुनियादी ढांचे का विस्तार किया, ताकि योजनाओं के पैसे लोगों तक आसानी से पहुंच सके। नक्सल उन्मूलन की यह सफलता बताती है कि दृढ़ इच्छा शक्ति और स्पष्ट नीति के साथ कोई काम किया जाए तो उसके सफल होने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

*(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

विचार

# कायर कौन हैं नाटो देश या खाड़ी देश ?

*शकील अख्तर*

कायर कौन? नाटो देश! जो युद्ध को रोकना चाहते हैं। हार्मुज स्ट्रेट पर हमला करके उसे और ज्यादा भड़काने से बचना चाहते हैं? या खाड़ी देश? जिन्होंने डर के मारे अपनी जमीन अमेरिका के सैन्य अड्डों के लिए दे रखी है। जो ईरान में मासूम बच्चों, वहां के नेताओं की टारगेट कीलिंग, गैस तेल क्षेत्रों पर हमले पर एक शब्द नहीं बोल पा रहे हैं? ट्रंप फ्रस्टेशन में नाटो देशों को कायर कह रहे हैं मगर दुनिया अरब देशों को कायर बता रही है। जो गजा में इजराइल द्वारा किए नरसंहार के खिलाफ खड़े नहीं हो सके। और अब ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान के ही खिलाफ खड़े हो गए। ईरान की गलती क्या है? ऐसे ही इराक रासायनिक हथियार बना रहा है कहकर अमेरिका ने उस पर हमला किया था और वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दे दी। ईरान में भी वहां के टाप सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई समेत तमाम बड़े लीडर मार दिए और अब पूरी तरह तबाह करने की धमकी दे रहा है। कौन है वह? दुनिया का थानेदार? किसने बनाया? स्वघोषित! अमेरिका और इजराइल की भाषा क्या है? मार डालेंगे, तबाह कर देंगे, कुछ नहीं बचेगा! यह दुनिया के सबसे पुराना लोकतंत्र की भाषा है? या गुंडों बदमाशों की! अरब देश इस्लामिक कंट्री के नाम पर संगठन बनाते हैं। लेकिन इस्लाम के सबसे पवित्र महीने रमजान में एक इस्लामिक देश पर हुए हमलों का समर्थन करते हैं? फिर वही सवाल कि आखिर हमला क्यों? जब संयुक्त राष्ट्र सहित अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेन्सी (आईएईए) सब ईरान से बात कर रहे थे। वहां जाकर जांच हो रही थी। वहां के सुप्रीम लीडर ने परमाणु बम को मानवता के खिलाफ बताते हुए उसे बनाने से इनकार किया था फिर अचानक हमला करने और वह भी स्कूल पर जहां दो सौ के करीब बच्चियां मारी गई का क्या मतलब? इजराइल को सफाई देना पड़ रही है कि हमने अमेरिका को युद्ध में नहीं फंसाया। अमेरिका निकलने का रास्ता ढूंढ रहा है। लेकिन यह सब तो बाद में हुआ। ईरान के मजबूती से लड़ने के बाद। खासतौर से वहां की अवाम के पूरी हिम्मत से घरों से निकलकर सड़कों पर आ जाने के बाद। ईरान में बंकर नहीं हैं।

जैसे इजराइल ने बना रखे हैं। सायरन बजता है सब बंकरों में चले जाते हैं। इरान में बम गिरते हैं लोग सड़कों पर आ जाते हैं। यह जो जज्बा है उसने ही पूरी दुनिया में खासतौर से अमेरिका में हलचल मचा दी। वियतनाम में यही हुआ था। अमेरिका वहां की बहादुर जनता से नहीं लड़ पाया और वापस हो गया। ट्रंप को यहां भी युद्ध खत्म करने की बात कहना पड़ रही है। वियतनाम में अमेरिका ने 1965 में हमला किया था। करीब 60 हजार सैनिक उसके मारे गए थे। जनता का भरोसा अपनी सरकार से उठ गया था। बड़े गहरे राजनीतिक और सामाजिक असर पड़े थे। अमेरिका की मीडिया और जनता ने साफ तौर कहा कि सरकार ने उन्हें गुमराह किया। जीत रहे हैं कि झूठे दावे किए गए। और सबसे बड़ा परिणाम यह हुआ था कि प्रेसिडेन्ट निक्सन को इस्ती फा देना पड़ा था। ट्रंप को सब याद आ गया है। अमेरिका में फिर उसके सैनिकों के ताबूत लौटने लगे हैं। वियतनाम युद्ध में भी ऐसी ही शुरूआत हुई थी। अमेरिका की जनता किसी दूसरे के युद्ध में अपने सैनिकों को खोना क्यों पसंद करेगी? ईरान से अमेरिका को कोई खतरा नहीं था। वहां के राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केन्द्र (एनसीटीसी) के निदेशक जो केंट ने अभी यही कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि अमेरिका को ईरान से कोई खतरा नहीं था। हम यह युद्ध इजराइल के लिए लड़ रहे हैं। पूरे अमेरिका में यह माहौल बन रहा है। दुनिया में तो है ही। मगर अरब देशों के शासकों की समझ में नहीं आ रहा है। वे आंख बंद करके अमेरिका और इजराइल का साथ दे रहे हैं। लेकिन क्या वहां की जनता भी अमेरिका और इजराइल के साथ है? सबसे बड़ा सवाल यही है। राजशाही के कारण वहां की अवाम की कोई बात दुनिया के सामने नहीं आ पाती है। मीडिया पर पूरा कंट्रोल है। लेकिन जनता की आवाज कभी भी किसी भी समय दबाई नहीं जा सकी है। खबरें आती है कि वहां जब ईरान की मिसाइलें गिर रही हैं और नुकसान हो रहा है तो लोग पूछते हैं कि इजराइल का साथ देने की हमारी क्या मजबूरी है? अगर अमेरिका हमें बचा ही नहीं पा रहा तो उसे हमारी जमीन पर सैनिक अड्डे बनाने की छूट क्यों दी गई थी? और असली सवाल कि हमारा ईरान की अवाम से क्या झगड़ा है? जो हम वहां के स्कूल की बच्चियों को मार रहे हैं, दूसरे शहरियों को मार रहे हैं। गजा में भी इसी इजराइल ने किया मासूम बच्चों को मारा। और अब हमारी जमीन से वहां मिसाइलें और ड्रोन भेजकर मार रहे हैं। क्यों? इस क्यों का जवाब अमेरिका और इजराइल नहीं देंगे। अरब देश के शासकों को देना होगा।

शासन ईरान में राजशाही का था। अंतिम पहलवी वंश का। आज उनके वारिस अमेरिका में शरणार्थी बनकर रह रहे हैं। ईरान में सत्ता का पेटर्न बदल सकता है तो अरब देशों में क्यों नहीं? डर कर जीने से कुछ नहीं होगा। ईरान ने बता दिया कि वह डरता नहीं है। दुनिया के दो सबसे ताकतवर देशों अमेरिका इजराइल के सामने अकेला डटा हुआ है। और सोचिए रूस और चीन कब तक चुप रहेंगे? जैसा कि ट्रंप ने धमकी दी है 48 घंटे में जबरदस्ती हार्मूज जलडमरूमध्य खोल देने की तो अगर वह ऐसा वह करता है और उस समय रूस चीन और अन्य शांति चाहने वाले देश नहीं बोले तो वर्ल्ड आर्डर पूरी तरह चेंज हो जाएगा। अमेरिका और इजराइल की वैश्विक दादागिरी कायम हो जाएगी। लेकिन यह संभव नहीं है। पहली बात तो खुद ईरान बहुत जबर्दस्त प्रतिरोध करेगा। युद्ध बहुत खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाएगा। और रूस एवं चीन साथ ही यूरोप के दूसरे देश भी इस तरह अमेरिका इजराइल को मनमानी नहीं करने देंगे। क्योंकि इसका सीधा मतलब होगा दुनिया का एक ध्रुवीय हो जाना। यहां की जीत का मतलब फिर अमेरिका रूस से अपनी शर्तो पर यूक्रेन से समझौता करवाएगा। इसलिए आने वाले दो दिन बहुत महत्वपूर्ण होंगे। युद्ध किसी भी सीमा तक जा सकता है। अरब देशों के लिए बड़ा संकट। अमेरिका तो ईरान से 11 हजार किलोमीटर दूर बैठा हुआ है।

इजराइल भी दो हजार किलोमीटर है। आसपास तो सारे अरब देश ही लगे हैं। राजशाही और शासकों की मनमानी नीतियों के खिलाफ अरब देशों में कई बार आवाजें उठ चुकी हैं। 15 साल पहले खाड़ी देशों में अरब स्प्रिंग के नाम से बड़ा जन आंदोलन हुआ था। लोग लोकतंत्र की मांग कर रहे थे। वह आवाजें फिर उठ सकती हैं। जनता की मर्जी के खिलाफइजराइल अमेरिका को समर्थन देना अरब देशों को भारी पड़ सकता है। ईरान की जनता की बहादुरी मिसाल बन गई है। अमेरिका ने हमला रीजिम चेंज (शासन बदलने) के नाम पर किया था। मगर जनता और मजबूती के साथ वर्तमान सरकार के साथ खड़ी हो गई। सरकारों को हराया जा सकता है। जनता को कौन हरा सकता है? और ईरान की जनता का यह मैसेज दूसरे देशों की जनता में भी जा रहा है। खासतौर से अरब देशों की जनता में। वहां के शासकों को सावधान हो जाना चाहिए। अमेरिका इजराइल की गुलामी से बाहर आ जाना चाहिए। *(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य



## प्यास

**संजय एम तराणेकर**

यह नदी नहीं, शायद घाव है कोई,
जिसमें बहता रहता दुख का पानी।
किनारे बैठा है छोटा-सा वह बच्चा,
आँखों में है समाई अधूरी कहानी।

जैसे किनारे उम्मीद समेट रहा हो।
इन नन्हें हाथों में भर लेता है पानी,
यूं खुद को दुनिया से जोड़ रहा हो।
गन्दगी में ढूँढे अपनी जीवन रवानी,

उसके नंगे पाँव, फटेहाल हैं दुनिया,
वह मासूमियत से भरी हुई निगाहें।
कौन? छीन लें गया उसका बचपन,
क्यों? सूनी-सी हो गई उसकी राहें।

यहाँ प्यास सिर्फ पानी की नहीं है,
एक प्यास है अपने सम्मान की भी।
एक साफ़-स्वच्छ कल की चाहत में,
ये अपनी खोई हुई पहचान की भी।

हे दुनिया वालों अब जागो-जगाओ,
ये सवाल आज भी बहुत गहरा है—
क्यों? हमारे बच्चे पिएँ गन्दा पानी,
ये समझना विकास कहाँ ठहरा है?



## राशिफल

**मेषः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचौनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं।

**धनुः-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# दुनिया कौन चला रहा है?

*प्रेरणा*

इतिहास में कभी-कभी कुछ ऐसा घटता है कि दुनिया को कठपुतली बनाकर नचाने वालों का भांडा फूट जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ था 2004 में, जब जॉन पर्किन्स नाम के एक सज्जन ने कंफेशन्स ऑफ एन इकानामिक हिटमैन (एक आर्थिक हत्यारे की स्वीकारोक्ति) किताब प्रकाशित की थी। इस पर बड़ा हंगामा हुआ था, लेकिन कोई उसे झुठला नहीं सका, क्योंकि पर्किन्स ने किताब की शुरूआत में ही बता दिया था कि वे खुद भी एक इकानामिक हिटमैन रहे थे। क्या मतलब है इकानामिक हिटमैन का? पर्किन्स बताते हैं कि दुनिया के सभी अमीर देश इकानामिक हिटमैन पालते हैं जिनका काम ही है कि वे विकासशील देशों के नेताओं से नजदीकी रिश्ता बनाते हैं और फिर विकास या संपन्नता या गरीबी हटाओ जैसे लुभावने मंजर दिखाकर, उन्हें बड़े विदेशी ऋण लेने के लिए तैयार करते हैं। वे बताते हैं कि आपको ऋण के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं, वह हम लाकर देंगे!

पर्किन्स लिखते हैं कि यह मछली फंसाने जैसा है। एक बार मछली फंसी तो अमेरिका-यूरोप की सरकारों, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की चांदी हो जाती है। विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है, सो ऐसी परियोजनाओं के लाभ का लुभावना सब्जबाग ऐसा खड़ा किया जाता है कि विकासशील देशों की सरकारें बड़े-बड़े ऋण ले लेती हैं। ऋण का पैसा उनके हाथ आता भी नहीं है, क्योंकि उन्हीं अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के एजेंट विकास परियोजनाओं का ठेका भी ले लेते हैं। जिसका पैसा था, उसी की जेब में वापस पहुंच जाता है, जबकि ऋण लेने वाले देश पर कर्ज लद जाता है। एक बार देश कर्ज में फंसा तो शुरू होता है महाशक्तियों का खेल! कर्ज माफी या कर्ज की शर्तों में ढील के नाम पर उस देश पर जबर्दस्त राजनीतिक, आर्थिक या सैन्य दबाव डाला जाता है, ताकि वह अपनी राष्ट्रीय नीतियों में उनके अनुकूल बदलाव करे तथा अपने प्राकृतिक संसाधनों को निजी कंपनियों के लिए खोल दे।

कर्जदार देश घुटने टेक देता है और इकानामिक हिटमैन अपना कमीशन लेकर आगे चल देता है- नया देश, नया शिकार खोजने। पर्किन्स की किताब पढ़ते हुए मुझे 1991 का आर्थिक संकट याद आया। तब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खत्म हो चुका था। बताया गया था कि मात्र 2-3 हफ्तों की जरूरत लायक डॉलर देश के पास बचे हैं। सरकार को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) और विश्वबैंक से आपातकालीन ऋण लेना पड़ा। ऋण तो मिला, लेकिन उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण उस ऋण के साथ आया। आपको विकीलीक्स याद है? एक अंतरराष्ट्रीय वेबसाइट जो गुप्त सरकारी व कॉर्पोरेट दस्तावेजों की जासूसी कर, उन्हें सार्वजनिक करती है? इसकी स्थापना 2006 में जूलियन असांजे नामक युवा ने की थी। वह कहता था कि सरकारों, शक्तिशाली वित्तीय संस्थाओं आदि के गुप्त दस्तावेजों का खुलासा करना जरूरी है, ताकि लोग जान सकें कि उनके साथ कितना खतरनाक खेल हो रहा है। इससे सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता बढ़ेगी और दादा देश जवाबदेही से काम करेंगे। इससे नाराज होकर सरकारों ने असांजे को जेल में डाला, देश-निकाला भी दे दिया। आज वह दर-दर की ठोकरें खा रहा है, पोशीदा जीवन जी रहा है। विकीलीक्स के खुलासों से 2008 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते और उससे जुड़े सांसदों को कथित रिश्वत दिए जाने के आरोप सामने आए। आज की देखें तो अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के बीच भारत सरकार एटॉमिक एनर्जी एक्ट, 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज एक्ट, 2010 में बदलाव ला रही है। बात सीधी है : टैरिफ में छूट चाहते हो तो परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी और विदेशी निवेश के लिए खोलना होगा। सालों पहले जिस एपस्टीन की मौत हो चुकी है उसके सेक्स-कांड की परतें जिस तरह खुल रही हैं, उससे लगता है मानो वह कब्र से बोल रहा हो। दरअसल, एपस्टीन सिर्फ एक अमीर कारोबारी नहीं थाय वह सत्ता के गलियारों में सक्रिय एक बेहद असरदार दलाल था।

पैसे और प्रतिष्ठा की आड़ में उसने दुनिया के बड़े-बड़े राजनेताओं, धनकुबेरों, वैज्ञानिकों, विचारकों, शिक्षाविदों और स्वयंभू समाजसेवियों का एक घना और प्रभावशाली नेटवर्क खड़ा कर लिया था। इसी नेटवर्क के भीतर वह लोगों की कमजोरियों और वासनाओं को हथियार बनाता था। नतीजे में यह जाल इतना शक्तिशाली बन गया कि उसके जरिए वह दुनिया के किसी भी कोने से अपने मनमुताबिक काम निकलवा सकता था। ऐसे में मैं गांधी की बात करूं? तब आजादी निकट थी। एक पत्रकार ने पूछा क्या आजाद भारत अपने विकास के लिए ब्रिटेन का मॉडल अपनाएगा? छोटे-से ब्रिटेन को अपनी दादागिरी बनाए रखने के लिए पूरी दुनिया पर राज करना पड़ा था, गांधीजी ने तक्षण जवाब दिया, अगर विशाल भारत वही रास्ता अपनाएगा तो उसके लिए तो दुनिया भी कम पड़ जाएगी! क्या कह रहे थे गांधीजी? यही कि यह विकास विनाश का दूसरा नाम है। कल के इंग्लैंड की बात छोड़िए, आज के अमेरिका को ही देखिए! सबसे अमीर देश बने रहने के लिए वह एक पागल हाथी की तरह घूम रहा है। ट्रंप की घोषणा है कि अमेरिका दुनिया भर से टैक्स वसूलेगा और अपना सामान बिना टैक्स हर जगह बेचेगा। तेल की लूट करने और अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए वह कहीं नेताओं का अपहरण कर रहा है, कहीं उनका कत्ल करवा रहा है, कहीं युद्ध भड़का रहा है, कहीं बगावत करने उकसा रहा है। दुनिया के कई देश उसके सामने झुक रहे हैं जिनमें भारत भी शामिल है। आज अमेरिका तय कर रहा है कि हम किससे तेल खरीदें, किससे कूटनीतिक संबंध रखें, किससे युद्ध करें, कब समझौता कर लें। इसे जंगल का कानून कहते हैं। सभ्य समाज की रीत क्या है? गांधीजी कहते हैं स्वदेशी! मेक इन इंडिया नहीं, मेड इन इंडिया! जब भी हम कुछ खरीदें, यह सोचें कि हमारा पैसा किसकी जेब में जा रहा है? अपने गांव में किसी की, पड़ोसी गांव में किसी की या फिर अपने ही देश में किसी की? अगर हां, तो यह स्वदेशी है! दुनिया पर्यावरण संकट से जूझ रही है इसलिए उत्पादन और तकनीक दोनों ऐसे हों कि प्राकृतिक संतुलन बिगड़े नहीं व मानवीय श्रम लुटे नहीं। यह होगा तब कोई पूछेगा कि दुनिया कौन चला रहा है तो हम गर्व से कह सकेंगे अपनी दुनिया हम स्वयं चला रहे हैं। आजादी का यही मतलब है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### दो सौ बावन ग्राम हीरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार



**हरदोई।** पिहानी पुलिस ने एक मादक पदार्थ के तस्कर को हीरोइन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा जनपद में अवैध नशीले पदार्थ के निर्माण/बिक्री/परिवहन करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल और पुलिस बल द्वारा रत्नेश पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम गजुआ खेड़ा थाना पिहानी को 252 ग्राम हीरोइन सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में थाना पिहानी पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया।

### समाधान दिवस की शिकायतों का सात दिवस में किया जाए निस्तारण- सीडीओ



**शाहाबाद हरदोई।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में शनिवार को संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने की। इस मौके पर पुलिस और राजस्व से संबंधित 44 शिकायतें आई। जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तहसील दिवस में पहुंची। उन्होंने यहां पर सभी फरियादियों को एक-एक करके सुना। चवालिस शिकायतों का पंजीयन किया गया जिनमें से सात शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण के दिया गया। उक्त अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर निस्तारण होना चाहिए। अधिकारी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें। शिकायतकर्ता को पूर्ण संतुष्टि होनी चाहिए। अगर किसी ने भी शिकायत निस्तारण करने में लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, नायब तहसीलदार शाहाबाद, नायब तहसीलदार पंडरवा आदि मौजूद रहे।

### अनंगपुर उपकेंद्र के दो गांव में बिजली विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी, चोरी करते पकड़े गए 5 उपभोक्ता



**अनंगपुर हरदोई।** अधीक्षण अभियंता राजीव भट्ट के निर्देशन में सोमवार की भोर में चलाए गए मार्निंग स्ट्राइक अभियान से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। अवर अभियंता भैयालाल पाल के नेतृत्व में बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों ने पचदेवरा थाना क्षेत्र के धानी नगला और वन्ननैया में सुबह चार बजे ही घेराबंदी कर हाई लाइन लास वाले फीडरों पर सघन छापेमारी की।अवर अभियंता ने कहा कि उपरोक्त दोनों गांव में पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा धानी नगला में एक और वन्ननैया में चार उपभोक्ताओं को बिजली का गलत इस्तेमाल करते हुए रंगे हाथों दबोचा गया है अवर अभियंता भैयालाल पाल ने बताया कि कई स्थानों पर एलटी लाइन से सीधे तार जोड़कर बिजली चोरी करते उपभोक्ता पकड़े गए। मौके से बड़ी मात्रा में अवैध तार जब्त किए गए और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कर साक्ष्य सुरक्षित किए गए। अधीक्षण अभियंता रजीब भट्ट ने हरदोई के सभी अधिकारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बिजली चोरी करते पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करे साथ ही भविष्य में कभी कोई भी उपभोक्ता चोरी करने की हिम्मत न करे वही अवर अभियंता भैयालाल पाल ने बताया कि पांचों उपभोक्ताओं पर विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज करवा दिया गया इस दौरान टीम में अवर अभियंता भैयालाल पाल, अमन परमार,अभिषेक शुक्ला,अमन शुक्ला,लल्ला बाबू,बबलू लाइन मैन के साथ कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### खुलासा: साढ़ू की पत्नी ने ही की थी अपने बहनोई की हत्या

**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के ग्राम सहोरा में संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने मृतक की साली को गिरफ्तार कर युवक के हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। आरोपी महिला को पुलिस ने जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 22 मार्च को कोतवाली छेत्र के ग्राम नगला लौथू निबासी 40 वर्षीय अखिलेश का शव सहोरा निबासी उसके साढू लालाराम के घर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाँच शुरू की थी।हत्याकांड में मृतक के भाई विमलेश कुमार पुत्र स्व. रामकृष्ण ने पुलिस कों तहरीर देकर बताया बडे भाई अखिलेश कुमार 19 मार्च को रोड तक जाने की बात कहकर घर से निकले थे जो घर वापस नही आये। 20 मार्च कों भाई का शव उनके साढू लालाराम के गांव सहौरा में उनके घर चारपाई पर पडा पाया गया।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सूरज पुत्र मेडई, अनारकली पत्नी स्व. लालाराम व सरजू की पत्नी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राय और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद अनारकली पत्नी स्व. लालाराम को गिरफ्तार किया गया है। सीओ शाहाबाद/एएसपी आलोक राज नारायण ने कहा गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया मृतक अखिलेश की पत्नी का 05 वर्ष पूर्व निधन हो चुका था वह उसका रिश्ते में बहनोई था और उसके घर अक्सर आना जाना था। 20 मार्च को वह अखिलेश कों घर छोड़ कर खेत पर काम करने गई थी इस दौरान मृतक द्वारा उसकी बडी पुत्री के साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया गया था।उसके घर के आने पर उसकी पुत्री ने सारी बात बताई। इसी बात के क्रोध में उसने अखिलेश का गला कस कर हत्या कर दी।

### सामूहिक विवाह समारोह आज तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**कालपी (जालौन)।** शासन की जनकल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 24 मार्च को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत कदौरा में 136 जोड़े तथा महेवा में 72 जोड़े शादी के बंधन में बंध जाएंगे। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में विभागीय अधिकारियों के द्वारा वैवाहिक कार्यक्रमों के स्थलों का घूम-घूम कर जायजा लिया तथा तैयारीयों को अंतिम रूप दिया गया है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी, एस एस आई उदय प्रताप सिंह तथा खंड विकास अधिकारी ने महेवा ब्लाक में मदारीलाल गुलजारीलाल इंटर कॉलेज के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल का घूम घूम कर जायज लिया तथा वर पक्ष व वधू पक्ष के बरातियों जानतीयों के ठहरने तथा खाने पीने की व्यवस्था की हकीकत देखकर व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। कदौरा ब्लाक में आयोजित कार्यक्रम में 72 जोड़ों की शादियां होंगी। इसी क्रम में एसडीएम की अगुवाई में कदौरा क्षेत्र में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल वीर सिंह इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। ब्लाक कदौरा क्षेत्र तथा नगर पंचायत कदौरा क्षेत्र के 136 जोड़ों की शादियां संपन्न होगी।

### जिलास्तरीय समाधान दिवस में अधिनस्थों को न भेजें अधिकारी: एडीएम



**कुलपहाड़, महोबा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी अपने अधिनस्थों को जिला स्तरीय समाधान दिवस पर न भेजें। जो भी अधिकारी उपस्थित नहीं रहेगा उनके खिलाफ स्पष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जो भी अधिकारी अनुपस्थित रहे उनके अधिनस्थों को कड़ी फटकार लगाते हुए हर विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 55 फरियादियों की शिकायतों पर 3 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज सिंह की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में किया गया। अपर जिलाधिकारी का पारा उस समय चढ़ गया जब अधिकारियों के स्थान पर अधिनस्थों ने अपनी उपस्थिति दी । उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जिला स्तरीय समाधान दिवस पर कोई भी अधिकारी अपने अधिनस्थों नही भेजेगा। अगर ऐसा करता है तो उससे स्पष्टीकरण मांगा जायगा। समाधान दिवस में 55 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण किया गया। माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को होने वाले तहसील समाधान दिवस को पिछले शनिवार को ईद का अवकाश होने के कारण सोमवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनकर एक सप्ताह के अंदर मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियोंड को देते हुए कहा कि इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मातृ शक्ति को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना सरकार की मंशा: मंत्री

- सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित कर रही है: नितिन अग्रवाल
- स्वयं सहायता की महिलायें अपने समूह को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये: प्रेमावती
- भारत व प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है: अजीत सिंह बब्बन



**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के नव निर्माण में 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज 9 दिवसीय कार्यक्रम में गांधी भवन परिसर में आयोजित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण एवं सरस मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के साथ फीताकाट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता महिलाओं को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि मातृ शक्ति को सामाजिक व आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है और इसी कड़ी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मशीन का वितरण किया जा रहा है जिससे वह अपने समूह का संचालन करने के साथ सिलाई मशीन से अपने उत्पाद तैयार करें और अपनी आय दोगुनी करें। उन्होने कहा कि सरकार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगलता योजना तथा उज्जवला योजना आदि योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि महिलायें देश की महत्वपूर्ण कड़ी है और आज महिलायें विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाकर आत्म निर्भर बन रही है। उन्होने कहा कि स्वयं सहायता की महिलायें अपने समूह को आर्थिक रूप से मजबूत बनाये और अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करें ताकि उनका भविश्य उज्जवल हो। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि प्रदेश सरकार अनेको योजनायें चलाकर महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में ब्लाक बावन के 800, टड़ियावां, हरियावां के 200-200 तथा सुरसा के 225 कुल 1425 स्वयं सहायता समूहों को निःशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बावन, टड़ियावां, हरियावां, सुरसा एवं अहिरोरी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार द्विवेदी, अर्थ एवं संख्या अधिकारी रामप्रकाश वर्मा, पीडी अशोक कुमार मौर्य सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ एवं भारी संख्या में स्वयं सहायता की महिलायें उपस्थित रही।

## राजनीति नहीं जनता की सेवा करना ही है लक्ष्य: रजनी तिवारी

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



शाहाबाद बिधान सभा क्षेत्र सें बिधायिका एवं प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के अथक प्रयासो से मुख्य मंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत 391.00, लाख रूपयो की लागत से नगर पालिका परिषद शाहाबाद में कराए गए सीमाबिस्तार के मोहल्ला उधरनपुर जटपुरा, मिश्रीपुर, सिकन्दर पुर कल्लू,नरायनपुरबा, बमियारी, सफीपुर, दौलतियापुर, लालपुर, सहित सीमाबिस्तार में गांव जो कि अब नगर पालिका में है जिनमें 31 महत्व पूर्ण सडको के निर्माण की स्वीकृत मिल जाना बताया गया है। सीमा बिस्तार के लिए नगर पालिका परिषद मे जोडे गए गांव/मोहल्लो/बिधान सभा क्षेत्र मे निरन्तर बिकास कार्यो के प्रति सजक रहने वाली प्रदेश सरकार मे उच्च शिक्षा राज्य मंत्री की भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पाण्डेय उर्फ पिंटू पाण्डेय ने घूरि घूरि प्रशंसा की है श्री पाण्डेय ने कहा कि इन सडको के बन जाने से आम जन मानस को आबागमन में बहुत सुबिधा होगी।श्रीमती तिवारी का कहना है कि क्षेत्र की जनता की सेवा करना ही उनका मुख्य लक्ष्य है।

## योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें: डीएम

- अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व की टीम का सहयोग करें: अशोक कुमार मीणा

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



तहसील सदर में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा के सबसे निचले पायदान के पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें और प्रत्येक गरीब व पीड़ित व्यक्ति को निष्पक्ष न्याय दिलायें। जिलाधिकारी ने अवैध भूमि कब्जों की शिकायत पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गांवों में अवैध कब्जा की गयी सभी सरकारी एवं गरीबों की भूमि को पुलिस बल के सहयोग से कब्जा मुक्त कराये और कब्जा करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें तथा नियमित गांवों का भ्रमण करें और ग्रामीणों के छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण ग्राम प्रधान, सचिव एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित में आपसी सुलह समझौते के आधार पर करायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि थाने पर आने वाले गरीब एवं असहाय लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से ले और अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित रूप से गस्त करें और क्षेत्र के अपराधी, आराजक तत्वों, दबंग की प्रत्येक दिन की गतिविधियों की जानकारी बीट सिपाहियों एवं चौकीदारों से लेते रहें साथ ही सरकारी व गरीबों की अवैध भूमि कब्जा मुक्त कराने में राजस्व विभाग की टीम का सहयोग करें। सम्पूर्ण समाधा दिवस में प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सिटी मजिस्ट्रेट, डीएफओ, सीएमओ डॉ. भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, डीडी कृषि एवं सीओ सिटी ने अग्नि पीड़ित तोताराम, राजकुमार, दिन्ने, सोनी व दरिया को दैवीय आपदा योजना के तहत रू.-10,500 की तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना में सीमादेवी व मिथलेश कुमारी को पांच-पांच लाख रूपयें के डेमो चेक प्रदान किये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, ईओ नपा सहित थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## लंबे समय से पुरानी खतौनी की समस्या का मौके पर समाधान, 7 फरियादी के चेहरे पर लौटी मुस्कान

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने दिए निर्देश- शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व पारदर्शी से हो

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील माधौगढ़ के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को टीम बनाकर उसी दिन कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम हसुपुरा निवासी मुन्नालाल पुत्र काशी प्रसाद की लंबे समय से लंबित खतौनी त्रुटि की समस्या को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही समाधान कराया। समस्या के निस्तारण से फरियादी के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक उठी। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करना है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, संवेदनशील एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा निस्तारित मामलों की सूचना समय पर फरियादियों को उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप जिलाधिकारी राकेश सोनी पुलिस क्षेत्राधिकारी, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाल कर किया जागरूक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति के फेज पांच के द्वतीय चरण की सफलता के लिए सोमवार को पुलिस लाइन में बाइक रैली का आयोजन किया गया।जिसमे महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाल कर महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में सबसे अधिक प्रोत्साहन मिशन शक्ति योजना को मिल रहा है। सरकार ने महिलाओं के स्वाबलंबन और सुरक्षा कों लेकर मिशन शक्ति फेज पांच के द्वितीय चरण की सफलता के लिए सोमवार कों महिला पुलिस कर्मियों ने बाइक रैली निकाल कर जागरूक किया। किसी भी अपराध या उत्पीड़न की स्थिति में वे कैसे और कहां शिकायत दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जारी हेल्पलाइन नंबरों में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस, 101 अग्निशमन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। इन नंबरों पर त्वरित मदद उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने यह भी बताया कि नई साइबर सुरक्षा नीतियों और कानूनों के तहत ऑनलाइन ठगी, फेक प्रोफाइल और डिजिटल उत्पीड़न जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## सरस्वती पब्लिक स्कूल में एडवेंचर कैंप का आयोजन



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा के सरस्वती पब्लिक स्कूल में सोमवार को एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया है। इस कैम्प में इन बच्चों ने कमांडो ब्रिज,वैली क्रासिंग, जिग जैड वाक, लांग ब्रिज, टायर वाल, रसियन वाल सहित अन्य गतिविधियों में भाग लिया है। इसका उद्देश्य बच्चों को नये नये कौशल सीखना और सहनशीलता की भावना को विकसित करना है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख वीणा पाण्डेय, सरस्वती पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष शिवकुमार पाण्डेय, स्कूल के प्रशासक डॉ नरेन्द्र सिंह गौतम, कार्यालय प्रमुख रवीन्द्र सिंह राठौर सहित स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे हैं।

## विश्व जल दिवस पर परमार्थ संस्थान की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

- जल संकट से निपटने के लिए वर्षा जल संचयन, महिला नेतृत्व और सामुदायिक भागीदारी पर जोर

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**




पनवाड़ी क्षेत्र में विश्व जल दिवस के अवसर पर परमार्थ समाज सेवी संस्थान द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें बुंदेलखंड में बढ़ते जल संकट और उसके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में जल संरक्षण, स्थानीय शासन की भूमिका तथा समुदाय आधारित प्रयासों को जल संकट से निपटने का प्रभावी माध्यम बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परमार्थ संस्थान के डायरेक्टर अनिल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है और भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि भूजल का दोहन तेजी से बढ़ रहा है जबकि पुनर्भरण पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने यह भी कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं के नेतृत्व को मजबूत करना समय की मांग है और जल सहेलियां आज जल संरक्षण की मजबूत पहचान बन चुकी हैं। बीपीएम वसीम ने कहा कि कुछ वर्ष पहले जहां कम गहराई पर पानी उपलब्ध हो जाता था, वहीं अब जलस्तर काफी नीचे पहुंच चुका है। पनवाड़ी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश इंजीनियरिंग ने भी जल संरक्षण के महत्व पर जानकारी दी। जल निगम के जेई देवेंद्र ने वर्षा जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। जल सहेली मदीना और दीपा ने बताया कि गांवों में सामूहिक प्रयासों से पानी की स्थिति में सुधार हुआ है तथा बुंदेलखंड की छह नदियों के पुनर्जीवन के लिए कार्य किए गए हैं। कार्यक्रम में मंजू, मुकेश चौधरी, रामेश्वर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस में आई डेढ़ दर्जन से अधिक फरियाद, एक का मौके पर निस्तारण



**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के तहसील परिसर पर आयोजित समाधान दिवस में आए डेढ़ दर्जन से अधिक मामलों में केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। इस मौके पर मंडल आयुक्त व डीआईजी ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कर फरियादियों की समस्याएं सुनी नगर के तहसील परिसर पर स्थित सभागार भवन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी करण वीर सिंह ने की। इस मौके पर मंडलायुक्त अजीत कुमार व डीआईजी राजेश यस ने भी अचानक समाधान दिवस पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर फरियादियों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में कल 20 फरियादी मामले आए जिसमें केवल एक ही मामले का निस्तारण मौके पर हो सका। सबसे अधिक मामले राजस्व व पुलिस से संबंधित रहे। नगर के अधिवक्ता उमाशंकर मधुपिया ने मंडलायुक्त को बताया कि उन्होंने तहसील परिसर में स्ट्रीट लाइट लगवाने को लेकर नगर पालिका से मांग की थी लेकिन तहसील परिसर में आज तक लाइटें नहीं लग सकी। इसी प्रकार उमाशंकर का कहना है कि नगर में गौशाला के जिम्मेदारों ने गायों को तो गौशाला में पहुंचा दिया लेकिन नगर के मुख्य मार्ग पर साड़ आज भी छुट्टा वितरण कर रहे हैं जो लोगों को घायल करने के अलावा मौत की घाट उतारने से भी नहीं चूकते। समाधान दिवस के दौरान मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि समाधान दिवस में आने वाले फरियादी मामलों की जांच कर समय से निस्तारण करें। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय के अलावा क्षेत्र के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते बेखौफ दबंगों ने दिनदहाड़े गोली मारकर युवक को उतारा मौत के घाट

- बीच-बचाव करने आए पिता को बेरहमी से पीटकर किया लहूलुहान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



खरेला थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुलिस से बेखौफ दबंगों ने खेत से घर जा रहे पिता-पुत्र को रास्ते में रोक कर लाठी-डंडे,कुल्हाड़ी और तमंचे से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां तैनात डॉक्टर ने पुत्र को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप सेक घायल पिता का इलाज चल रहा है। दिनदहाड़े हुई इस जघन्य वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। फिलहाल पुलिस ने घायल की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। बताया जाता है कि दिनदहाड़े पुलिस से बेखौफ दबँगों के तांडव की यह सनसनीखेज वारदात खरेला थानाक्षेत्र के चंदौली गाँव की है। जहाँ के रहने वाले 65 वर्षीय मंगल सिंह राजपूत अपने 30 वर्षीय पुत्र नरेन्द्र राजपूत के साथ खेत में कृषि कार्य करने के बाद वापस घर लौट रहे थे तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले दबंगों ने पिता-पुत्र को रास्ते में रोक लिया और तमंचा,लाठी-डंडे एवं कुल्हाड़ी से हमला कर बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। दबंगों के हमले में गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने नरेंद्र राजपूत को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मंगल सिंह का इलाज चल रहा है। दिनदहाड़े हुई इस जघन्य वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस सहित अपर पुलिस अधीक्षक और फील्ड यूनिट टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई। फिलहाल पुलिस ने घायल मंगल सिंह की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। दबंगों के हमले में घायल मंगल सिंह ने बताया कि हम खेत से वापस घर लौट रहे थे तभी पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही रहने वाले दबंगों ने हमला कर दिया और फायरिंग करते हुए पुत्र को गोली मार दी बीच विचार करने पर मुझे भी दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए इससे पहले भी दबंगों द्वारा मारपीट की गई थी हम लोगों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों को खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस की टीम ने घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान पुत्र की मौत हो गई है जबकि पिता का इलाज चल रहा है जो खतरे से बाहर है घायल की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में महिला ने बच्ची के साथ मारपीट की किया शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** एस डी एम की अध्यक्षता में आज तहसील मुख्यालय सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस समाधान दिवस में सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइलपुर गांव से पहुंची एक दिव्यांग व अनुसूचित जाति की महिला मिथिलेश कुमारी पत्नी शिवकुमार ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार 22 मार्च की शाम करीब 6 बजे गांव स्थित तालाब के पास अपने गांव के रहने वाले खलील की 10 वर्षीय बेटी के साथ बकरी चरा रही थी कि इसी बीच गांव की रहने वाली विपक्षी शिवमती विश्वकर्मा पत्नी पंकज विश्वकर्मा आई पेड़ चराने की बात कहकर उसे थप्पड़ों से मारने लगी बचाव के लिए जब दिव्यांग महिला आई तो उसे भद्दी भद्दी गालियां दी और थप्पड़ों से मारा पीटा शोरगुल सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी महिला फरार हो गई। घटना के बाद पीड़िता दिव्यांग महिला थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने महिला से तहरीर ले ली और घंटों तक थाने पर बैठाया रखा इसके बाद कहा कि सुबह आओ तो तुम्हारी डॉक्टरी कराई जाएगी। आज सोमवार की सुबह जब दिव्यांग महिला थाने पहुंची तो उसको डाट कर भगा दिया। पुलिस ने मेरी न रिपोर्ट लिखी और न ही मेडिकल परीक्षण कराया गया। दिव्यांग महिला की थाने पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो इसके बाद तहसील समाधान दिवस में जाकर शिकायत दर्ज कराई। इसी दौरान गांव निवासनी सफरीन बानो ने भी तहसील समाधान दिवस में उक्त गांव निवासनी विपक्षी शिवमती के खिलाफ शिकायत की ।सफरीन ने बताया कि 2 दिन पूर्व रात में वह अपने घर पर लेटी हुई थी कि तभी यही महिला विपक्षी शिवमती रास्ते से गुजरी पत्थर मार कर भाग गई। गनीमत रही कि यह पत्थर नहीं लगा । दूसरे दिन वह अपने मां के साथ बकरी चरा रही थी तभी वह फिर दोबारा आ धमकी फिर गाली गलौज किया जब इसका वीडियो बनाने लगी तो उसने डंडा मार कर मेरा मोबाइल फोड़ दिया। घटना की शिकायत लेकर जब थाने पहुंची तो पुलिस ने उल्टा मुझे ही फटकार लगाई और कहा कि वह पागल है और कोई कार्यवाही नहीं की सफरीन का आरोप है कि पुलिस के बीच उसका उठना बैठना है पुलिस उसको थाने पर बैठाकर चाय पिलाते हैं।

## बृजेश रावत बने भाजपा जिला महामंत्री, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी नई सूची जारी की है जिसमें पूरे भुलभूलिया गांव निवासी युवा भाजपा नेता बृजेश रावत को भाजपा जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। जिससे स्थानीय भाजपा नेताओं में हर्ष का माहौल है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने बृजेश रावत के आवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की हैं। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता बृजेश रावत ने कहा कि जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी ने मुझे यह दायित्व सौंपा है मैं उसे पद की गरिमा को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ बनाए रखूंगा और पार्टी के हित में सदैव कार्य करता रहूंगा। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी (भाकियू राष्ट्रीयता वादी) ने सोमवार को हैदरगढ़ के एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन आगामी 27 मार्च को हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर जीआरएम के आगमन पर उनके स्वागत और ट्रेन ठहराव सुनिश्चित करने की अनुमति मांगने के संबंध में दिया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विधिचंद यादव तहसील मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम को जीआरएम के नाम संबोधित ज्ञापन देकर अनुमति की मांग की। जिला अध्यक्ष विधिचंद यादव ने बताया कि 27 मार्च को जीआरएम के आगमन पर 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल उनका स्वागत करेगा।

## प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने पर किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, कौशांबी।** प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के नौ वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज किसान सम्मेलन एवं विभिन्न योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किये जाने का कार्यक्रम उदयन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पी.के. शुक्ला एवं भूमि संरक्षण अधिकारी विपिन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कृषि वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार ने कृषकों को खेती के बारे में जानकारी प्रदान की तथा जैविक खेती/प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया। भूमि संरक्षण अधिकारी ने भूमि संरक्षण अनुभाग द्वारा संचालित खेत-तालाब योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए जागरूक किया।मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य ने कृषकों को मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक ने उपस्थित सभी कृषकों को फार्मर रजिस्ट्री की महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में कृषकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया,जिसमें कृषक शैलेन्द्र कुमार व आलोक कुमार को कृषि यंत्र पर अनुदान प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पी.एम. कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पम्प की स्थापना के लिए कृषक रत्नाकर सिंह,राम नरेश, सुमित्रा देवी एवं सुभाषचन्द्र को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# मिशन शक्ति फेज 5 अभियान चलाकर बालिकाओं को जागरूक किया गया

**महाराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वालंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 के तहत अभियान कलाकार चैत्र नवरात्रि के दौरान एंटी रोमियो टीम बाइक स्कूटी रैलियां और हेल्पलाइन नंबर 1090 112 के जरिए वशालत नगर प्राथमिक विद्यालय कि छात्राओं को चन्दापुर पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और साइबर अपराधों से बचाव सुनिश्चित करना है। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बालिकाओं को



विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई इनमें 1090 महिला पावर लाइन 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 102 108 एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन शामिल थे उन्हें विषम परिस्थितियों में इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया कि योजनाओं में रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना प्रमुख थी।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनता की समस्याएं

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।**

डलमऊ तहसील सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष अन्य बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है राजस्व पुलिस अवैध कब्जे एवं राशन कार्ड से जुड़ी विभिन्न समस्याएं आई एक फरियादी को उसके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर निर्गत किया गया। सोमवार को को डलमऊ में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने पहुंचकर लोगों की फरियादें सुनी बरारा बुजुर्ग से राज सिंह के साथ



दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर गांव में आवा गमन के लिए बने मार्गो को खुलवाए जाने की गुहार लगाई पूरे गुरु देवली से आई आराधना एवं रोली ने गांव के ही लोगों पर आने-जाने वाले आवागमन को अवरोध करने की शिकायत की महिलाओं का आरोप है कि विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हैं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं इस पर पुलिस अधीक्षक ने डलमऊ कोतवाल को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया मधुकरपुर प्राचीन के धीरेंद्र सिंह ने खतौनी में गलत नाम दर्ज होने की शिकायत की। शोभवापुर पखरौली निवासी ब्रजकिशोर ने छेत्रीय लेखपाल पर अंस निर्धारण को दुरुस्त करने के लिए 20000 की मांग किए जाने की शिकायत की पीड़ित का आरोप है कि लेखपाल ने ही उनके हिस्से की जमीन का गलत निर्धारण किया और अब सही करने की एवज में रुपए की मांग कर रहे हैं पेसी पर जा रही पूरे सेखन निवासिनी लक्ष्मी देवी व उसके बेटे से मारपीट की गई विपक्षियों ने रास्ते में घात लगाकर दोनों पर हमला बोल दिया और लहूलुहान कर दिया पीडिता ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने की शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई।

**37 शिकायतों में से चार शिकायतों का हुआ निस्तारण**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आई हुई सभी शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया और कहा कि सभी फरियादियों की समस्याओं को समय से निस्तारित किया जाए पुलिस विभाग से आई शिकायतों के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने डलमऊ एवं गदागंज थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित करने के लिए कहा है इस मौके पर उप जिला अधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह तहसीलदार मंजरी सिंह खंड विकास अधिकारी अशोक सचान एवं अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### जिला अस्पताल में मरीजों की उमड़ी भारी भीड़

**पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में लगे दिखे लोग**



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गर्मी के मौसम के दस्तक देते ही मलिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय असैदापुर मुख्यालय गौरीगंज में मरीजों की भारी भीड़ देखने को मिली है। सोमवार 23 मार्च को अस्पताल के बाह्य रोगी पंजीकरण काउंटर पर पंजीकरण कराने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली है, जो कि लाइन में लगकर अपनी अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। लगभग दो सप्ताह से बाहर से आने वाले रोगी का ऑनलाइन पंजीकरण कराया जा रहा है जिसके चलते सिस्टम में कभी कभी सर्वर की समस्या से देर तक पंजीकरण बाधित हो जाता है। गौरतलब हो कि अस्पताल प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाले मरीजों के पंजीकरण के लिए पहले दो काउंटर खोले गए थे जो कि बढ़ती भीड़ को देखते हुए तीन कर दिए गए हैं। फिर भी मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लोगों को लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे मरीजों व तीमारदारों में रोष है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए लोगों ने वाह्य रोगी पंजीकरण काउंटर की संख्या बढ़ाने की मांग की है, भीड़ में लगे लोगों द्वारा कहा जा रहा है कि यदि पंजीकरण काउंटर की संख्या पांच या छः कर दी जाए तो इस भीड़ भरी व्यवस्था से निजात मिल सकती है।

### भौतिक स्टाम्प पत्रों की सूचना सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय को करायें उपलब्धः एस.बी. सिंह

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** सहायक महानिरीक्षक निबंधन रायबरेली एस0बी0 सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा जनपद में अवस्थित प्रदेश के सरकारी संस्थानों के साथ-साथ व्यक्तिगत तौर पर क्रय किये गये व वापसी हेतु लंबित रु0 10000 से रु0 25000 मूल्य वर्ग के भौतिक गैर न्यायिक स्टाम्प पत्रों के संबंध में सूचना प्राप्त एवं संकलित कर निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने आम जन सामान्य से कहा है कि शासन के निर्देशानुसार किसी भी व्यक्ति के पास रु0 10000, 15000, 20000 एवं रु0 25,000 के भौतिक स्टाम्प पत्रों के सम्बन्ध में सूचना कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबंधन रायबरेली को किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते है।

# न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए एसी मैकेनिक से सरेराह लूट के आरोपी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बीते 21 मार्च को नगर पालिका परिषद क्षेत्र गौरीगंज निवासी एसी मैकेनिक प्रेमनाथ मौर्य से सरेराह लूट को अंजाम देने वाले चार नाबालिग लड़कों को जनपद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कैमरे की मदद से लूटपाट करने वाले चारों नाबालिग को पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा था। पकड़े गए नाबालिगों के अभिभावक सफाई देकर बोल रहे थे कि मेरे बच्चों को फर्जी पुलिस ने पकड़ा है। वहीं पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज दिखाते हुए कहा कि बच्चों के अभिभावक देख ले कि उनके बच्चे क्या कर रहे है। पकड़े गए नाबालिग बदमाशों ने अपना जुर्म भी कुबूल किया है। लड़के बोले हम लोगों का मंहगा शौक है, घर से उस हिसाब से खर्च नहीं मिलता है इसलिए लूटपाट करने की योजना बनाते थे। बता दें कि गौरीगंज पुलिस ने प्रेमनाथ मौर्य निवासी गौरीगंज वार्ड नम्बर 18 से शनिवार की शाम विशूरा के पास लूटपाट करने वाले नाबालिग बदमाशों को कैमरे की मदद से मात्र 12 घंटे में पकड़ कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। सूत्र बताते हैं कि इस प्रकरण में कुछ तथाकथित नेता और कुछ तथाकथित पत्रकारों ने बदमाशों को बचाने का प्रयास किया और पुलिस को फर्जी बदनाम करने की साजिश रची, लेकिन पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरा फुटेज दिखाने के बाद असफल रहे।

# ब्राह्मण कल्याण संस्थान के बैनर तले आयोजित हुआ ब्राह्मण सम्मान समारोह

**भूपेंद्र शुक्ला ने साध्वीश्री जी सहित ब्राह्मणों को किया सम्मानित**

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** ब्राह्मण कल्याण संस्थान के संयोजक अनिल शुक्ला की अध्यक्षता में रविवार को मुख्यालय गौरीगंज स्थित कल्याणम मैरिज लान में भव्य ब्राह्मण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरीगंज विधानसभा के यशस्वी समाजसेवी एवं जीएसटी कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले ब्राह्मणों को 'ब्राह्मण शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विख्यात




कथावाचिका साध्वी श्री जी की विशेष उपस्थिति सभा के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में आए ब्राह्मण नेताओं द्वारा आगामी परशुराम जयंती को भव्य और ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही समाज की एकता, संगठन और मजबूती पर बल देते हुए सभी ब्राह्मणों से एकजुट रहने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि 'ब्राह्मण समाज सदैव से ज्ञान, संस्कार और नेतृत्व का प्रतीक रहा है। आज आवश्यकता है कि हम अपनी परंपराओं को संजोते हुए सामाजिक एकता को और मजबूत करें। परशुराम जयंती जैसे आयोजनों के माध्यम से हमें नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ना होगा।' कार्यक्रम में लखनऊ से आए मेजर आशीष चतुर्वेदी ने उपस्थित ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए कहा कि 'देश और समाज की मजबूती के लिए एकजुटता बेहद जरूरी है। ब्राह्मण समाज ने हर दौर में राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करना चाहिए।' इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिक इंद्र कुमार पाठक, ज्ञानेंद्र पाण्डेय (अवधी मधुरस), राजेंद्र अमरेश, सुनील शुक्ल, रवि तिवारी, सज्जन पाठक, त्रिभुवन दत्त उपाध्याय, आजाद तिवारी, वैजनाथ तिवारी, विंध्याशरण तिवारी, शिवकरन पांडेय, विंध्याशरण शुक्ल, कमलाकर मिश्र, सुंदरलाल तिवारी, लल्लन मिश्र सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

# जिले की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता तहसील मुसाफिरखाना में रही। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील मुसाफिरखाना में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 2 का, तहसील अमेठी में 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का, तहसील तिलोई में 5 शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील




गौरीगंज में 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कवि समीर मिश्रा ने फहराई संचालन की पताका

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र अमेठी के घाघूघार गांव निवासी कवि समीर मिश्रा ने एक बार फिर से पड़ोसी जनपद सीमा से जुड़े चंडिका धाम में एक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मंच संचालन की पताका फहराई है। कृष्ण पाल सिंह इण्टर कॉलेज अर्जुनपुर प्रतापगढ़ में समीर मिश्रा ने 22 मार्च रविवार को संस्थापक स्व. कृष्ण पाल सिंह की स्मृति में एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन उनके सुपुत्र एवं विद्यालय प्रबंधक कौशलेंद्र प्रताप उर्फ अनिल सिंह द्वारा आयोजित किया गया। राधेश्याम पांडे दीन प्रतापगढ़ी के संयोजन में कई जिलों से कवि आमंत्रित किए गए थे अमेठी से मंचों के कुशल संचालक कवि समीर मिश्रा ने यहां भी साबित किया



कि संचालक वो इंजन है जो कार्यक्रम को आसमान की बुलंदी पर ले जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्व. कृष्ण पाल सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के बाद सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। निर्झर प्रतापगढ़ी ने पढ़ा आवा गोविन्दे भैंस चराई, निराश ने पढ़ा कि आवै गौरैया नाही हमारे दुवार हो, राज किशोर सिंह किशोर ने पढ़ा सत्य बात सुनने में नानी मर जाती है, नवीन ने दर्द भरा गीत भेजा न बाबू निर्मोहिया के गांव हो, पढ़कर लोगों की आँखें नम कर दिया कुमार तरल लखनऊ, अनीस देहाती, सुनील प्रभाकर, विजय बहादुर अक्खड़ , राजमूर्ति सिंह, ने भी अपने काव्य पाठ से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक एवं कॉलेज के प्रबंधक कौशलेंद्र प्रताप उर्फ अनिल सिंह ने कवियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य में जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने टीबी कक्ष पहुंचकर व्यवस्थाएं देखी, जिसमें साफ-सफाई व अन्य कमियां पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जयप्रकाश पटेल को तत्काल रूम की सफाई करवाने और शाम तक सफाई की फोटो उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने परामर्शदाता गायत्री देवी से हेपेटाइटिस और प्रेग्नेंसी के मामलों की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पूछा कि यदि किसी गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन 60 प्रतिशत से कम होने पर उसके उपचार बारे के बारे में जानकारी ली, जिसकी सही जानकारी न देने पर जिलाधिकारी कड़ी फटकार लगायी। जिलाधिकारी ने लैब के निरीक्षण के दौरान वहां होने वाली जांचों की जानकारी लेते हुये दवा भंडारण कक्ष को देखते हुये स्टॉक रजिस्टर को तत्काल अपडेट करने के निर्देश संबंधित को दिए। पंजीकरण कक्ष की जांच में पाया गया कि कुल 189 पंजीकरण हुए थे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सीबीसी, एक्सरे और विडाल जैसी महत्वपूर्ण जांचों का रिकॉर्ड अलग-अलग रजिस्टरों में व्यवस्थित तरीके से दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी ने ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, डेंटल रूम और लेबर रूम का भी निरीक्षण किया। परामर्श कक्ष में रजिस्टरों का रख-रखाव सही न मिलने और लेबर रूम सहित सीएचसी परिसर की ऊपरी मंजिलों पर गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिले की सभी तहसीलों पर हुआ संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**समृद्धि न्यूज**

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी डा.राजागणपति आर.एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव कुमार, तहसीलदार मिश्रिख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 55 शिकायतों में से 07 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 32 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील बिसवां में प्राप्त 16 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 40 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 15 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 14 प्रार्थना पत्रों में से 02, तहसील लहरपुर में प्राप्त 14 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## सचिव द्वारा फर्जी भुगतान का किया जा रहा खेल

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।** विकास खण्ड रेउसा में तैनात सचिव संतलाल पटेल के द्वारा अपनी ग्राम पंचायत काशीपुर में एक व्यक्ति ललित कुमार मिश्रा की खातिर पर लगभग ढाई लाख का भुगतान लगाकर सरकार और प्रशासन को चूना लगाने का कार्य किया है, जबकि सरकार के द्वारा ग्राम पंचायत में कर रहे मजदूरों की मजदूरी 251 रुपए तय की है। इस कीमत के अनुसार जो मजदूरी पूरी साल करें फिर भी इतना भुगतान नहीं होगा। जिससे स्पष्ट हो रहा है की सचिव फर्जी भुगतान लगाने के लिए पूरी तरह आगे बढ़ रहे हैं।सचिव संतलाल पटेल के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से लगातार फर्जी भुगतान लग रहे हैं और सरकार और प्रशासन को लाखों का चूना लगाने का कार्य भी कर रहे हैं जबकि सरकार प्रशासन सिर्फ विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है जिससे ग्राम पंचायत में विकास कार्य हो सके परंतु सचिव संतलाल पटेल के द्वारा प्रधान से मिलकर अपनी जेब भरने के लिए पूरी तरह आगे कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं या देखने वाली बात या होगी कि इस मामले पर खंड विकास अधिकारी रेउसा के द्वारा क्या संज्ञान लेकर सचिव और प्रधान के ऊपर किस तरीके की कार्यवाही करते हैं या सिर्फ नोटिस देकर अपने सचिव और प्रधान को बचाने का कार्य करेंगे

**क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी**

इस संदर्भ में संबंधित सचिव संतलाल पटेल से बात करने का प्रयास किया गया परंतु फोन की घंटियां बजती रही। सचिव के द्वारा फोन उठाना चिट नहीं समझ गया।

# पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव, हड़कंप

▸ छिबरामऊ ब्लॉक के बेहटा गांव की घटना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



गांव के निकट एक ग्रामीण का शव कंज के पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिला। सूचना पर ग्रामीणों और परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना तालग्राम के गांव बेहटा खास निवासी दिनेश पुत्र रघुवंश अपने घर से सुबह निकले थे काफी समय तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। इसी दौरान गांव के ग्रामीणों के जरिए पेड़ के सहारे शव लटकता हुआ मिलने की सूचना पर जब दिनेश के परिजन भी मौके पर पहुंचे तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने पेड़ से लटक रहे शव की पहचान अपने परिजन दिनेश के रूप में की। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेजा था। बताते चलें कि मृतक दिनेश के परिवार में पत्नी और चार बेटे अरुण ,18 वर्ष, रंजीत 19 वर्ष अखिलेश, 25 वर्ष और जीतू, 22 वर्षीय हैं। दिनेश की मौत पर परिजनों के करुण क्रन्दन का सिलसिला जारी था। घटना की पृष्ठभूमि में पता चला है किए परिजनों के मुताबिक गांव के ही एक व्यक्ति ने दिनेश और परिजनों को जाने से मारने की धमकी दी थी। यह भी पता चला है किए दिनेश का एक पुत्र गांव की ही एक विवाहिता युवती को लेकर गायब है। जिसके चलते युवती के परिजन दिनेश और परिजनों को धमकियां दे रहे थे। परिजनों के मुताबिक बीती सायं विवाहिता के घरवाले उनके घर आए थे और मृतक के पुत्र के साथ गई विवाहिता युवती द्वारा नकदी और लाखों रुपए के जेवरात भी लेकर जाने की बात कही थी।

मृतक के पुत्र के साथ गई युवती वापस नही लौटी तो विवाहिता के परिजनों द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। परिजनों का कहना था कि उपरोक्त मामले को लेकर तनावग्रस्त दिनेश ने मौत को गले लगा लिया। मामले में थाना तालग्राम प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बुंदेलखंड जोन उपाध्यक्ष बनने पर देवकीनंदन का स्वागत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस सेवा दल बुंदेलखंड जोन के नव नियुक्त उपाध्यक्ष देवकीनंदन दुबे मुन्ना का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने मनोनयन पत्र में कहा कि देवकीनंदन दुबे की कांग्रेस के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय प्रभारी अरविंद पाल एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद पाण्डेय की संस्तुति पर उन्हें बुंदेलखंड जोन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दुबे संगठन को मजबूत करेंगे और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई की अपेक्षाओं के अनुरूप कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर देवकीनंदन दुबे मुन्ना ने कहा यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं कांग्रेस सेवा दल को बुंदेलखंड में और मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा। जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने कहा देवकीनंदन दुबे की नियुक्ति से संगठन में नई ऊर्जा आएगी। वे कार्यकर्ताओं को एकजुट कर सेवा कार्यों को गति देंगे।

कार्यक्रम में भारत सिंह प्रजापति, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, अजय कुमार दुबे, अनूप दुबे, अजय कुमार, सरिता तिवारी, प्रिया श्रीवास्तव, भैया लाल एवं प्रदीप दुबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों ने किया विधि विज्ञान प्रयोगशाला का भ्रमण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत चयनित विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट बस को खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) आनंद द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह भ्रमण कार्यक्रम सोमवार को बीआरसी से शुरू हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करना है। बीईओ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि प्रयोगों और वास्तविक अनुभवों से समझा जाता है। उन्होंने भ्रमण के दौरान अधिक जानकारी ग्रहण करने और अनुभवों को स्कूल में साझा करने की अपील की। एक्सपोजर विजिट में विद्यार्थियों को तालग्राम की विधि विज्ञान प्रयोगशाला ले जाया गया। वहाँ आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों, जांच प्रक्रियाओं और प्रयोगात्मक विधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। विशेषज्ञों ने सरल भाषा में विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी और छात्रों के प्रश्नों का समाधान किया। छात्रों ने उपकरणों, साक्ष्य परीक्षण और अनुसंधान प्रक्रिया को निकट से देखा, जिससे उनमें विज्ञान के प्रति उत्साह बढ़ा। कई छात्रों ने इसे अपने जीवन का पहला प्रयोगशाला अनुभव बताते हुए ज्ञानवर्धक बताया। इस भ्रमण में केवल राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा में प्रतिभागी और चयनित विद्यार्थी शामिल थे, ताकि उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा को पहचान और प्रोत्साहन मिले।

कार्यक्रम में एआरपी योगेश यादव, अर्चना चतुर्वेदी, अच्युत त्रिपाठी, सुशील दुबे, अरविंद चौहान, अनूप मिश्रा, मोहम्मद आकिल सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुई सैकड़ों मरीजों की जांच



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की आवास विकास कॉलोनी सुभाष एकेडमी के निकट कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष चौहान एवं हवलदार ब्रजेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्मी हॉस्पिटल से आए सीईओ कर्नल आईवीएस गहलोत की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शिविर में नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ.हर्षवर्धन, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ.नीतेश, ईसीजी ऑपरेटर हवलदार सुनील कुमार सिंह, बीपी व शुगर जांचकर्ता राहुल कुमार सहित अन्य सहयोगियों ने सैनिकों और आम नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की। जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अपनी सेहत के प्रति सजग रहने की सलाह दी। विशेष रूप से शुगर के मरीजों को परहेज रखने, नियमित दवा लेने और सुबह टहलने की आदत अपनाने की हिदायत दी गई। शिविर की व्यवस्था में नवीन सिंह, विनय भारद्वाज और हरीश यादव ने सक्रिय सहयोग किया।

इस दौरान संजय पौल, विनोद कुमार दुबे (पप्पू), विनय भदौरिया, भारत सिंह प्रजापति, शेर सिंह पाल, शिवनारायण चौहान, वीरेन्द्र सिंह राठौर, बटेश्वर सिंह, आरकेएस चौहान, दिनेश सिंह, भगवान सिंह, मेहराज वारसी आदि मौजूद रहे।

# भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं से किया भावविभोर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



आरडी गेस्ट हाउस, विशुनगढ़ रोड नादनपुर (बलरामपुर) में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री धाम वृंदावन से पधारे आचार्य पंडित विजय कृष्ण त्रिपाठी ने भक्तों को भगवान कृष्ण की दिव्य लीलाओं से भावविभोर कर दिया। उन्होंने बाल लीला, माखन चोरी और गोवर्धन लीला के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य जी ने कहा कि भगवान कृष्ण की ये लीलाएं भक्ति, प्रेम और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण हैं, जो जीवन में सच्ची शांति और आनंद प्रदान करती हैं। कथा में परीक्षित का दायित्व इंजीनियर अमित कुमार दुबे (एडवोकेट), प्रियंका दुबे, सुमित कुमार दुबे एवं नेहा दुबे ने बखूबी निभाया। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा ने माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र भेंट कर आचार्य पंडित विजय कृष्ण त्रिपाठी का सम्मान किया और कहा कि ऐसे महापुरुषों की कथा से समाज में भक्ति भावना मजबूत होती है तथा यह दुर्लभ अवसर हमें धन्य बनाता है। यह कथा स्वर्गीय रेनू दुबे की स्मृति में कृषि विभाग के पूर्व एडीओ रत्नेश कुमार दुबे द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली यह कथा 25 मार्च को विराम लेगी, जबकि 26 मार्च को दोपहर 2 बजे से पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में रूबी दुबे (पत्नी अभिषेक शुक्ला), सचि दुबे (पत्नी सागर दीक्षित), बालकराम दुबे, बालगोविन्द दुबे, दिनेश दुबे, आनन्द कुमार (राजू मामा), प्रदीप दुबे, संजीव दुबे, अरूण, विनीत, अभिषेक, आकाश, विकास, आशीष, अमन, ईशान, अभिशांक (यश), हर्ष, दर्श, आराध्या (बेटू), शिवाय, विविशा, अमिका (वानी), अनिका, आरोही (तानी), अंजली, अजय, युवराज, आयुष सहित समस्त दुबे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। भक्तों की भारी भीड़ ने कथा को और भी प्रभावशाली बना दिया।

## खबरें एक नजर में

### बकाया बिजली बिल 31 मार्च तक करें जमा



**छिबरामऊ , कन्नौज।** विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने एक मुश्त समाधान योजना 2025-2026 के तहत पंजीकृत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शीघ्र अपने बकाया बिल की पूरी राशि जमा कर दें। उन्होंने बताया कि इस योजना में कुल 8931 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, लेकिन अधिकांश ने अभी तक अपना पूर्ण बिल भुगतान नहीं किया है। अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट किया कि यदि पंजीकृत सभी उपभोक्ता 31 मार्च तक अपने बकाया बिल की पूरी धनराशि जमा कर देते हैं, तो उन्हें योजना का पूरा लाभ मिलेगा। इसमें ब्याज माफी या अन्य छूट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो बिजली कटौती जैसी कार्रवाई हो सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने सभी पंजीकृत उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करें और योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। इससे न केवल बिजली आपूर्ति निर्बाध रहेगी, बल्कि आर्थिक बोझ भी कम होगा।

### हृदय गति रुकने से युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला विरतिया में रविवार की देर रात अचानक हड़कंप मच गया, क्योंकि एक युवक की हृदय गति रुकने के कारण उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मोहल्ला विरतिया निवासी परवेज खान के 35 वर्षीय पुत्र शोएब खान उर्फ सब्बू दिल्ली में रहकर काम करते थे। ईद के त्योहार पर वे कुछ दिन पहले ही घर लौटे थे। पूरे परिवार ने खुशी-खुशी ईद मनाई। बताया जा रहा है कि सब्बू की सोमवार की सुबह वापस दिल्ली लौटने की तैयारी थी, लेकिन जिंदगी को कुछ और मंजूर था। ईद के दूसरे दिन यानी रविवार की शाम करीब 7 बजे अचानक उनके सीने में तेज दर्द उठने लगा। पड़ोस के चिकित्सक से प्राथमिक इलाज कराने पर कुछ देर आराम मिला। हालांकि रात करीब 11 बजे उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच युवक की मौत हो गई। घटना से मोहल्ले में शोक का माहौल छा गया। परिजन और स्थानीय लोग इस अकस्मात हादसे से सदमे में हैं।

### महिला के परिजन पर आत्महत्या के लिए उकसाने की प्राथमिकी दर्ज



**गुरसहायगंज कन्नौज।** बेहटा गांव में एक महिला अपने छह वर्षीय पुत्र के साथ 10 दिन पहले गायब हो गई। महिला के पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। एक युवक पर ले जाना का आरोप लगाकर महिला के परिजन और रिश्तेदार उसके पिता को धमकी दे रहे थे। आहत पिता ने फंदे लगाकर जान दे दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के रिश्तेदार और चचेरे चाचा के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले प्राथमिकी दर्ज की है। क्षेत्र के बेहटा गांव निवासी दिनेश बाथम (50) खेती किसानी का काम करते थे। उनके पुत्र पर गांव की एक महिला को ले जाने का आरोप लगाया जा रहा था। इसी बात को लेकर महिला के परिजन लगातार उसके परिवार पर दबाव बना रहे थे। परिजनों का कहना है कि महिला के परिजन उन्हें आए दिन परेशान करते थे। आरोप है कि सोमवार सुबह महिला के परिजनों ने युवक के पिता को काफी धमकाया। इससे युवक का पिता बेहद आहत हो गए और गांव के बाहर एक पेड़ पर रस्सी के सहारे फंदे पर लटक गए। गांव के लोगों ने जब पेड़ से लटका देखा। तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी रन्नोदेवी, अखिलेश, जीतू, रंजीत समेत चार पुत्र हैं। घटना की सूचना पर पुलिस और सीओ सिटी अभिशेक प्रताप अजेय भी मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेजा।

# डॉ. रजनीश दूबे को समाज सेवा में मिला सम्मान

▸ अब तक 79 बार कर चुके हैं रक्तदान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत घिलोई खास के निवासी आचार्य डॉ. रजनीश दुबे को उनके उत्कृष्ट रक्तदान एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 से नवाजा गया। डॉ. दूबे ने अब तक 79 बार स्वयं रक्तदान किया है और अपनी टीम के माध्यम से हजारों लोगों को रक्त उपलब्ध कराकर जीवन बचाया है। उन्हें क्षेत्र में रक्त सिपाही व रक्तवीर के नाम से जाना जाता है। यह सम्मान आगरा में संकल्प मानव सेवा संस्था के 7वें स्थापना दिवस समारोह में प्रदान किया गया, जहां विशाल रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकांत उपाध्याय एवं संस्था के संस्थापक एडवोकेट उमेंद्र कुमार राजपूत ने मोमेंटो, प्रमाण-पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से रक्तवीरों को आमंत्रित किया गया था। आचार्य डॉक्टर रजनीश दुबे को सम्मानित किए जाने पर गौ सेवा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडे, प्रसिद्ध राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चन्दन, देवसेना संगठन के जिलाध्यक्ष विकास तिवारी, देवसेना संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी गोपाल दुबे, प्रेमपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार, बबलू मिश्रा अछनेरा वाले, रामकुमार सिंह, कांग्रेस नेता संजय पौल, सवर्ण मुखिया विनोद दूबे, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के मीडिया प्रभारी दीपक द्विवेदी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

▸ 141 शिकायतों में 18 का मौके पर किया निस्तारण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने जनता की फरियादें सुनीं। विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 141 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 18 का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शेष 123 प्रकरणों के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का पारदर्शी, समयबद्ध और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने साफ कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारी स्वयं स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं से किसी पात्र व्यक्ति के वंचित न रहने के भी निर्देश दिए। सभी अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनने और उनका समयबद्ध निस्तारण करने का आदेश दिया। संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों का एक सप्ताह में अनिवार्य निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन और जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों को प्राथमिकता पर उच्च गुणवत्ता से निपटाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर में बदले जाएंगे 20 ओवरलोड ट्रांसफार्मर

▸ कार्यदायी संस्था ने शुरू किया नगर के विभिन्न स्थानों में कार्य

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।**



बेहतर विद्युत आपूर्ति बिजनेस प्लान 202526 योजना के अंतर्गत नगर के 20 ओवर लोड ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य कड़ाई संस्था द्वारा तेजी से शुरू कर दिया गया है जिससे आने वाले समय में नागरिकों को विद्युत की समस्या से निजात मिल सकती है यह जानकारी विद्युत उपखंड कार्यालय में कार्यरत अवर अभियंता राजकुमार ने दी उन्होंने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति हेतु बिजनेस प्लान 2025 26 योजना के अंतर्गत नगर में 20 ट्रांसफार्मर स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 250 केवीए के 10 तथा 100 केवीए के 100 ट्रांसफार्मर नगर के विभिन्न चिन्ह स्थान पर लगाए जाएंगे उन्होंने बताया की कार्यदायी संस्था ने अपना काम करना शुरू कर दिया है जिसके अंतर्गत रामगंज काली देवी मंदिर मिलिट्री ग्राउंड पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मैं विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रखने के लिए सीमेंट का बेस बना दिया गया है इसके अलावा नगर के मुरादगंज स्थित जनता गन हाउस के निकट ढाई सौ का ट्रांसफार्मर रखने के लिए सीमेंट का फ्लिंट बनाया जा रहा है उन्होंने बताया कि नगर में 20 स्थान चिन्हित किए गए हैं जहां पहले से ही विद्युत ओवरलोड की समस्या बनी हुई है इस समस्या को समाप्त करने के लिए विभाग 250 केवीए तथा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर वहां लगाकर ओवरलोड की समस्या से नागरिकों को निजात दिलाएगा यह कार्य तेजी से किया जा रहा है उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर 100 केवीए के ट्रांसफार्मर लगे हैं वहां पर 250 के ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे तथा जिन स्थानों पर 100 के ट्रांसफार्मर हैं वहां पर 100 का ट्रांसफार्मर और जोड़ा जाएगा जिससे विद्युत ओवरलोड की समस्या उत्पन्न ना हो सके।

## सीवर टैंक में गिरकर मासूम की मौत



▸ कन्नौज में खेलते-खेलते खंडहर में पहुंचा बच्चा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में एक 6 वर्षीय मासूम की जान चली गई। खेलते समय बच्चा खंडहरनुमा मकान में बने खुले सीवर टैंक में गिर गया। परिजनों और स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और नगर पालिका की टीम ने काफी मशक्कत के बाद बच्चे को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना सरायमीरा चौकी क्षेत्र के हर्षवर्धन नगर मोहल्ले की है। यहां निवासी मुस्तकीम का बेटा अहद सोमवार को घर के पास खेल रहा था। खेलते-खेलते वह पास के एक जर्जर मकान में चला गया, जहां असुरक्षित सीवर टैंक में गिर गया। काफी देर तक बच्चा नहीं दिखने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और खंडहर में पहुंचे, जहां वह टैंक में पड़ा मिला। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने बच्चे को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि खंडहर मकान एक सरकारी कर्मचारी का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।

## सौ शैया अस्पताल में गार्डों की नाक के नीचे पेट्रोल और साइकिल चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सौ शैया अस्पताल में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। सुरक्षा गार्डों और प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदातें अंजाम दे रहे हैं। बीती रात गोपाल नगर निवासी आशिक पुत्र इकरार अली अपनी खाला (मौसी) शकीना बेगम से मिलने आए थे। उन्होंने बाइक इमरजेंसी गेट के ठीक बाहर खड़ी की, जहां 24 घंटे गार्ड तैनात रहते हैं। सुबह बाइक स्टार्ट नहीं हुई तो जांच में पता चला कि पाइप काटकर टंकी का सारा पेट्रोल निकाल लिया गया। जमीन पर फैला पेट्रोल इस बेखौफ चोरी की गवाही दे रहा था। उसी रात अस्पताल परिसर से एक साइकिल भी गायब हो गई। एक ही रात में पेट्रोल चोरी और साइकिल गायब होने की घटनाओं ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। तीमारदारों में भारी रोष है। वे सवाल उठा रहे हैं कि इमरजेंसी गेट पर गार्ड होने के बावजूद चोर इतनी आसानी से कैसे वारदात कर पा रहे हैं। स्थानीय लोग सुरक्षा में बड़ी चूक या संगठित गिरोह की आशंका जता रहे हैं।



# लोहिया जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने विचारों पर चलने का लिया संकल्प

▸ गोष्ठी में नेताओं ने समाजवाद की विचारधारा को बताया प्रासंगिक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर सोमवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। सपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी के बाद कार्यकर्ता लोहिया पार्क, मानपुर स्थित पार्क तथा लोहिया क्रॉसिंग पहुंचे, जहां प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई भी की और सादगी के साथ जयंती मनाई। गोष्ठी की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह वघेल ने की। पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे समेत अन्य वक्ताओं ने लोहिया के समाजवादी विचारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोहिया का सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और हर वर्ग को समान अवसर मिले। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से उनके पदचिह्नों पर चलकर सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। इस दौरान सपा नेताओं ने लोहिया पार्क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पार्क के मुख्य द्वार पर लगा बोर्ड टूटा हुआ है, बैठने की सीटें क्षतिग्रस्त हैं और पूरे परिसर में साफ-सफाई का अभाव है। इसके चलते आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने कन्नौज प्रशासन से पार्क की स्थिति में शीघ्र सुधार कराने की मांग की। सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन ने कहा कि लोहिया का संदेश आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती का संदेश आज के समय में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए समाजवादी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अंशु पाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख इन्द्रेश यादव, रजनीकांत यादव सहित बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परिणय सूत्र में बंधे 124 हिंदू व 4 मुस्लिम जोड़े

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**




पीएसएम डिग्री कॉलेज में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य एवं गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 128 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 124 हिंदू एवं 4 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक समरसता, भाईचारा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया और मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिससे बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो पा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य और सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के तहत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं, 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी जाती है और 15 हजार रुपये विवाह आयोजन पर खर्च होते हैं।

इस मौके पर जलालाबाद व गुगरापुर के खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सूचना

मैं कालीचरण गुप्ता पुत्र श्री राम सेवक गुप्ता निवासी कस्बा पनवाड़ी जिला महोबा अपने पुत्र नीरज गुप्ता को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से वेदखल करता हूं। मेरे पुत्र नीरज गुप्ता से यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का लेन-देन करता है तथा मेरा पुत्र कोई गैरकानूनी कार्य करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**कालीचरण गुप्ता,पुत्र श्री राम सेवक गुप्ता पनवाड़ी जिला महोबा।**

# बलिदान दिवस पर जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बलिदान दिवस पर माय भारत द्वारा जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 6 खेल आयोजित किए गए। जिनमें बालकों हेतु वॉलीबॉल, 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद तथा बालिकाओं हेतु खो-खो, 200 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीद भगत सिंह, शिवराम राजगुरु एवं सुखदेव थापर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को अनुशासन एवं टीम भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 200 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं में वॉलीबॉल (बालक वर्ग) में प्रथम मुरहास कन्हैया टीम कप्तान- नवनीत राजपूत व द्वितीय-लवली बडी 1 टीम (कप्तान-योगेश त्रिवेदी) रहे। खो-खो बालिका वर्ग में प्रथम-टीम राजेपुर कप्तान सुहानी राठौर व द्वितीय-टीम कमालगंज कप्तान-अनन्या रही। 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम-आर्यन राजपूत व द्वितीय-दीपक सिंह व तृतीय-मुदित राजपूत रहे। 200 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम-पकृति वर्मा, द्वितीय-रागिनी व तृतीय-नैंसी मिश्रा रही। लंबी कूद बालिका वर्ग में प्रथम-निशा, द्वितीय-दुर्गा व तृतीय सुहानी रही। लंबी कूद बालक वर्ग में प्रथम-आर्यन, द्वितीय-मुदित राजपूत व तृतीय दीपक सिंह रहे। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि मोनिका यादव एवं जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। जिला पंचायत अध्यक्षा मोनिका यादव ने कहा कि बलिदान दिवस हमें हमारे वीर शहीदों के त्याग और समर्पण की याद दिलाता है। युवाओं को चाहिए कि वे उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है बल्कि अनुशासन, नेतृत्व एवं टीम भावना का भी विकास करता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में अधिवक्ता शशांक शेखर मिश्रा, सभासद तथा नमामि गंगे की जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल भी उपस्थित रहीं। सभासद शशांक शेखर मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए बलिदान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि यह दिवस हमें देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के अदम्य साहस और देशभक्ति की याद दिलाता है। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही खेलों के माध्यम से स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना चाहिएए जिससे वे देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दे सकें। कार्यक्रम का आयोजन शिखर रस्तोगी जिला युवा अधिकारी माय भारत के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में माय भारत टीम राहुल बाबू वर्मा, रचना, लक्ष्मीनारायण पाण्डेय, अजीत कुमार, आकाश सोमवंशी, विकास, सुलोचना, सूरज, मयंक, शुभम मिश्रा, प्रेम शंकर श्रीवास्तव एवं खेल प्रशिक्षकों का विशेष योगदान रहा। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।



दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी



बालिका को सम्मानित करते डीएम

# फर्जी बोगस फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन करने वाले तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करके फर्जी बोगस फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि वादी ताहर सिंह पुत्र अन्तराम निवासी ग्राम करनपुर थाना कम्पिल द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दी गई कि अभियुक्तों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, धोखाधडी करके फर्जी बोगस फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन किया जा रहा है। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 352,351 (3) बी0एन0एस0 तथा मु0अ0सं0 072/2026 धारा 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बी0एन0एस0 बनाम सैय्यद अरवाज अली उर्फसद्दाम पुत्र आफक अली आदि 03 पंजीकृत कर विवेचना शुरु कर दी थी। पुलिस ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सैय्यद अरवाज अली उर्फ सद्दाम पुत्र आफाक अली निवासी मो0 कोट मऊरशीदाबाद कोतवाली कायमगंज, अमन खान पुत्र शकील खान निवासी करीमनगर रायपुर खास कोतवाली कायमगंज, फैसल खान पुत्र अकील खान निवासी मऊरशीदाबाद जारियान कोतवाली कायमगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि हम लोग, लोगों की जमीन का फर्जी तरीके से कियरायानामा बनवाते थे और उस जमीन पर फर्जी कागज लगाकर तम्बाकू की फर्जी फर्म बनाते थे और व्यापारियों को लाभ पहुँचाने के लिए व टैक्स की चोरी करने के लिए अपनी उन्ही फर्जी फर्म के नाम से फर्जी बिल भी काटते थे तथा साथ मिलकर ट्रांसपोर्ट वाहनों से उक्त तम्बाकू को उनके गंतव्य तक पहुँचाते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों पर कई मुकदमे दर्ज है।



पुलिस हिरासत में आरोपीगण

# शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में शहीद दिवस पर बच्चों को किया गया जागरुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल रहीं। समारोह से शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। बच्चों ने मनमोहक अंदाज में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में विचार प्रस्तुत किये। इस दौरान विद्यालय में हुई प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने बच्चों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों के कार्यक्रम एवं उनकी लगनशीलता व परिश्रम की बेहद प्रशंसा की और उन्हें सदैव अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षक व शिक्षकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में बताया। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने तीनों महान क्रान्तिकारियों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज आवश्यकता है कि जिनकी वजह से हमें आजादी मिली उनके विशय में सभी को अवगत करायें कि आजादी के दीवाने जो केवल अपनी ही नहीं बल्कि पूरे भारत को गुलामी की जंजीर से आजाद कराने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गये। ऐसे महानायकों को हम श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका गौरव बढ़ाये। वहीं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षकाओं ने भी बच्चों को भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बारे में जानकारी दी। इस दौरान सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, मनीश गौड़, शिल्की मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, राकेश कुमार, शायना खान, साधना शर्मा, कमला गंगवार, अमित, शशांक शुक्ला, संदीप यादव, सत्यम कुमार, लालाराम, विजय कुमार, मनोज कुमार, अवधेश तिवारी आदि मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व विद्यालय स्टाफ

## खबरें एक नजर में

### जिला जज ने डीएम-एसपी के साथ जेल का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते जिला जज व डीएम, एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला एवं केंद्रीय कारागार का जनपद न्यायाधीश ने डीएम, एसपी के साथ संयुक्त रुप से निरीक्षण किया। सोमवार को जिला न्यायाधीश व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से जिला कारागार एवं केन्द्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत की। इस दौरान बंदियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी। बंदियों की समस्यायें सुनने के बाद संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। निरीक्षण की भनक लगते ही जेल प्रशासन अलर्ट हो गया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश व प्रशासनिक अधिकारियों ने साफ-सफाई, भोजनालय आदि को देखा। सेन्ट्रल जेल में भी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना।

### हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास, बीस हजार रुपये का अर्थदंड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हत्या के मामले में अपर जिला जज द्वितीय न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने अभियुक्त रामसरन पुत्र महेश निवासी प्रेम नगर कायमगंज को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत तीन वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र की निवासिनी अन्नती पत्नी सुखवीर निवासी प्रेम नगर ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि 31 मार्च 2023 को मेरे जेठ नीरज घर के बाहर बैठे हुए थे, तभी रामसरन पुत्र महेश आये और बेहबजह गाली-गलौज करने लगे। जब मेरे जेठ ने गाली देने से मना किया, तो रामसरन ने जान से मारने की नियत से टकोरा से सीने पर हमला कर दिया। जिससे जेठ नीरज को गंभीर रूप से घायल हो गये। उपचार के लिये डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर अधिक होने के कारण रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता श्रवण कुमार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह वर्मा ने अभियुक्त रामसरन को हत्या के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### पिकअप की टक्कर से युवक घायल, चालक हिरासत में

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मोहम्मदाबाद में इटावा-बरेली हाईवे पर दा पिज्जा हब के सामने सड़क पार कर रहे एक युवक को पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और चालक को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, वार्ड इंद्रा नगर निवासी ओमकार सक्सेना के पुत्र संजीव सक्सेना बिना सावधानी बरते सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान कस्बे से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी से उनकी टक्कर हो गई। बताया गया कि चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे वाहन कुछ दूरी तक फिसलता हुआ गया, लेकिन इसके बावजूद संजीव को टक्कर लग गई और वह दूर जा गिरे। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस को अवगत कराया गया। वहीं, मौजूद एक जागरूक व्यक्ति ने सूझबूझ दिखाते हुए संजीव को सीपीआर देकर प्राथमिक सहायता दी। जिससे उनकी जान बचाई जा सकी। हादसे में संजीव को बंद चोटें आई हैं, जिनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज विनोद कुमार यादव ने पिकअप वाहन और उसके चालक विकास पुत्र रामकुमार जनपद कन्नौज विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लोकपुर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, घायल, ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुटोल निवासी रेखा उम्र 37 वर्षीय पत्नी मनोज कोरी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास स्थित काका छाप तंबाकू गोदाम में पुड़िया भरने का काम करती है। रविवार को गोदाम में बैठने और पुड़िया भरने को लेकर रेखा का पड़ोस के ही रहने वाले महेश कोरी से विवाद हो गया था। उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन महेश के मन में खुन्नस बाकी थी। सोमवार सुबह जब रेखा अपने घर से गोदाम की ओर जा रही थी, तभी कैसर खां के अड्डे के पास पहले से घात लगाए बैठे महेश ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार रेखा के गले और पीठ पर लगे, जिससे वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात को देख सड़क पर हड़कंप मच गया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने साहस दिखाते हुए हमलावर महेश को मौके पर ही दबोच लिया और उसे पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। घायल महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहाँ डॉक्टर विपिन कुमार और जितेंद्र बहादुर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी और इंस्पेक्टर क्राइम सुरजीत सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुरानी रंजिश और विवाद के चलते यह हमला किया गया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है।

मामले की गहनता से जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



अस्पताल में भर्ती महिला

# घबराहट में महिला ने दी थी लूट की सूचना, जेवरात सुरक्षित

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ताजपुर रोड स्थित एक मैरेज हाल के निकट 22 मार्च को दोपहर लगभग 3 बजे एक महिला द्वारा लूट की सूचना दिए जाने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। सूचना पर एएसपी, डीएसपी व एसओजी टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई थी और संदिग्धों की तलाश के लिए कई टीमें सक्रिय कर दी गई थीं। जानकारी में पीड़िता वंदना ने बताया था कि अज्ञात लोगों ने उसके एक कान का कुंडल और सोने की चेन पेंडिल सहित लूट ली है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। हालांकि देर रात महिला ने अपने बयान में बदलाव करते हुए बताया कि उसके साथ लूट नहीं हुई थी, बल्कि उसका सड़क हादसा हो गया था। हादसे के बाद घबराहट में उसे लगा कि उसके साथ लूट की घटना हुई है। बाद में जब उसने अपने बैग में सामान की जांच की तो सभी जेवर सुरक्षित मिले। महिला ने बताया कि दुर्घटना के कारण वह भयभीत हो गई थी और उसी स्थिति में उसने गलत जानकारी दे दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला के साथ किसी प्रकार की लूट की घटना नहीं हुई, बल्कि घबराहट के चलते गलतफहमी में सूचना दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अलग-अलग चार घटनाओं के पीड़ितों ने थाने में दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में 24 घंटों के भीतर मारपीट व गाली-गलौज के चार मामले सामने आये है। पीड़ितों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम वसंतपुर निवासी रीता देवी पत्नी दारासिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे वह खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दबंगों ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज की। विरोध करने पर दबंगों ने रीता और बचाव में आई उनकी जेठानी राधारानी को बेरहमी से पीटकर घायल कर दिया। वहीं कस्बा नवाबगंज की वरतल वाली गली में रविवार रात करीब 9 बजे निशा बानो पुत्री इलियास के घर में घुसकर कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। शोर सुनकर जब पिता इलियास, भाई उम्मेद, अरबाज, हसनैन और बहन लवी बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी लात-घूसों से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं तीसरी घटना ग्राम पुठरी में गायत्री देवी पत्नी अवधेश कुमार ने आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसे प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया है। पीड़िता का कहना है कि पति ने उसे साथ रखने से साफमना कर दिया है और दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। सहमी हुई पीड़िता ने सोमवार को पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। वहीं चौथी घटना नगला छेदा निवासी संजू अपने बहनोई कुलदीप के साथ ऊमरपुर बाजार आए थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमले का प्रयास किया, लेकिन बाजार में भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर मिल गयी है, मामले की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर भक्तों ने मंदिरों में टेंका माथा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

चैत्र नवदुर्गा के पांचवें दिवस नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के पंचम स्वरुप स्कंदमाता का भावपूर्ण पूजन किया तथा घर में सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों के बाहर पुलिस तैनात रही।

नवरात्रि में पांचवें दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। उनकी पूजा से मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। यह देवी विद्वानों और सेवकों को पैदा करने वाली शक्ति है। यानी चेतना का निर्माण करने वालीं। कहते हैं कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम महाकाव्य और मेघदूत रचनाएँ स्कन्दमाता की कृपा से ही संभव हुईं। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णो देवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और सर्वमंगल की कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। शाम के समय व्रती महिलाओं ने माता का जागरण किया। सबसे ज्यादा भीड़ मठिया देवी मंदिर व गुरगांव देवी मंदिर पर देखी गयी।



मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने जनता की सुनी समस्यायें



शिकायतें सुनते उपजिलाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी अतुल सिंह ने पीड़ितों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण का प्रयास किया। उपजिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से जुडी शिकायतों को एक-एक कर सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की शिकायतों को गम्भीरता से सुने और निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत उसका निस्तरण करे।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 मामले प्राप्त हुई। जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण

**आयी 46 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण**

समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, रजिस्टार प्रीतम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, मण्डी सचिव शैलेन्द्र कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कम्पिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी, शमसाबाद थाना प्रभारी, नवावगंज प्रभारी, मेरापुर थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य चौराहे पर पीडब्लूडी विभाग ने लगाया चेतावनी बोर्ड

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मुख्य चौराहे पर हुए एक भीषण सड़क हादसे के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए मुख्य चौराहे से लगभग 100 मीटर पहले एक चेतावनी बोर्ड स्थापित किया है। यह कदम बीते 14 मार्च, शनिवार की रात हुए दर्दनाक हादसे के बाद उठाया गया है। उस रात नवाबगंज के मुख्य चौराहे पर एक बेकाबू डंपर ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी रोष था। चौराहे पर सुरक्षा मानकों की कमी को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की जा रही थी। हादसे से सबक लेते हुए, अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 के निर्देश पर यह साइन बोर्ड लगाया गया है। बोर्ड पर सावधान आगे चौराहा है। कृपया धीरे चलें। संदेश अंकित है। स्थानीय ग्रामीणों अंशुल गुप्ता, अंशुल राठौर, गोपाल मिश्रा, अमित सक्सेना, राम सिंह, दिलीप यादव और अंकित शाक्य ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यदि यह कदम पहले उठाया गया होता, तो शायद उन तीन युवकों की जान बचाई जा सकती थी।

# भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा..



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भृगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षःस्थल पर सहा। इसी भृगुवंत में

**परशुराम जन्मोत्व के उपलक्ष्य में विशेष**

उत्पन्न होने के कारण वे भार्गवष् कहलाए। इनमें से चार भाई विश्वासु, वसु, सुषेण एवं रुमोद्वान कालांतर में युवा परशुराम को साक्षात भगवान शिव से धनुर्विद्या के साथ-साथ अष्टधातु निर्मित भीषण, अमोघ एवं सर्वजयी परशु प्राप्त हुआ।



अनुज मिश्रा

**अधिवक्ता अनुज मिश्रा** ने बताया कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया भी है और भगवान परशुराम जन्मोत्सव है। भगवान परशुराम हमारे आराध्य है। वास्तव में उन्होंने समाज को नई दिशा दी। उन्होंने उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाकर आतताईयों का संहार किया। वो सर्वसमाज के पूज्यनीय है। सर्वसमाज की उनके आदशों पर चहना चाहिए। हम उनकी जयंती धूमधाम से मनायेंगे घर में दीपक जलायेगें।



राजगौरव पाण्डेय

आयकर अधिवक्ता व वाणी विनायक संस्था के निदेशक **राजगौरव पाण्डेय** ने बताया कि भगवान परशुराम की सर्वसमाज पूजा करते है। हमारी मांग है कि भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा फर्रुखाचाद में स्थापित की जाये। वह किसी समाज के दुश्मन न होकर अताईयों के दुश्मन थे। उन्होंने सर्वहारा को उठया। 19 अप्रैल को हवन पूजन के साथ भगवान परशुराम की धूमधाम से जन्मोत्सव मनायेंगे और प्रसाद वितरण होगा।



शिल्पी मिश्रा

एनएकेपी महाविद्यालय की प्राध्यापक शिल्पी मिश्रा ने बताया पितामाह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाये। वे जगदग्नि का पुत्र होने के कारण जमदग्नि और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वे परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचिक से शागर्ड नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्म ऋषि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मंत्र प्राप्त हुआ।

# रोजगार मेले में 1567 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**▸ डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में सोमवार को उ.प्र. रोजगार मिशन के अन्तर्गत रोजगार मेले का आयोजन जिला सेवायोजन कार्यालय फतेहगढ़ द्वारा किया गया। वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने रोजगार मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने मेले में प्रतिभाग करने आये युवा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन देतें हुये, उन्हें अपने बेहतर भविष्य के निर्माण हेतु कौशल विकास एवं उच्च शिक्षा के महत्व को समझाया। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेले में आये अभ्यर्थियों का उद्धबोधन नोडल प्रधानाचार्य-राजवीर सिंह एवं सेवायोजन अधिकारी-अमित कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। वृहद रोजगार मेले में देश की 64 प्रतिष्ठित कम्पनियाँ जैसे-माई कार, सुजुकी मोटर्स, न्यू हॉलैण्ड टैक्टर, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, अशोक लेलैण्ड आदि अन्य ने प्रतिभाग किया। जिसमें 3682 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 1567 पुरुष/महिला अभ्यर्थियों को अन्तिम रूप से चयनित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानन्द सागर के द्वारा किया। मेले की व्यवस्था में प्रमुख रूप से सेवायोजन कार्यालय से आदेश कुमार, संजय कुमार, नीरज कुमार, योगेन्द्र कुमार, बलविन्दर सिंह एवं रा0औ0प्रशि0 संस्थान से बृजेश कुमार, रंजीत कुमार सुमन, सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राज किशोर महतो एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



प्रमाण पत्र के साथ अभ्यार्थी मौजूद जनप्रतिनिधि

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 58 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण




शिकायतें सुनते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील अमृतपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 58 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें राजस्व विभाग की 21, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 07, आपूर्ति विभाग की 02 तथा अन्य विभागों की 10 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 04 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद का धरना कल

**▸ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित दिया जायेगा ज्ञापन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर ने बताया कि ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन दिल्ली द्वारा केंद्रीय शिविर सेवा पेंशन बैधता अधिनियम 2025 को वापस लेने हेतु एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन 25 मार्च को 2:30 बजे बीएसए कार्यालय में होगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री संबंधित ज्ञापन दिया जायेगा। यह जानकारी जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने दी है।

## नैतिक शिक्षा पेपर के साथ समाप्त हुई वार्षिक परीक्षा



परीक्षा देते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में वार्षिक परीक्षा के अंतिम दिन नैतिक शिक्षा की परीक्षा आयोजन के साथ परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि डीएलएड प्रशिक्षु ज्योति प्रसाद ने कक्ष निरीक्षक ड्यूटी करके वार्षिक परीक्षा में सराहनीय सहयोग किया। उन्होंने बताया कि अब उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के बाद परीक्षाफल तैयार किया जायेगा। अभी परीक्षा कार्ड्स नहीं मिले हैं। परीक्षा कार्ड मिलते ही सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम दिनांक 30 मार्च को घोषित किया जायेगा। पहली अप्रैल को हवन पूजन के साथ नवीन सत्र का शुभारंभ किया जाएगा एवं स्कूल चलो अभियान की गांव भ्रमण कर रैली निकाली जाएगी।

## भाकियू की नई पहल पर ग्रामीण अंचल में गूंजा कवि सम्मेलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन (अखंड प्रदेश) के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह तोमर के संयोजन में उनके पैतृक ग्राम अलीगंज ननखेरिया में नवदुर्गा पर्व के पर एक भव्य अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस अनूठे सांस्कृतिक कायक्रम ने क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई और देर रात तक काव्य रस की धारा बहती रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य कमलेश मिश्रा ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। मुख्य अतिथि राजवर्धन सिंह राजू तथा विशिष्ट अतिथि अवधेश सिंह सनातनी रहे। मंच पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित कवियों और रचनाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वरिष्ठ रचनाकार राजकुमार सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, निमिष टंडन, उत्कर्ष अग्निहोत्री, शोभित तोमर ने देर रात तक समां बांधे रखा। श्रोताओं की उत्साही सहभागिता ने पूरे वातावरण को काव्यमय बना दिया। अमित तोमर व रोहित तोमर ने सभी अतिथियों, कवियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता जताई।

ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के भव्य काव्य आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय ग्रामीणों ने इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। नवदुर्गा के पावन पर्व पर आयोजित यह कवि सम्मेलन न केवल सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बना, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने की दिशा में भी एक सराहनीय कदम साबित हुआ।



काव्य पाठ करते कवि



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग

## विश्व हिन्दू महासंघ ने की फौव्वारा चौराहे का नाम वंदेमातरम रखने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिन्दू महासंघ के जिलाध्यक्ष रवि बाजपेयी के नेतृत्व में लालगेट फौव्वारा चौराहे का नाम वंदेमातरम चौक रखे जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। नगर मजिस्ट्रेट को दिये गये ज्ञापन में मांग की गई लालगेट स्थित फौव्वारा चौराह का नाम वंदेमातरम रखा जाये। वंदेमातरम एक नारा ही नहीं स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और राष्ट्रभक्ति की प्रतीक है। इसके प्रति भारतीय की वंदेमातरम ने नौजवानों के मन में ऐसा रण उत्पन्न किया है कि आजादी के दीवानी हस्ते-हस्ते फांसी के फंदों को चूम लिया। विश्व हिन्दू महासंघ मांग करती है कि सभी जिलों में शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि स्थल के रुप में वंदेमातरम चौक रखा जाये। इस मौके पर अनुपम अवस्थी, प्रशांत मिश्रा, आलोक मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा, मोनू गुप्ता, रघुवंश मिश्रा, हरिशंकर त्रिपाठी, अतुल मिश्रा, आदित्य मिश्रा, विपिन आदि लोग मौजूद रहे।

## बलिदान दिवस पर भ्रष्टाचार मुक्त देश बनाने की अपील



शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जटवारा स्थित चन्द्रपाल वर्मा के आवास पर बलिदान दिवस मनाया गया। अध्यक्षता जेडी राजपूत ने की। उन्होंने कहा कि भगत सिंह, सुखदेव, शिवराम राजगुरु तीनों महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने सांडर्स का वध कर लाला लाजपतराय की मृत्यु की बदला लिया और सेंट्रल असेम्बली में बम फेंकने के मामले में 23 मार्च 1931 को लाहोर जेल में फांसी के फंदे को चूम लिया। वंदे मातरम, भारत माता की जय बोलकर प्राणों का बलिदान दिया। बलिदानियों की मंशा, देश व सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य पार्टियों के नेता स्वच्छ वातावरण में ईमानदारी व सच्चाई से कार्य करेंगे। जिससे देश का अमन चैन रहेगा। बलिदानियों के मंसूबे पर विपरीत अंजाम देने वाले लोगों ने भ्रष्टाचार अपना लिया है। नेता मुक्त योजना का लाभ लेकर वोटर से वोट हासिल कर रहे है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार है। सभी नेताओं से अपील है कि भ्रष्टाचार मुक्त होकर इस देश को बचाये। सभी ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आलोक कुमार, राजीव, श्रीचन्द्र, मुन्नालाल, देवेन्द्र कुमार, चन्द्रशेखर, गुड्डू पंडित, राधेश्याम, गौतम आदि लोग मौजूद रहे। वहीं जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा भगत सिंह,राजगुरु, सुखदेव का शहादत दिवस मनाया गया। सोमवार को कार्यालय पर क्रांतिवीर बलिदानियों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। अध्यक्षता शिवाजी कटियार ने की। संचालन कन्हैया लाल श्रीवास्तव ने किया। संस्थापक/अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा ने बलिदान दिवस पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रामनारायन मिश्रा, डॉ. मेहंदी हसन, पृथ्वीनारायन, कृष्ण कुमार, ओमप्रताप सिंह, डॉ. देवेन्द्र सिंह, चन्द्रपाल चौहान, संजीव कुमार, नरेन्द्र कुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## आलू का भाव हुआ सामान्य, बिक्री सुस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**
सातनपुर आलू मण्डी में सोमवार को आलू का भाव स्थिर रहा। लगभग 80 मोटर की आमद रही। सामान्य आलू 251 रुपये से 301 रुपये कुंतल बिका। सामान्य छट्टा आलू 301 रुपये से 401 रुपये कुंतल की बिकवाली हुई। सुपर छट्टा आलू 401 रुपये से 471 रुपये कुंतल बिका। हालैंड आलू 651 रुपये से 751 रुपये कुंतल की बिक्री हुई। दोपहर बाद बिक्री सुस्त होने के कारण अधिकांश आलू मण्डी में लगा रहा। बाहर के आये व्यापारियों ने सुबह आलू की खरीददारी की।
होली के बाद आलू के भाव में सामान्यता देखी गई। जबकि अन्य जनपदों में इन दिनों आलू की मांग होती थी। इस बार आलू की पैदावार ज्यादा होने के कारण कोल्ड स्टोरेज फुल हो गये है और भाव सामान्य है। आलू के भाव में उछाल नहीं आया तो किसान को घाटा होने की संभावना है। होली से पूर्व आलू के भाव में उछाल आया था। अब आलू पक जाने के बाद भी किसान अपना आलू मण्डी बेंचने ला रहे है,उसके बावजूद भाव में सामान्यता होने के कारण मुनाफा नहीं हो पा रही है। ऐसे में आलू किसान चिंतित है।



मण्डी में ट्राली पर लदा आलू

## श्रीराम कथा में पुष्प वाटिका प्रसंग सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवदिया फतेहगढ़ में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास एस.एन. द्विवेदी ने अपने मुखार बिंदु से पुष्प वाटिका व राम-सीता मिलन प्रसंग सुनाया। मंजेश सिंह राठौर द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में तृतीय दिवस पर रामचरितमानस के बालकांड में वर्णित पुष्पवाटिका में राम-सीता मिलन प्रसंग (जिसे पुष्पवाटिका प्रसंग भी कहा जाता है) तुलसीदास जी द्वारा रचित रामकथा का एक अत्यंत मधुर, अलौकिक और भावनात्मक दृश्य है। यह प्रसंग जनकपुर में सीता स्वयंवर से एक दिन पूर्व का है, जहाँ गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से राम और लक्ष्मण वाटिका में फूल लेने जाते हैं।

कथा व्यास एस.एन. द्विवेदी ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि गुरु विश्वामित्र के लिए फूल लेने के उद्देश्य से राम और लक्ष्मण जनकपुर की एक भव्य पुष्पवाटिका में प्रवेश करते हैं। यह वाटिका वसंत ऋतु के समान मनोरम, अत्यंत सुंदर और फूलों से लदी थी। राम का वाटिका में प्रवेश करना एक अलौकिक घटना की शुरुआत थी, जहाँ वे अपनी सहज और सुंदर छवि से वाटिका को और भी अधिक मोहक बना देते हैं। उसी समय, माता सीता अपनी सखियों के साथ माता गौरी की पूजा करने के लिए उसी वाटिका में आती हैं। सीता जी के मन में राम की अनुपम छवि का वर्णन सुनकर उनके प्रति अनुराग पहले ही जागृत हो चुका था। वाटिका में सखियों के साथ खेलते और फूल चुनते हुए सीता जी का ध्यान राम की ओर आकर्षित होता है। राम भी सीता के अलौकिक सौंदर्य को देखकर मुग्ध हो जाते हैं। यद्यपि रघुकुल के होने के कारण उनका मन चंचल नहीं है, फिर भी वे इस अलौकिक प्रेम की ओर आकृष्ट होते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा सुनी।



कथाव्यास का माल्यार्पण करते डॉ. राजीव पाठक

## संगठन के संघर्ष की हुई विजय, जनपद में 32 आमेलित शिक्षकों को मिलेगा लाभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश शासन ने अमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के विकल्प में शामिल करने की ऐतिहासिक अनुमति दे दी है।

आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आशा लता सिंह एवं उपाध्यक्ष रेखा सिंह ने जानकारी देकर बताया कि शासन के इस निर्णय से शिक्षकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान होगीए इस फैसले से हजारों शिक्षकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इसी के साथ उत्तर प्रदेश 'माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा भी इस पुरानी पेंशन बहाली योजना को आदेशित के लिए काफी लंबे समय से प्रयासरत थे। आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीत कुमार गंगवार एवं महामंत्री विजेंद्र मथुरिया ने संयुक्त रूप से बताया कि जनपद में लगभग 32 आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षक हैं और इसमें से कुछ रिटायर्ड भी हो चुके हैं इन सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे, रजनीश शिवा, महाराज सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रधानाचार्य शिवओम दुबे, सुनील कुमार परमार, जितेंद्र कुमार, अवधेश कुमार यादव आदि ने शासन के निर्णय का स्वागत किया है, और कहा है कि यह संगठन के ऐतिहासिक संघर्ष की विजय है।



संजीत कुमार गंगवार

## सपा प्रतिनिधि मण्डल पूर्व विधायक के आवास पर जाकर घटना की करेंगे जांच

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पूर्व विधायक विजय सिंह के नाला मछरट्टा स्थित आवास पर तीन मंजिला मकान पर धमाका होने से उनके दो पुत्रों सहित छह लोग घायल हो गये थे। पुलिस ने जांच किये बगैर मुकदमा दर्ज किया। जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल नाला मछरट्टा स्थित उनके आवास पर जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पत्र जारी कर 10 सदस्यीय नेताओं को भेजकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया है। प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू, प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव, जमालुद्दीन सिद्दीकी, उर्मिला राजपूत, अजीत कठेरिया व प्रदेश सचिव डॉ. नवल किशोर शाक्य, प्रदेश सचिव सर्वेश अम्बेडकर के नाम शामिल है।

## आलू किसानों के संकट पर विकास राजपूत ने सीएम को लिखा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू की लगातार गिरती कीमतों को लेकर भाजपा नेता विकास राजपूत ने प्रदेश सरकार से किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आलू पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) राज्य सरकार के स्तर पर तय करने का अनुरोध किया है।

विकास राजपूत ने अपने पत्र में मंडियों में किसानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश की मंडियों में आलू की कीमत करीब 100 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर चुकी है, जो किसानों के लिए बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में पश्चिम बंगाल में भी आलू की कीमतों में गिरावट आई थी। उस समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने किसानों को राहत देने के लिए 900 रुपये प्रति क्विंटल की दर से (एमएसपी) तय किया था, जिससे वहां के किसानों को काफी फायदा मिला। भाजपा नेता ने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि उत्तर प्रदेश में जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो किसान आर्थिक संकट में और गहराई तक जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फसल बर्बाद होने और लागत न निकल पाने के कारण कई किसान गंभीर आर्थिक दबाव में हैं। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि प्रदेश की सभी मंडी समितियों से डेटा एकत्र कर 500 रुपये प्रति क्विंटल से कम दाम पर आलू बेचने वाले किसानों को कृषि फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर के हिसाब से एकमुश्त भुगतान दिया जाए, ताकि उन्हें तत्काल राहत मिल सके।

उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जल्द से जल्द आलू पर राज्य सरकार द्वारा (एमएसपी) लागू कर किसानों को राहत प्रदान की जाए, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।



विकास राजपूत

## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा याकूतगंज से जहानगंज रोड पर कस्बा याकूतगंज के करीब 400 मीटर आगे एक अज्ञात 50 वर्ष किसी अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट से घायल अवस्था में चीता 12 मोबाइल थाना कोतवाली के आरक्षी राहुल कुमार को सड़क पर समय करीब 1 बजे रात्रि गस्त के दौरान पड़े मिले। 108 नंबर एंबुलेंस से सीएचसी कमालगंज भेजा गया। जहां चिकित्सक ने अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी कमालगंज की मोमो की सूचना पर अज्ञात मृतक का शव मोर्चरी फतेहगढ़ में रखा गया है। पुलिस शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

## नवरात्रि पर मातृशक्ति द्वारा भजन कीर्तन का हुआ आयोजन



भजन कीर्तन के दौरान मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास कॉलोनी नवरात्रि पर विश्व हिंदू महासंघ की मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री के आवास पर संगठन की मातृशक्ति को एकत्रित कर भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। क्षेत्र की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर माता रानी के भजनों का सामूहिक गायन किया तथा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संगठन की मातृशक्ति को एक मंच पर संगठित करना तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाना रहा। उपस्थित महिलाओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में धार्मिक जागरूकता, एकता और संस्कारों को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया। कानपुर मंडल अध्यक्ष सुनीता अग्निहोत्री ने सभी मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान अरविंद शुक्ला आदि लोग भी मौजूद रहे।

## नामित सभासद ममता सक्सेना का हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास निवासी भाजपा नेत्री ममता सक्सेना को प्रदेश शासन द्वारा नामित सभासद मनोनीत किया है। अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता प्रदीप सक्सेना एवं जिला पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन शासन द्वारा नामित सदस्य सुमन श्रीवास्तव के पति धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने ममता सक्सेना के आवास पर पहुंचकर माला पहनाकर बधाई दी और मिठाई खिलायी। ममता सक्सेना ने कहा कि भाजपा नेतृत्व का मैं आभार व्यक्त करती हूं। जो कायस्थो का सम्मान पार्टी ने किया है, वह बधाई के पात्र है। अन्य पार्टियों में इस तरह का सम्मान नहीं मिलता है। इस मौके पर नरेन्द्र सक्सेना, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव सहित आदि लोग मौजूद रहे।



सभासद का स्वागत करते नरेन्द्र व धर्मेन्द्र श्रीवास्तव

## डॉ. लोहिया प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सपाइयों ने मनायी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डॉ0 राम मनोहर लोहिया की जयंती धूमधाम से मनाई गई। आवास विकास स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारूकी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, कार्यक्रम के आयोजक लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, अमन सूर्यवंशी, नरेंद्र सिंह यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने लोहिया जी के जीवन पर प्रकाश डाला और अपने-अपने विचार व्यक्त किये। संचालन नरेंद्र सिंह यादव ने किया। इस मौके पर सर्वेश अंबेडकर,पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, रामकृष्ण राजपूत, इलियास मंसूरी, शिव शंकर शर्मा, ब्रजेश पाल, निजाम अंसारी, शशांक सक्सेना, आनन्द यादव, अशोक अंबेडकर, जितेन्द्र यादव, अमित कठेरिया, राकेश गंगवार, अजीत सिंह, सुमित यादव, शिवम दिवाकर, शिवम पटेल, राधेश्याम सविता आदि मौजूद रहे।



लोहिया प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपाई

# सपा कार्यालय में मनाई गई समाजवाद के पुरोधा डॉ. लोहिया की जयंती

**डॉ. लोहिया ने जुल्म के खिलाफ संघर्ष का दिया था नारा : देवी प्रसाद चौधरी**



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के निर्देशानुसार डा0 राम मनोहर लोहिया की जयंती शुक्रवार को सपा के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसकीअध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरीने किया। इस अवसर पर उनके आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और गोष्ठी का आयोजन कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि डा.लोहिया महात्मा गांधी के विचारों पर चलकर देश में समाजवादी राज की स्थापना चाहते थे। इसमें अमीर, गरीब के बीच की खाई दूर करने, छूत-अछूत, नर-नारी की असमानता व विश्व बन्धुत्व के सिद्धान्त को लेकर देश में जन आन्दोलन चलाने का काम किया था। उनके नेतृत्व में देश के कई प्रान्तों में समाजवादियों की सरकारें बनीं। डा.लोहिया कहते थे ''जहां दब्बू होते हैं, वहां जालिम पनपते हैं''। इस कारण उन्होंने कहा जोर, जुल्म के खिलाफ हमेशा संघर्ष का रास्ता चुनना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा डा.लोहिया के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की शहादत ने देश के नौजवानों में आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। समाजवादी पार्टी के महासचिव आदर्श यादव ने कहा कि डा.लोहिया ने पिछड़ों के अधिकारों को लेकर संघर्ष किया।

गोष्ठी में संतोष गोयल, सुरेन्द्र पटेल, आशीष यादव, अशोक यादव, कृति कोल, घनश्याम कोल, राजेश भारती, चतुर्भुज बिन्द, लालबहादुर यादव, रवि सोनकर, दुर्गा सिंह, प्रिंस राव, रम्भा देवी, राहुल यादव, आकांक्षा यादव, विरेन्द्र यादव, सोकिम अहमद, हरिशंकर यादव, जुम्मन खान, राममिलन यादव, अमरेश सोनकर, रामसुधार कुशवाहा, रविन्द्र कोल, साहिल, अमित, शियाराम जैसल, डा0 देवेन्द्र प्रसाद, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहें।

# रम्भा देवी व अमित दूबे सपा में शामिल

**मिर्जापुर में समाजवादी पार्टी को मिला नया साथ, रम्भा देवी और अमित दूबे ने बढ़ाया कारवां**



**मिर्जापुर।** आज डा. राम मनोहर लोहिया जी के जयंती पर एक खास संदेश लेकर आया। समाजवादी पार्टी का कारवां एक बार फिर बढ़ा, जब रम्भा देवी और अमित दूबे ने पार्टी का दामन थाम लिया। यह सिर्फ दो लोगों का जुड़ना नहीं है, बल्कि एक सोच, एक विश्वास और बदलाव की उम्मीद का जुड़ना है। रम्भा देवी, जो लंबे समय से समाज के बीच रहकर लोगों की समस्याओं को समझती रही हैं, अब उसी सेवा भाव को एक बड़े मंच पर लेकर आई हैं। वहीं अमित दूबे, जो युवाओं के बीच अपनी सादगी और सक्रियता के लिए जाने जाते हैं, अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को तैयार हैं। सदस्यता कार्यक्रम में मौजूद लोगों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और उम्मीद देखने को मिली। ऐसा लगा जैसे हर कोई इस बात से आश्वस्त हो कि अब आवाज और भी मजबूत होगी, मुद्दे और भी स्पष्टता से उठेंगे। रम्भा देवी ने भावुक होकर कहा कि समाज की सेवा उनके जीवन का उद्देश्य रहा है, और अब समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर वह इस जिम्मेदारी को और मजबूती से निभाएंगी। अमित दूबे ने भी अपने शब्दों में यह भरोसा दिलाया कि वे युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। आज का यह जुड़ाव सिर्फ एक राजनीतिक कदम नहीं, बल्कि मिर्जापुर में एक नई शुरुआत का संकेत है, की एक ऐसा कदम, जो आने वाले समय में बदलाव की कहानी लिख सकता है।

जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा की इनके आने से आगामी विधान सभा के चुनाव में मजबूती मिलेगी। इस मौके पर जुम्मन खान, आकांक्षा यादव, आदर्श यादव आदि मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### महिला से मारपीट करने वाले चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरुआ गांव निवासी रविता पत्नी विनोद पाल ने रविवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर चार लोगो के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की 8 मार्च को करीब 12 बजे दिन मेरी साड़ी उड़कर बबुलेश की टीन शेड पर चली गई मै निकालने गई की बबुलेश, बृजेश व सुशील व इंद्रावती निवासी बरुआ मिलकर मुझे मारने लगे जिससे पैर घुटनो व कुहनी पर चोट आई है। गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए है, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है। और पुरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच किया जा रहा है।

### दस एमबीए ट्रांसफार्मर की खूंटी का मरम्मत कार्य होने से आपूर्ति बाधित

**हलिया (मिर्जापुर)।** 33/11 विद्युत उपकेंद्र हलिया के दस एमबीए ट्रांसफार्मर के खूंटी के मरम्मत कार्य होने के कारण करीब चार घंटे अदवा, हलिया, कोटाघाट, ड्रमण्डगंज फीडर की विद्युत आपूर्ति रही बाधित । आपूर्ति बाधित होने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रांसफार्मर के खूंटी का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल किया जायेगा इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया की दस एमबीए ट्रांसफार्मर के खूंटी का मरम्मत कार्य होने से आपूर्ति बाधित रही खूंटी का मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति बहाल करा दिया जायेगा।



### स्कूल बस का फिटनेस फेल होने से एआरटीओ ने पकड़कर किया कार्रवाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के हथेड़ा अदवा मार्ग हथेड़ा गांव हलिया थाने के पास से सोमवार की दोपहर स्कूल से बच्चों को लेकर छोड़ने जा रही स्कूल बस को एआरटीओ विजय प्रकाश सिंह ने स्कूल बस को रोककर कागजात चेक करते हुए फिटनेस फेल होने पर स्कूल बस से बच्चों को नीचे उतारकर कार्रवाई करते हुए बस को पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा कराते हुए बस को पुलिस को सुपुर्द कर दिया है । स्कूल बस का करीब दो वर्षो से फिटनेस फेल चल रहा था फेल फिटनेस होने के बाद भी स्कूल प्रबंधक द्वारा स्कूल बस से बच्चों को ढोया जा रहा था इस संबंध में एआरटीओ विजय प्रकाश सिंह ने बताया की स्कूल बस का फिटनेस फेल होने से बस को पकडकर कार्रवाई किया गया है । बस को थाना परिसर में खड़ा कराकर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया है।

### सम्पूर्ण सामाधान दिवस : 47 में तीन का निस्तारण

**हलिया (मिर्जापुर )।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सोमवार को तहसील सभागार में एडीएम नमामि गंगे विजेता व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस महेंद्र सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया। फरियादी गोडर के वीरेंद्र कुशवाहा ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया की मेरी भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है जिसे रोका जाए। बंजारी निवासी संगीता देवी ने पैमाइश कराए जाने की मांग की।गोबर के फल्लू सिंह ने माइनर पर लगी पुलिया की रिपेयरिंग कराने की मांग की। चर्की खुर्द के ओम प्रकाश ने पत्र देकर अवगत कराया की पेंशन दिलाया जाए।समाधान दिवस की अंत में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस महेंद्र सिंह ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्याओं को निस्तारित करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस खंड विकास अधिकारी अंशुल हिदल, तहसीलदार दीक्षा पांडेय , नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा, व राजू यादव थाना प्रभारी लालगंज अभय कुमार सिंह आदि संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### खुली बैठक को है तैयार गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के दुकानदार



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर में स्थित गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन की बहु मंजिला निर्माण एवं किराएदारी को लेकर चल रहे विवाद में तहसील प्रशासन द्वारा आरसी वापस लिए जाने के पश्चात 23 मार्च को सभी गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के दुकानदारों द्वारा एक प्रेस वार्ता की गई । उक्त दुकानदारों के नेता राजेश मोदी द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत अध्यक्ष एवं बोर्ड द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है कि एक खुली बैठक सभी गौतम बुद्ध व्यावसायिक भवन के व्यापारियों एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों तथा जनप्रतिनिधियों सहित देश के चौथे स्तंभ मीडिया के समक्ष चर्चा के लिए कहा गया है, जिसके लिए वह तैयार हैं। उन्होंने बताया कि सभी गौतम बुद्ध व्यवसायिक दुकानदारों की जो प्राथमिकता है वह उक्त निर्माण के मानचित्र को अध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराया जाए और ऊपर बन रहे दुकानों को अवर अभियंता के द्वारा अनुमानित लागत मूल्य के अनुसार लागत लेकर नीचे के दुकानदारों को ऊपर के दुकानों को दे दिया जाये और जो दुकानदार दुकान नहीं ले सकते हैं उनके दुकानों को नगर पंचायत आनन्दनगर द्वारा नीलामी कर दूसरो को आवंटित किया जाए। एक प्रश्न के जवाब में नेताओं ने बताया कि जनवरी-फरवरी 2025 में समझौता के तहत ?1300 मासिक किराया नगर पंचायत वसूल चुकी है उक्त किराए को आगे भी भविष्य में सभी दुकानदारों से वसूला जाए जिसके लिए सभी दुकानदार सहमत हैं। नेताओं ने कहा कि ज्यों ही खुली बैठक की सूचना मिलती है सभी दुकानदार बैठक में सहभागिता निभाएंगे अब आगे का निर्णय नगर पंचायत आनंदनगर की अध्यक्षा को लेना है कि वह कब बैठक बुलाती है। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मनोज शर्मा सहित बहुतायत दुकानदार उपस्थित रहे।

# स्कंदमाता के दर्शन से भक्त हुए निहाल जयकारों से गूंजा गड़बड़ा धाम



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के अंतर्गत स्थित प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में वासंतिक नवरात्रि की पंचमी व लक्ष्मी पंचमी होने के कारण सोमवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। धाम की मान्यता है कि माता शीतला के दर्शन मात्र से ही भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। यही कारण है कि रास्ते की कठिनाइयों के बावजूद श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं।भोर में मंगल आरती के बाद जैसे ही गर्भगृह के कपाट खुले, पूरा मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने मां शीतला के स्कंदमाता स्वरूप का दर्शन कर खुद को धन्य महसूस किया।नवरात्रि के पांचवें दिन श्रद्धालु सुबह चार बजे से ही मंदिर के समीप स्थित शेवटी नदी में स्नान कर पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे। भक्त माला-फूल, पूड़ी-लपसी, नारियल, चुनरी, फल, मिष्ठान और जल लेकर कतारबद्ध होकर मां के चरणों में मत्था टेकते नजर आए।भारी भीड़ के बावजूद प्रशासनिक व्यवस्थाएं अपर्याप्त रहीं। वहीं व्रती महिलाएं दुर्गा सप्तशती का पाठ करती दिखाई दीं।

# पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के छात्र-छात्रा शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम पर हुए रवाना

**ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना**



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

क्षेत्र के हथेड़ा गांव स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय के कुल 35 छात्र छात्राओ को शैक्षिक भ्रमण पर सोमवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि काशी प्रसाद मिश्रा व प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद मिश्रा ने शैक्षणिक भ्रमण बस को हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया है । ताकि वे शैक्षणिक भ्रमण पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें और अपने पाठ्यक्रम से जुड़ी जानकारियों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। इन भ्रमणों के दौरान, वे विभिन्न ऐतिहासिक सांस्कृतिक और औद्योगिक स्थलों का दौरा किया हैं, जैसे कि प्रयागराज संगम, आनंद भवन कृषि विज्ञान केंद्र, दीनदयाल शोध संस्थान आदि भ्रमणों का उद्देश्य छात्रों में आत्मविश्वास, सामाजिक व्यवहार, नेतृत्व क्षमता और भावनात्मक परिपक्वता को सुदृढ़ बनाना है। वे आधुनिक शिक्षण व्यवस्था और नवाचार गतिविधियों से परिचित होते हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा और समझ का विस्तार होता है इस दौरान विद्यालय के अध्यापक आशीष कुमार मिश्रा, शिक्षा मित्र निर्मला, अनुदेशक रंजना, अजीत कुमार यादव मंजीत त्रिपाठी, एसएमसी अध्यक्ष दिनेश पाल आदि मौजूद रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में घायल चालक हुये ट्रामा सेंटर रेफर



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उमरिया के पिपरा बाजार में सोमवार की दोपहर दो बाइको की टक्कर होने से दोनों बाइको के चालक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने हादसे में दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये। जंहा पर चिकित्सक द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है । दोनों घायलों के परिजनों द्वारा दोनों को ट्रामा सेंटर उपचार के लिए लेकर चले गए है । थाना क्षेत्र के फुलियारी गांव निवासी 25 वर्षीय लवकुश अपनी बाइक से पिपरा बाजार आया था की वापस लौट रहा था की उमरिया पिपरा बाजार में गजरिया गांव निवासी 50 वर्षीय कमला शंकर की बाइक से टक्कर होने से दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस सेवा 108 पर दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस वाहन के चालक दिलीप यादव व ईएमटी अतर यादव ने दोनों घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस सेवा वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये । जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे व आलोक यादव ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद लवकुश के सिर में गंभीर चोट व कमला शंकर के सिर व जाँघ में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है।

मौके पर पहुँचे दोनों घायलों के परिजनों द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए लेकर चले गए है । हादसे में दोनों बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**मिर्जापुर।** अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में रोल प्रेक्षक/मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश द्वारा उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में जनपद मिर्जापुर के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक कर पर समीक्षा की गयी। जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्राप्त समस्त फार्म-6, 7 एवं 8 का दिनांक 27 मार्च, 2026 से पहले निस्तारण कर लिया जाये, ताकि उनका नाम अन्तिम मतदाता सूची में आ सके।

### एआरटीओ ने बस मैजिक मैक्स व हाईवा को किया सीज



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग मझियार गांव से सोमवार की दोपहर आरटीओ ने सड़क पर दौड़ रही सवारी बस, मैक्स व माल वाहक वाहन हाईवा व मैजिक को पकडकर कार्रवाई करते हुए पकड़े गए वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए पुलिस की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया है एआरटीओ विजय प्रकाश सिंह ने ओवर लोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए हलिया लालगंज मार्ग मझियार गांव से सवारियों को लेकर प्रयागराज जा रही डग्गामार बस व मैक्स वाहन व माल वाहक हाईवा व मैजिक वाहन को पकड़कर कार्रवाई करते हुए पकड़े गए वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया है एआरटीओ के इस अभियान से डग्गामार वाहनों के मालिकों व चालकों में हड़कंप मच गया है । इस संबंध में एआरटीओ विजय प्रकाश सिंह ने बताया की अभियान चलाकर डग्गामार वाहन बस व मैक्स व माल वाहक हाईवा व मैजिक को पकड़कर कार्रवाई करते हुए वाहनों को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए पुलिस की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है।

# भाजपा कार्यालय थप्पड़ कांड में अब महिला ने दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** कस्बे के भाजपा कार्यालय पर बीते बुधवार को हुए चर्चित थप्पड़ कांड में नया मोड़ आ गया है। मामले में पहले से आरोपी बनाई गई महिला निर्मला वर्मा ने रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र देकर मनोनीत सभासद के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि रुपयों के लेनदेन के विवाद व बदसलूकी के कारण यह पूरी घटना हुई। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।बीते बुधवार को भाजपा कार्यालय में मनोनीत सभासदों का स्वागत समारोह चल रहा था। इसी दौरान भाजपा नेता की मां निर्मला वर्मा व मनोनीत सभासद के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें महिला सभासद का कॉलर पकड़कर घसीटती व थप्पड़ मारती नजर आ रही थीं। इस वीडियो ने राजनीतिक गलियारों में भूचाल ला दिया था और विपक्षी दलों के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने भी इस पर तंज कसे थे।चिटफंड में पैसा लगाने व धमकी का आरोपनिर्मला वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि मनोनीत सभासद ने एलआईसी में जमा करने के नाम पर उनसे 6 लाख रुपये लिए थे, लेकिन उसे किसी कथित चिटफंड कंपनी में लगा दिया।

महिला के अनुसार पोते की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें पैसों की सख्त जरूरत थी।

# चकबंदी में धांधली का आरोप, ग्रामीणों ने तहसील पर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



निचलौल तहसील के गांव बैठवलिया में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में चकबंदी विभाग पर धांधली का आरोप लगाकर ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जाहिद अली के नेतृत्व में सोमवार को तहसील पर प्रदर्शन कर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने इस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई करने की मांग की। आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि बैठवलिया गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। आरोप है कि चकबंदी प्रक्रिया में विभाग के कुछ जिम्मेदार मनमानी करते हुए जमकर धांधली कर रहे है। इस मामले में प्रशासन को कई बार शिकायती पत्र दी जा चुकी है। इसके बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। चकबंदी के जिम्मेदार सेक्टर 25 में बिना पैमाइश किए ही रकबे से अधिक जमीन को भी कुछ लोगों में दे दिया गया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से करने पर एसडीएम की ओर से जांच की गई थी। इसमें पाया गया कि 37 एकड़ भूमि गड़बड़ है। मामले में जांच के बाद सहायक चकबंदी अधिकारी को निलंबित किया जा चुका हैं। लेकिन मुख्य रूप से दोषी लेखपाल और कानूनगो के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों की मांग हैं कि किसानों का 19.83 एकड़ भूमि उन्हें देने के साथ ही बचत की भूमि को सरकार के खाते में दे दी जाय। इन लोगों ने मांग पूरा नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

# श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण के जुलूस से भक्तिमय हुआ फरेंदा

**श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा श्रवण करने से मानव विपत्तियों से मुक्त हो जाता है : संतोष**



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के अन्तर्गत स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में सेवा निवृत्त लेखाकार गोले तिवारी द्वारा बीते शुक्रवार को श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ।कलश यात्रा नगर के विभिन्न हिस्सों में स्थित मंदिरों पर पहुंच कर विद्वानों द्वारा पूजन अर्चन कराया गया। उसके पश्चात पुनः श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का जुलूस मां भगवती दुर्गा के दरबार में पहुंच कर कथा व्यास संतोष जी शुक्ल द्वारा षोडशोपचार विधि से विभिन्न देवी देवताओं सहित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का पूजन कराया गया। अपने उद्बोधन में कथा व्यास संतोष जी ने कहा कि जब जन्म जन्मांतर का पुण्य उदय होता है तब श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने चौथे दिन भक्तों को मां भगवती का रसास्वादन कराते हुए कहा कि देवी भागवत महापुराण कथा का श्रवण करने से मानव विपत्तियों से मुक्त हो जाता है। नगर पंचायत आनन्दनगर में स्थित मां भगवती दुर्गा के दरबार में पवन पुत्र हनुमान की की चौकीदारी में आयोजित श्रीमद् भागवत देवी महापुराण आज बीते शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ वैदिक विद्वानों द्वारा नगर का भ्रमण करवाते हुए यह साबित कर दिया कि कलियुग में धर्म का संचार हर जीवों में होता है जो आज देवी भागवत महापुराण कथा के जुलूस में देखने को मिल रहा है। यह भी कहा कि सेवा निवृत्त लेखाकार गोले तिवारी द्वारा आयोजित देवी भागवत महापुराण कथा की निकला जुलूस जो धर्म के प्रति लोगों को जागरूक कर रहा है। इसके बाद मंडप प्रवेश की पूजा कर यजमानों को यज्ञशाला में प्रवेश कराया गया। सुबह दस बजे के लगभग वैदिक मंत्रोच्चारण की ध्वनि से समूचा नगर पंचायत भक्तिमय हो गया है। कथा व्यास संतोष जी ने गणपति पूजन के पश्चात पुस्तक का पूजन करते हुए मंडप प्रवेश की पूजा कराई। इस दौरान यज्ञ यजमान समेत बड़ी संख्या में इष्ट मित्र बन्धु -बान्धव मौजूद रहे। भव्य कथा में पीले वस्त्र पहने यजमानों के बीच विद्वानों ने जब मंत्रोच्चारण शुरू किया तो हर कोई मंत्रध्वनी की दिव्यता से प्रभावित होकर खींचा चला आया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल अनिल सिंह, अमृत पाण्डेय, झिन्ने सिंह राजेश तिवारी, जुगुन तिवारी सेवा निवृत्त स्टेनो रामकृष्ण शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, मुकेश दूबे, सर्वादानंद मिश्र, रविन्द्र शुक्ल, प्रेम गुप्ता, मोनू पाण्डेय, गौतम पटवा, कुसुम मिश्रा, वैभव सिंह, पल्टन तिवारी, भदई प्रसाद,राज त्रिपाठी आशीष, सुरजीत गौड व सभासद विकास चौरसिया, सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग पूरी तन्मयता से शामिल हो जुलूस की भव्यता बढ़ायी उसी दिव्यता व रोचकता से दिनों दिन भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है।